सत्यमेव जयते

भारत सरकार

परिणाम बजट
2010-2011

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

विषय-सूची

कार्यकारी सारांश

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड 1
बाल फिल्म समिति, भारत 2
क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय 2
विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय 3
फिल्म समारोह निदेशालय 3
फिल्म प्रभाग 4
भारत और विदेशों में आयोजित फिल्म बाजारों में भागीदारी 4
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे 5
सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 5
भारतीय जनसंचार संस्थान 5
भारतीय राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय 6
राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड 6
पत्र सूचना कार्यालय 7
भारतीय प्रेस परिषद 8
फोटो प्रभाग 10
प्रकाशन विभाग 10
एम्प्लाइमेंट न्यूज/रोजगार समाचार 11
भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक 11
गवेषणा, संदर्भ एवं प्रशिक्षण प्रभाग 11
गीत एवं नाटक प्रभाग 12
एफ.एम. रेडियो (निजी) 12
इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मानीटरिंग केंद्र 13
अन्तर्राष्ट्रीय चैनल 13
सामुदायिक रेडियो के लिए आई ई सी गतिविधियां 13
सूचना भवन का निर्माण 14
विकास संबंधी पहलों का आर्थिक विश्लेषण (नई योजना) 14
मानव संसाधन विकास के लिये प्रशिक्षण 14
प्रसार भारती 15

अध्याय - I

अधिदेश, लक्ष्य, उद्देश्य, नीतिगत ढांचा तथा नीति वक्तव्य

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड 19
बाल फिल्म समिति, भारत 20
क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय 21
विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय 22
फिल्म समारोह निदेशालय 22
फिल्म प्रभाग 23
भारत और विदेशों में आयोजित फिल्म बाजारों में भागीदारी 23
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे 24
सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 26
भारतीय जनसंचार संस्थान 30
भारत का राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय 32
राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड 32
पत्र सूचना कार्यालय 33
भारतीय प्रेस परिषद 35
फोटो प्रभाग 36
प्रकाशन विभाग 36
एम्प्लाइमेंट न्यूज/रोजगार समाचार 43
भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक 44
गवेषणा, संदर्भ एवं प्रशिक्षण प्रभाग 44
गीत एवं नाटक प्रभाग 46
एफ.एम. रेडियो (निजी) 47
इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मानीटरिंग केंद्र 47
अन्तर्राष्ट्रीय चैनल 47
सामुदायिक रेडियो के लिए आई ई सी गतिविधियां 47
सूचना भवन का निर्माण 48
विकास संबंधी पहलों का आर्थिक विश्लेषण (नई योजना) 48
मानव संसाधन विकास के लिये प्रशिक्षण 48
प्रसार भारती 49

अध्याय - II

वित्तीय परिव्यय, अनुमानित वास्तविक परिणाम एवं अनुमानित परिणाम

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड 55
बाल फिल्म समिति, भारत 57
क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय 58
विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय 62
फिल्म समारोह निदेशालय 63
फिल्म प्रभाग 66
भारत और विदेशों में आयोजित फिल्म बाजारों में भागीदारी 68
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे 70
सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 76
भारतीय जनसंचार संस्थान 82
भारत का राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय 84
राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड 85
पत्र सूचना कार्यालय 86
भारतीय प्रेस परिषद 90
फोटो प्रभाग 91
प्रकाशन विभाग 95
एम्प्लाइमेंट न्यूज/रोजगार समाचार 97
भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक 100
गवेषणा, संदर्भ एवं प्रशिक्षण प्रभाग 102
गीत एवं नाटक प्रभाग 107
एफ.एम. रेडियो (निजी) 111
इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मानीटरिंग केंद्र 112
अन्तर्राष्ट्रीय चैनल 113
सामुदायिक रेडियो के लिए आई ई सी गतिविधियां 114
सूचना भवन का निर्माण 115
विकास संबंधी पहलों का आर्थिक विश्लेषण (नई योजना) 116
मानव संसाधन विकास के लिये प्रशिक्षण 117
प्रसार भारती 118

अध्याय - III

सुधार उपाय और नीतिगत पहल

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड 142

बाल फिल्म समिति, भारत 142
क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय 142
विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय 143
फिल्म समारोह निदेशालय 143
फिल्म प्रभाग 143
भारत और विदेशों में आयोजित फिल्म बाजारों में भागीदारी 144
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे 144
सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 145
भारतीय जनसंचार संस्थान 145
भारत का राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय 145
राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड 146
पत्र सूचना कार्यालय 146
भारतीय प्रेस परिषद 147
फोटो प्रभाग 148
प्रकाशन विभाग 148
एम्प्लाइमेंट न्यूज/रोजगार समाचार 149
भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक 149
गवेषणा, संदर्भ एवं प्रशिक्षण प्रभाग 150
गीत एवं नाटक प्रभाग 150
एफ. एम. रेडियो (निजी) 151
इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मानीटरिंग केंद्र 151
अन्तर्राष्ट्रीय चैनल 151
सामुदायिक रेडियो के लिए आई ई सी गतिविधियां 152
सूचना भवन का निर्माण 152
विकास संबंधी पहलों का आर्थिक विश्लेषण (नई योजना) 153
मानव संसाधन विकास के लिये प्रशिक्षण 153
प्रसार भारती 153

अध्याय - IV

पिछले कार्यप्रदर्शन की समीक्षा

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड 156
बाल फिल्म समिति, भारत 159
क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय 160
विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय 161

फिल्म समारोह निदेशालय 165
फिल्म प्रभाग 167
भारत और विदेशों में आयोजित फिल्म बाजारों में भागीदारी 169
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे 170
सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 171
भारतीय जनसंचार संस्थान 172
भारत का राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय 175
राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड 176
पत्र सूचना कार्यालय 177
भारतीय प्रेस परिषद 180
फोटो प्रभाग 183
प्रकाशन विभाग 184
एम्प्लाइमेंट न्यूज/रोजगार समाचार 189
भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक 190
गवेषणा, संदर्भ एवं प्रशिक्षण प्रभाग 194
गीत एवं नाटक प्रभाग 198
एफ. एम. रेडियो (निजी) 201
इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मानीटरिंग केंद्र 203
अंतर्राष्ट्रीय चैनल 204
सामुदायिक रेडियो के लिए आई ई सी गतिविधियां 205
सूचना भवन का निर्माण 206
विकास संबंधी पहलों का आर्थिक विश्लेषण (नई योजना) 207
मानव संसाधन विकास के लिए प्रशिक्षण 208
प्रसार भारती 209

अध्याय - V - वित्तीय समीक्षा 248

अध्याय - VI - स्वायत्तशासी निकायों की समीक्षा और कार्य-निष्पादन

बाल फिल्म समिति, भारत 267
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे 268
सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 269
भारतीय जन संचार संस्थान 271
भारतीय प्रेस परिषद 272
प्रसार भारती 273

कार्यकारी सारांश

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय अपने जनसंचार माध्यमों जैसे रेडियो, टेलीविजन, फिल्मों, प्रकाशन संस्थानों, विज्ञापनों और नृत्य एवं नाटक जैसे परंपरागत माध्यमों के ज़रिये लोगों तक सूचना पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। मंत्रालय राष्ट्रीय एकता, पर्यावरण सुरक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, निरक्षरता उन्मूलन, महिलाओं बच्चों और समाज के कमजोर वर्गों से संबंधित मामलों के प्रति ध्यान दिलाने के लिये विभिन्न आयु वर्ग के लोगों की बौद्धिक जरूरतों और मनोरंजन करने का कार्य करता है। मंत्रालय को तीन घटकों में बांटा गया है – सूचना स्कंध, प्रसारण स्कंध और फिल्म स्कंध।

मंत्रालय के कार्य विभाजन नियम के अनुसार इस प्रकार है:

– देश में विभिन्न जन माध्यमों के स्वस्थ विकास के लिये नीतिगत ढांचा तैयार करने और उसके लिये समुचित वातावरण तैयार करना।

– जन माध्यमों के जरिये सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों के बारे में लोगों को जानकारी देना।

– सरकार की विभिन्न विकासात्मक गतिविधियां और कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल करना।

– सूचना और प्रसार के क्षेत्र में राज्य सरकारों और उसके संगठनों के बीच सामंजस्य स्थापित करना।

– सरकार और मीडिया के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करना और केन्द्र सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों से संबंधित प्रमाणिक आंकड़े और अधिकारिक सूचनाएं पहुंचाना।

मंत्रालय मीडिया इकाइयों द्वारा दिये जा रहे समाचारों और विचारों के प्रभावी प्रचार के लिये नीतिगत दिशा-निर्देश तैयार करने के लिये जिम्मेदार है। हालांकि मीडिया इकाइयों को स्वायत्त रूप से कार्य करने की स्वतंत्रता है। मंत्रालय इन इकाइयों के बीच समन्वय, सहायता, निगरानी और नियंत्रण रखता है ताकि इन इकाइयों का काम सुचारू रूप से चलता रहे। विभिन्न मीडिया इकाइयां लोगों की आवश्यकता लक्ष्य को ध्यान में रखकर कई तरह के कार्यक्रम तैयार करती हैं।

मंत्रालय अपने अधीन 14 कार्यालयों और छह स्वायत्त संगठनों और दो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की सहायता से कार्य करता है।

मंत्रालय के अधीन कार्यालयों, स्वायत्त संस्थानों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की स्थिति और विभिन्न योजनाएं एवं कार्यक्रम इस प्रकार हैं:

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड विभिन्न क्षेत्रीय केंद्रों के जरिए फिल्मों को सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए प्रमाणित करता है। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को ध्यान में रखते हुए इस कार्यालय ने सभी संबद्ध आंकड़े वेबसाइट www.cbfcindia.gov.in के जरिए इंटरनेट पर उपलब्ध कराए हैं। इनमें बजट आबंटन, सीबीएफसी के प्रत्येक कर्मचारी द्वारा आहरित मूल वेतन सहित कुल आहरित वेतन संबंधी आंकड़े भी शामिल हैं। राजभाषा अधिनियम, 1963 के मद्देनजर इसे द्विभाषी बनाया गया है। इसके अतिरिक्त मंत्रालय के अनुदेश के अनुसार 50,000 रुपये से अधिक मूल्य की सभी खरीद की जानकारी इंटरनेट पर उपलब्ध कराने का निर्णय किया गया है। भौतिक और वित्तीय प्रगति पर निरंतर निगरानी रखी जाती है। ऐसा करते समय क्षेत्रीय प्रमुखों से भी सलाह-मशवरा किया जाता है। उन्हें धन आबंटित करने से पहले भी उनका परामर्श लिया जाता है।

बाल फिल्म समिति, भारत

बाल फिल्म समिति, भारत की स्थापना 1860 के सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत मई, 1955 में हुई थी। यह भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में स्वायत्तशासी निकाय के तौर पर कार्य करती है और इसे अपनी योजना और गैर योजना गतिविधियों के लिए सरकार से अनुदान प्राप्त होता है। बाल फिल्म समिति, भारत (सीएफएसआई) बच्चों को मूल्यपरक मनोरंजन प्रदान करने के साथ ही फिल्मों के माध्यम से उनकी मनोवैज्ञानिक और शैक्षिक आवश्यकताओं को भी पूरा करती है।

इसका अध्यक्ष, सिनेमा के क्षेत्र की किसी प्रतिष्ठित हस्ती को बनाया जाता है। अध्यक्ष कार्यकारी परिषद तथा आम सभा का भी प्रमुख होता है जिसके सदस्य भारत सरकार द्वारा मनोनीत किए जाते हैं। सभी विभागों के प्रमुख कार्यकारी अधिकारी के तहत कार्य करते हैं। कार्यकारी अधिकारी प्रशासन, निर्माण, विपणन और लेखा विभाग की दैनिक गतिविधियों का संचालन करता है। समिति का मुख्यालय मुंबई में तथा शाखा कार्यालय नई दिल्ली और चेन्नई में हैं।

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय का मुख्य उद्देश्य सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों के बारे में आमलोगों को जानकारी देना और लक्षित समूहों में विशेषकर दूर दराज के लोगों में स्वास्थ्य, राष्ट्रीय एकता और अन्य सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता पैदा करना है।

सूचना को और तीव्र गति से तथा प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय मल्टीमीडिया प्रोजेक्टरों, डीवीडी प्लेयरों और वायरलेस पब्लिक ऐड्रेस प्रणालियों आदि के माध्यमों, फिल्म प्रदर्शनों तथा अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों आदि का उपयोग करता है। प्रचार के लिए यह विभिन्न भाषाओं में अनेक विषयों पर अलग-अलग माध्यमों-फिल्म प्रभाग, एनएफडीसी, सीएफडी, आदि के माध्यम से फिल्मों और कैसेटों की खरीद भी करता है। क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय देश भर की सभी 207 क्षेत्रीय प्रचार इकाईयों के लिए उपकरणों, नवीनतम कम्प्यूटरों के साथ-साथ अन्य सहायक उपकरणों का भी खरीद करता है और उन्हें इंटरनेट की सुविधा भी उपलब्ध कराता है जिससे वे एक-दूसरे के साथ अच्छी तरह से संपर्क कायम रखें और जब भी आवश्यकता पड़े, तत्काल सूचना उपलब्ध करा सकें। क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय के काम-काज की निगरानी नियमित रूप से की जाती है। सरकार के कार्यक्रमों और नीतियों के बारे में लोगों के विचार जानने के लिए देश भर से प्रतिक्रियाएं प्राप्त की जाती हैं। व्यय की स्थिति की जानकारी हासिल करने के लिए क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय से समय-समय पर व्यय विवरणों और तिमाही कार्य निष्पादन रिपोर्टें भी मंगाई जाती हैं। किसी महीने के कार्यक्रम के विभिन्न स्वरूपों का इस्तेमाल करके चलाए गए कार्यक्रमों की संख्या के बारे में क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय से भी इसी प्रकार की रिपोर्टें मंगाई जाती हैं और किसी अवधि के लिए निर्धारित लक्ष्यों के सम्बन्ध में उनकी जांच परख भी की जाती है।

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय की वेबसाइट को समय-समय पर अद्यतन किया जाता है और ऐसी सभी तर्कसंगत सूचनाओं को साइट में सम्मिलित कर लिया जाता है ताकि आमलोग आसानी से उन तक पहुंच सकें।

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय

विज्ञापन और प्रचार निदेशालय भारत सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और उपलब्धियों को प्रचारित करने वाली नोडल मल्टी मीडिया एजेंसी है। यह प्रेस विज्ञापनों, टीवी स्पॉट तथा केबल और सेटेलाइट नेटवर्क चैनलों, रेडियो/टेलीविजन पर प्रायोजित कार्यक्रमों, स्पॉट/जिंगल्स, डिजीटल सिनेमा, प्रदर्शनियों, मुद्रित प्रचार सामग्रियों और बाहरी प्रचार माध्यमों की सहायता से केन्द्रीय सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए प्रचार अभियान चलाती है। केन्द्र सरकार प्रचार कार्यक्रमों को मजबूत बनाने और अपनी सेवाओं को प्रभावी रूप से चलाने के लिए दो नियोजित योजनाएं, 1. विकास प्रचार कार्यक्रम : अवधारणा एवं प्रसार (जारी योजना) और 2. डीएवीपी का आधुनिकीकरण (नई योजना) को 11वीं योजना के तहत मंजूरी प्रदान की गई है। सरकार में प्रचार और विज्ञापनों के विभिन्न पहलुओं को सुव्यवस्थित करने और इस काम में और अधिक पारदर्शिता लाने के लिए सरकार ने मुद्रित माध्यम के लिए नई विज्ञापन नीति लागू की है। इसी प्रकार की नीति आडियो-विजुअल माध्यम में इलेक्ट्रानिक मीडिया के जरिए विज्ञापन/प्रचार करने के लिए बनाई गई है। डीएवीपी की वार्षिक योजना के तहत निर्देशित लक्ष्यों का ध्यान रखते हुए साथ ही साथ योजनाबद्ध कार्यक्रमों पर वित्तीय और वास्तविक उपलब्धियों की समीक्षा के जरिए निरंतर मानीटरिंग की जाती है।

फिल्म समारोह निदेशालय

फिल्म समारोह निदेशालय (डीएफएफ) के माध्यम से तीन योजना स्कीमें कार्यान्वित की जा रही हैं :

(1) भारत और विदेशों में आयोजित फिल्म समारोहों के माध्यम से निर्यात संवर्धन

(2) सीरीफोर्ट सांस्कृतिक परिसर में संयोजन और बदलाव

(3) प्रिंट यूनिट का उन्नयन

स्कीमों के लक्ष्य और उद्देश्य इस प्रकार हैं :

- देश के अंदर अच्छे भारतीय सिनेमा को बढ़ावा देना तथा उत्कृष्ट भारतीय फिल्मों को विदेशों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिखाना।
- समारोहों में उत्कृष्ट अंतर्राष्ट्रीय निर्देशकों की फिल्मों का प्रदर्शन।

फिल्म समारोह निदेशालय की स्थापना देश में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय फिल्म समारोह आयोजित करने के लिए की गई थी। डीएफएफ विदेशी समारोहों में भारत की भागीदारी में मदद करता है। भारत में विदेशी फिल्मों तथा विदेश में भारतीय फिल्मों के कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित करता है।

सांस्कृतिक आदान-प्रदान के साधन के रूप में, डीएफएफ अंतर्राष्ट्रीय मित्रता को बढ़ावा देता है, विश्व सिनेमा में नए आयामों तक पहुंच मुहैया कराता है, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा करता है और इस प्रक्रिया में, भारतीय फिल्मों का स्तर सुधारने में मदद करता है।

डीएफएफ निम्नलिखित प्रमुख आयोजन करता है :

(1) भारत का अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह

(2) भारतीय पैनोरमा का चयन

(3) राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

(4) विदेशी फिल्म समारोहों में भागीदारी

(5) सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम

फिल्म प्रभाग

फिल्म प्रभाग की स्थापना वृत्तचित्र, एनीमेशन, छोटी एवं कार्टून फिल्में बनाने के लिये की गई थीं जिन्हें जन सूचना, शिक्षा, प्रोत्साहन और सांस्कृतिक उद्देश्य के लिए सरकार द्वारा उपयोग किया जाता है। फिल्म प्रभाग सिनेमा प्रायोजकों को सांविधिक तौर पर सिनेमेटोग्राफी अधिनियम, 1952 और अनेक राज्य नियमों के अंतर्गत 'पारित फिल्मों' के प्रदर्शन में सहायता देता है। फिल्म प्रभाग भारत में वृत्तचित्र निर्माण को भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में हिस्सा लेने वाले स्वतंत्र निर्माताओं के जरिये प्रोत्साहन देता है, साथ ही यह वृत्तचित्रों, छोटी एवं एनीमेशन फिल्मों का मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एमआईएफएफ) भी आयोजित करता है। फिल्म प्रभाग के अभिलेखागार में 8000 से अधिक फिल्में हैं जो सिनेमा प्रेमियों और सभी के लिए संदर्भ सामग्री के तौर पर उपलब्ध हैं। प्रभाग ने अपनी इन दुर्लभ फिल्मों को बड़े पर्दे से वीडियो में बदलने की शुरुआत कर दी है।

अपने मुंबई स्थित मुख्यालय और बंगलुरु, कोलकाता और नई दिल्ली स्थिति क्षेत्रीय निर्माण केंद्रों में फिल्म प्रभाग के पास प्रोडक्शन पूर्व एवं बाद की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, देश भर में फैली इसकी 10 शाखाएं फिल्म-प्रेमियों की जरूरतों को पूर्ण करने के साथ-साथ 12,000 सिनेमा घरों को सिनेमेटोग्राफी अधिनियम-1952 के अंतर्गत 'पारित' फिल्में सप्लाई करती हैं। फिल्म प्रभाग का मुखिया प्रमुख महानिदेशक होता है।

भारत और विदेशों में आयोजित फिल्म बाजारों में भागीदारी

इस मंत्रालय की दो मुख्य सचिवालय योजनाएं हैं अर्थात (I) विदेशी समारोहों/बाजारों में भागीदारी तथा (ii) एनीमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना तथा वीएफएक्स। 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान योजना आयोग द्वारा दोनों योजनाओं के लिए क्रमशः 11.0 करोड़ तथा 52.00 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। दोनों योजनाएं मुख्य सचिवालय द्वारा लागू की जानी हैं।

2009-10 के दौरान योजना स्कीम 'भारत तथा विदेश में फिल्म समारोहों/बाजारों में भागीदारी' के लिए 2.20 करोड़ रुपये निर्दिष्ट किए गए हैं। इस योजना का उद्देश्य फिल्म निर्माताओं को विदेश में बतौर निवेश विपणन करने और शूटिंग स्थल के रूप में एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराना है। साथ ही मंत्रालय का केंस फिल्म समारोह 2009, एन्नेसी फिल्म समारोह 2009, यूरोपीय फिल्म बाजार 2010; बर्लिन तथा फिल्म बाजार में भागीदारी का प्रस्ताव है। यह गोवा के भारत के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह 2009 (आईएफएफआई) के अतिरिक्त है।

एनीमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की योजना स्कीम के अंतर्गत वर्तमान वर्ष 2009-10 के लिए 1 करोड़ रुपये निर्दिष्ट किए गए हैं। एक मानव संसाधन अध्ययन के पश्चात स्कीम के सैद्धांतिक अनुमोदन के लिए इस मंत्रालय ने योजना आयोग से संपर्क साधा था। योजना आयोग ने मंत्रालय से एफआर तथा डीपीआर दाखिल करने को कहा था। विचारार्थ विषय को अंतिम रूप दिया जा चुका है और एफआर/डीपीआर तैयार करने के लिए मंत्रालय एक परामर्शक नियुक्त करने की प्रक्रिया में है।

भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे

अपने क्षेत्र का प्रमुख संस्थान होने के नाते भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान फिल्म निर्माण और टेलीविजन प्रशिक्षण में प्रशिक्षण प्रदान करने की जिम्मेदारी निभा रहा है। एफटीआईआई विभिन्न वर्गों में फिल्म एवं टेलीविजन प्रशिक्षण में तीन वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा भी आयोजित कर रहा है। यह वर्ग हैं- निर्देशन, सिनेमेटोग्राफी, ऑडियोग्राफी तथा संपादन, अभिनय, कला निर्देशन और निर्माण डिजाइन में दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, एमीमेशन और कंप्यूटर ग्राफिक्स में डेढ़ वर्षीय प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, निर्देशन, इलेक्ट्रॉनिक सिनेमेटोग्राफी वीडियो संपादन तथा ऑडियोग्राफी और टेलीवजिन इंजीनियरिंग के क्षेत्र में टेलीविजन का एक वर्षीय प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम और फीचर फिल्म पटकथा लेखन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम। कार्यरत पेशेवरों और संबंधित पसंद के लोगो के लिए एफटीआईआई विभिन्न लघु पाठ्यक्रम चलाता है।

अनुदान सहायता की किश्त जारी करने तथा शासी परिषद की बैठक के दौरान , स्थायी वित्त समिति इत्यादि के दौरान सस्थान के कार्य की निगरानी सरकार समय समय पर करती है। जिसमें इनके साथ सूचना और प्रसारम मंत्रालय के प्रतिनिधि भी प्रतिनिधित्व करते हैं।

सत्यजित रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता

सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एसआरएफटीआई) का मुख्य उद्देश्य फिल्म एवं टेलीविजन उद्योग के लिए प्रशिक्षित और सृजनशील पेशेवर प्रदान करना है।

संस्थान निर्देशन एवं पटकथा लेखन,चलचित्र फोटोग्राफी, एडीटिंग एवं साउंड रिकार्डिंग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करता है। मुख्य धारा के पाठ्यक्रमों के अलावा संस्थान स्व-वित्त पोषित आधार पर लघु अवधि पाठ्यक्रम संचालित/प्रस्तावित करता है। फिल्म एवं टेलीविजन की समाजिक, संस्कृति तथा प्रौद्योगिकी में अनुसंधान तथा खोजी अध्ययन एसआरएफटीआई में फोकस का एक और क्षेत्र है।

संस्थान के कार्य की निगरानी सरकार द्वारा समय-समय पर की जाती है। अनुदान सहायता जारी करने और शासी परिषद, स्थाई वित्त समिति इत्यादि की बैठकों के दौरान सूचना और प्रसारण मंत्रालय प्रतिनिधि भी शामिल होते हैं। संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट तथा लेखा का ऑडिट किया हुआ विवरण से इसका निष्पादन संतोषजनक पाया गया है।

भारतीय जनसंचार संस्थान

भारत सरकार ने वर्ष 1965 में भारतीय जन संचार की स्थापना की थी। यह संस्थान 18.8.1966 को सोसायटीज रजिस्ट्रेशन अधिनियम (XXI), 1860 के अंतर्गत एक सोसायटी के रूप में दर्ज किया गया था।

भारतीय जन संचार संस्थान के मुख्य लक्ष्य हैं देश के सामाजिक - आर्थिक विकास की आवश्यकताओं के विशेष संदर्भ में जन संचार के मीडिया के प्रयोग एवं विकास में शिक्षण, प्रशिक्षण और शोध का आयोजन करना।

भारत सरकार सूचना व प्रसारण मंत्रालय के माध्यम से कुल वार्षिक मदद अनुदान के रूप में इस संस्थान को वित्त प्रदान करता है।

भारतीय जन संचार संस्थान के पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स आम लोगों के लिए खुले हैं और लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के माध्यम से उम्मीदवारों का चयन किया जाता है। यह संस्थान विदेश मंत्रालय के सहयोग से विकासशील देशों के कार्यरत पत्रकारों और सूचना अधिकारियों के लिए प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के दौरान विकास पत्रकारिता में दो कोर्सों का आयोजन करता है।

यह संस्थान भारतीय सूचना सेवा (आई आई एस) के ग्रुप 'ए''और ग्रुप 'बी' के परिक्षार्थियों के लिए बुनियादी पाठ्यक्रमों का भी आयोजन करता है। भारत सरकार के विभिन्न विभागों/संगठनों के अधिकारियों के लिए और आम लोगों के लिए भी कई अन्य अल्पकालीन पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। सरकार ने ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आई आई एम सी को अन्तर्राष्ट्रीय मीडिया विश्व विद्यालय में बदलने के लिए सिद्धांतत: मंजूरी दे दी है।

भारतीय जनसंचार संस्थान की वेबसाइट (www.iimc.gov.in) आम लोगों के लिए उपलब्ध है और वे इस वेबसाइट के माध्यम से आई आई एम सी की सारी गतिविधियों की सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

भारत का राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय

11वीं योजना (2007-2012) के दौरान भारत के राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय के पास 30 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ निम्नलिखित अनुमोदित योजना स्कीमें हैं :-

'अभिलेख फिल्मों की प्राप्ति और प्रदर्शन'

एनएफएआई की योजना स्कीमों की प्रगति की निगरानी मासिक/त्रैमासिक/अर्द्धवार्षिक वास्तविक और वित्तीय प्रगति विवरणों के माध्यम से की जाती है जो नियमित रूप से मंत्रालय को भेजे जाते हैं। विभिन्न स्कीमों/कार्यक्रमों के तहत एनएफएआई द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों में हुई प्रगति की सूचना एनएफएआई की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड

राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम इस मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है जो निम्नलिखित गतिविधियों में संलग्न है।

1. निर्देशक की पहली फीचर फिल्म के निर्माण की शत-प्रतिशत जिम्मेदारी उठाकर नयी प्रतिभा को बढ़ावा देना,
2. नयी फिल्म पटकथा के विकास में सहायता प्रदान करना
3. भारतीय और विदेशी फिल्म निर्माताओं के साथ व्यावसायिक तौर पर बेहतरीन गुणवत्ता वाली फिल्मों का सहनिर्माण करना,
4. भारतीय सिनेमा कलाकार कल्याण निधि (सीएडब्ल्यूएफआई) के जरिये जरूरतमंद सिनेमा कलाकारों के लिये कल्याणकारी उपाय करना तथा उनकी सामाजिक सुरक्षा के लिये मदद करना।

निगम को क्षेत्रीय फिल्म निर्माण में सक्षम बनाने के उद्देश्य से ग्यारहवीं योजना अवधि के दौरान विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में क्षेत्रीय फिल्मों के निर्माण के लिये 30 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। इसके लिये राज्य सरकार से राज्य विकास निधियों की जरूरत होगी ताकि उन्हें जो मदद चाहिये वह दी जा सके। वर्ष 2008-09 के दौरान ''विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में फिल्म निर्माण'' की योजना के तहत 6.50 करोड़ रुपये का परिव्यय आबंटन था जिससे एनएफडीसी ने 7 फिल्में निर्मित की हैं। इनमें से 5 बन चुकी हैं 2 निर्माणोत्तर स्थिति में हैं। वर्ष 2009-2010 के लिये 7.84 करोड़ रुपये का संशोधित अनुमान आबंटित किया गया है। 6.50 करोड़ रुपये निगम को जारी कर दिए गए हैं। योजना स्कीम " विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में फिल्म निर्माण" के अंतर्गत एनएफडीसी का लक्ष्य 2009-10 में पांच फिल्में बनाने का है। चूंकि ये फिल्में जिस लागत में बनती हैं उस हिसाब से उनका उतना बाजार मूल्य नहीं होता है और इसलिये ऐसी फिल्मों पर निवेश के एक हिस्से की पूर्ति निगम के सहयोग से होती है इसलिये ऐसी क्षेत्रीय फिल्मों का विकास पूरी तरह से मुनाफे की दृष्टि को ध्यान में रखकर नहीं बल्कि विकासवादी लक्ष्यों के लिये होना चाहिये।

पत्र सूचना कार्यालय

लोगो का सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और गतिविधियों के संबंध में जानकारी देने के लिए पत्र सूचना कार्यालय भारत सरकार की अग्रणी संस्था है। मीडिया (इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट) के साथ संवाद के प्रमुख सरकारी चैनेल के रूप में पत्र सूचना कार्यालय इस मूल विचार के साथ काम करता है कि लोकतंत्र में सरकार को यह सुनिश्चित करना होता है कि उसकी नीतियां और कार्यक्रम प्रेस और अन्य मीडिया के जरिए सही और उपयुक्त तरीके से उन लोगो तक पहुंचे जिनके समर्थन और विश्वास पर वह सत्ता में है।

पत्र सूचना कार्यालय मुख्यालय के अधिकारी मीडिया को सूचना प्रदान करने और फीड बैक उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से संबद्ध किए जाते हैं। वे मीडिया परामर्शदाता के रूप में काम करते हैं और प्रचार कार्य का समन्वयन करते हैं।

इसके क्षेत्रीय/शाखा कार्यालय कंप्यूटर नेटवर्क के जरिए जुड़े हैं। कार्यालय का इंटरनेट पर एक होमपेज भी है जिसे www.pib.nic.in पर देखा जा सकता है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय उपयोग के लिए प्रचार सामग्री इस होमपेज पर डाली जाती है। पीआईबी की प्रेस विज्ञप्तियां अब कम्पयूटर के जरिए स्थानीय समाचार पत्रों, महत्वपूर्ण बाहरी समाचार पत्रों के स्थानीय संवाददाताओं और इसके क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों को भेजी जाती हैं। विशेष लेख और ग्राफिक्स आदि भी इंटरनेट के साथ-साथ पीआईबी नेटवर्क के जरिए जारी किये जाते है।

यह कार्यालय मीडिया प्रतिनिधियों को पेशागत सुविधाएं उपलब्ध करता है। इसके लिए यह भारतीय और विदेशी मीडिया प्रतिनिधियों, न्यूज कैमरामैनों और तकनीशियनों को प्रत्यायन उपलब्ध कराता है। दिसंबर 2009 तक 1618 संवाददाता, 476 कैमरामैन, 152 तकनीशियन और 84 सम्पादक मीडिया समीक्षक इसके मुख्यालय से प्रत्यायित थे। भारतीय और विदेशी संवाददाताओ की आवश्कताओं को पूरा करने के लिए पीआईबी का नई दिल्ली में आधुनिक संचार सुविधाओ वाला एक राष्ट्रीय प्रेस केंद्र कार्यरत है।

मीडिया को जानकारी प्रदान करने के लिए यह कार्यालय विभिन्न तरीके अपनाता है—प्रेस विज्ञाप्तियों और विशेष लेख, प्रेस ब्रीफिंग्स, संवाददाता सम्मेलन और प्रेस टूर।

प्रेस विज्ञप्तियों, संवाददाता सम्मेलनों, विशेष लेखो आदि के संदर्भ में पीआईबी के कार्य निष्पादन की निगरानी तत्काल की जाती है और यह समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों की संख्या से परिलक्षित होती है। पीआईबी के कार्य की देख-रेख सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत अन्य मीडिया इकाइयों की ही भांति की जाती है।

समग्र निष्पादन

वार्षिक योजना 2009-10 के दौरान स्वीकृत प्रावधान 2503 लाख रुपये का है। दिसंबर 2009 तक योजना के अंतर्गत 490 लाख रु. व्यय किये गये। वर्ष 2009-10 के दौरान (दिसंबर 2009 तक) वित्तीय संदर्भ में पत्र सूचना कार्यालय का प्रदर्शन इस प्रकार रहा।

(लाख रुपये में)

क्र.सं.		योजना	गैर-योजना	कुल
1.	बजट अनुमान 2009-10	2503.00	3422.00	5925.00
2.	संशोधित अनुमान 2008-09	2403.00	3726.00	6129.00
3.	वास्तविक खर्च दिसंबर 2009 तक	490.00	3110.41	3600.41
4.	बजट अनुमान 2010-11	4650.00	3688.00	8338.00

भारतीय प्रेस परिषद

प्रेस परिषद संसद के उस विश्वास को सुदृढ़ करने वाली संस्था है जो प्रेस के अन्य स्तर और उसकी स्वतंत्रता की रक्षा का वचन देती है। यह एक अर्द्ध न्यायिक संस्था है जिसके परामर्शदायी और नियामक उत्तरदायित्व भी हैं। 2009-10 के दौरान इसकी गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :

अर्द्ध न्यायिक कार्य : 655 मामले पंजीकृत, 367 मामले निपटाए गए और 288 मामलों में सुनवाई अग्रिम स्थिति में है।

प्रेस का स्तर : अधिनियम की धारा 13(2)(ग) के अंतर्गत प्रेस हेतु आचरण संहिता तैयार की गई।

प्रेस की स्वतंत्रता : स्व संज्ञान हस्तक्षेपों, निर्णयों, राज्यों आदि के जरिए प्रेस की स्वतंत्रता पर हमलों की निगरानी की गई।

स्वयं सज्ञान : परिषद ने चेन्नई में देनामलार के समाचार सम्पादक की गिरफ्तारी पर स्वयं सज्ञान लेते हुए घटना की ओर मुख्य मंत्री का ध्यान आकृष्ट करवाया। दिनामलार के सम्पादक और तमिलनाडू सरकार के मुख्य सचिव एवं सचिव गृह (पुलिस) विभाग से भी टिप्पणी मांगी गयी। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में मीडिया को पूर्ण सुरक्षा देने तथा न्याय सुनिश्चित करने की अपनी सरकार की प्रतिवद्धता दोहराई। मामला प्रक्रियाधीन है।

परामर्शदायी कार्य : इन विषयों पर राय दी गई : द्वितीय एआरसी - 8वीं रिपोर्ट-आतंकवाद निरोधी टिप्पणी; अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का दुरुपयोग; राज्यों में प्रेस परिषद की शाखाओं की स्थापना; पुलिस महानिदेशकों/महानिरीक्षकों का सम्मेलन 2007; सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से प्राप्त संदर्भ तथा विशेष कार्यबल (उप्र.) लखनऊ के एसएसपी श्री अमिताभ व्यास की शिकायत।

प्रेस की कार्यप्रणाली की निगरानी : प्रेस संबंधी मामलों की सतत् दिन-प्रतिदिन निगरानी।

समाचारों के लिए भुगतान

- परिषद ने 9.6.2009 को आयोजित एक बैठक में अप्रैल/मई 2009 में लोकसभा चुनावों के दौरान उम्मीदवारों के कवरेज के लिए मीडिया द्वारा अनैतिक भुगतान लेते/प्राप्त करने संबंधी अभिवेदनों पर विचार किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए इस संबंध में एक उप-समिति गठित कर दी गई है जो चुनाव आयोग सहित सभी पत्रकारों के विचार/सबूत इकट्ठा करेगी।
- मीडिया ट्रायल, स्टिंग आपरेशन और फोटो पत्रकारिता पर मार्गनिर्देश तैयार किए गए।
- बटला हाउस मुठभेड़ की मीडिया कवरेज पर रिपोर्ट स्वीकार की गई।

अंतर्राष्ट्रीय बातचीत

परिषद विश्व के विभिन्न भागों की समान संस्थाओं और प्रेस/मीडिया की समस्याओं को समझने और उनकी जिम्मेदारियों के बारे में मशविरा देने के लिए उनसे लगातार विचार-विमर्श करती रहती है।

प्रेस एवं पंजीकरण अपीली बोर्ड (पीआरबी): पीआरबी एक्ट 1867 की धारा 8(ग) के अंतर्गत संसद द्वारा दिए गए अतिरिक्त उत्तरदायित्व "प्रेस एवं पंजीकरण अपीली बोर्ड" का कार्य भी संतोषप्रद तरीके से निपटाया गया।

वित्तीय परिव्यय : परिषद अपनी वित्तीय आवश्यकताएं नोडल मंत्रालय के जरिए संसद द्वारा स्वीकृत अनुदान से पूरा करती है। इसके अतिरिक्त 10 प्रतिशत राशि समाचारपत्रों से शुल्क वसूल कर प्राप्त की जाती है। वर्ष 2009-10 के दौरान परिषद के समक्ष गंभीर वित्तीय संकट रहा जिसकी वजह से इसे अपने कई कार्यों को टालना/छोड़ देना पड़ा।

प्रेस परिषद ने ने अपना काम दक्षतापूर्वक करते हुए मीडिया और आम लोगों का विश्वास प्राप्त किया है। अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी इसने अपनी क्षमता और कार्यप्रणाली के प्रति सम्मान प्राप्त किया है। साथ ही, वित्तीय दृष्टि से लगभग पूरी तरह सरकार पर आश्रित होने के बावजूद यह सरकारी हस्तक्षेप से पूरी तरह मुक्त रहने में सफल रही है।

लक्ष्य : 2010-11

- 1979 से प्रेस परिषद द्वारा आरंभिक चरण पर निपटाई गई शिकायतों का डेटाबेस तैयार करना;
- पुस्तकें जारी करने और लौटाने सहित सभी विवरणों के साथ पुस्तकालय के रिकार्डों का कंप्यूटरीकरण;
- 2009-10 में दिए गए निर्णयों का हिंदी अनुवाद कराना;
- प्रेस की आज़ादी के बारे में धारा 13 (2) (ख) के अंतर्गत शर्तों का नवीनीकरण;
- 2009-10 के बचे हुए लक्ष्यों की पूर्ति।

फोटो प्रभाग

फोटो प्रभाग भारत सरकार की एक मीडिया इकाई है जो आंतरिक और बाह्य प्रचार के लिए फोटोग्राफ्स तैयार करने और दृश्य प्रलेखन के लिए उत्तरदायी है। फोटो प्रभाग देश के विकास के विभिन्न पहलुओं और ऐतिहासिक घटनाओं का रिकार्ड रखता है तथा देश को एक समग्र फोटोग्राफिक दस्तावेज उपलब्ध कराता है। यह फोटो प्रतियोगिताओं और कार्यशालाओं के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित करता है। प्रभाग की एक मूल्य योजना भी है जिसके अंतर्गत आम जनता को भुगतान करने पर फोटोग्राफ उपलब्ध कराये जाते हैं। फोटोग्राफिक उद्योग की बदलती प्रवृत्तियों के मद्देनजर, ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान राष्ट्रीय फोटोग्राफी केंद्र नामक एक प्लान योजना कार्यान्वित की गई है जिससे प्रयोक्ताओं और ग्राहकों को बेहतर सेवा और गुणवत्ता दी जा सके और उनकी वर्तमान भागों को पूरा किया जा सके। पूर्वोत्तर, जम्मू और कश्मीर, अंडमान निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप के लिए विशेष अभियान नाम से एक अन्य प्लान योजना भी शुरू की है। इस योजना में इन क्षेत्रों के विकास पर विशेष बल दिया गया है।

प्रकाशन विभाग

प्रकाशन विभाग देश के सबसे बड़े प्रकाशन भवनों में से एक है। हिंदी, अंग्रेजी और अन्य प्रमुख भारतीय भाषाओं में प्रकाशन विभाग द्वारा निकलने वाली पुस्तकों और पत्रिकाओं को इस प्रकार तैयार किया जाता है कि उनके माध्यम से इस देश के लोगों की समझ का विकास हो सके।

प्रकाशन विभाग का कार्य है लोकप्रिय पुस्तकों और पत्रिकाओं का उत्पादन, बिक्री और वितरण करना। अपने कार्य के द्वारा यह विभाग निम्नलिखित लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास करता है :

(i) राष्ट्रीय महत्व के उन विषयों पर पुस्तकों का प्रकाशित करना जिन विषयों पर अन्य प्रकाशकों ने ध्यान नहीं दिया हो और ऐसी पुस्तकों को कम कीमत पर आम जनता के लिए उपलब्ध बनाना।

(ii) विविधता में एकता, सांप्रदायिक सद्भाव, राष्ट्रीय अखंडता इत्यादि की विचारधारा और आत्मा को मजबूत करना और बढ़ावा देना।

(iii) वर्ष 2010-2011 के दौरान प्रकाशन विभाग निदेशालय ने 20 पत्रिकाएं और 100 पुस्तकें प्रकाशित करने का लक्ष्य बनाया है। प्रकाशन विभाग देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित बिक्री केंद्रों के नेटवर्क के माध्यम से अपनी पुस्तकों और पत्रिकाओं को बेच रहा है। समय के साथ चलने के लिए प्रकाशन विभाग ने चरणबद्ध तरीके से अपने बिक्री केंद्रों को आधुनिक बनाने का प्रस्ताव किया है क्योंकि ये बिक्री केंद्र ढीली-ढाली स्थिति में है और जीर्ण-शीर्ण अवस्था को दर्शाते हैं जबकि इसकी तुलना में इसके प्रतिद्वंदी प्रमुख इलाकों में स्थित सुव्यवस्थित शोरुमों के माध्यम से अपनी किताबें बेच रहे हैं।

(iv) प्रकाशन विभाग के बिक्री केंद्र नई दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, चेन्नई, पटना और तिरुअनंतपुरम में स्थित हैं। बिक्री के आउटलेट बंगलुरु, गुवाहाटी और अहमदाबाद में स्थित हैं।

(v) वर्ष 2010-2011 के लिए बजट आकलन गैर योजना में 2104.00 लाख रुपये और योजना में 20.00 लाख रुपये है।

एम्प्लाइमेंट न्यूज/रोजगार समाचार

साप्ताहिक रोजगार समाचार अंग्रेजी, हिंदी तथा उर्दू में प्रकाशित होता है। यह प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार का प्रमुख प्रकाशन है। इस साप्ताहिक पत्र में केंद्रीय एवं राज्य सरकारें, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, स्वायत्त निकायों, विश्वविद्यालयों, विदेशी संस्थानों जैसे फोर्ड फाउंडेशन, ब्रिटिश काउंसिल आदि में नौकरियों के विज्ञापन, व्यावसायिक पाठयक्रमों के लिए प्रवेश अधिसूचनाएं, भारतीय संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग जैसे संगठनों तथा अन्य सामान्य भर्ती निकायों की परीक्षा अधिसूचनाएं और उनके परिणामों तथा मध्य-स्तरीय रोजगार उन्नयन के अवसरों (प्रतिनियुक्तियों) की सूचनाएं प्रकाशित की जाती हैं। इसके अतिरिक्त एक सम्पादकीय हिस्सा भी है जो कैरियर से सम्बन्धित दो मुख्य लेख प्रकाशित करता है।

रोजगार समाचार प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार का प्रमुख प्रकाशन है। इस साप्ताहिक पत्र का मूल लक्ष्य समूह सिविल सेवा के अभ्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं और साक्षात्कारों में बैठने वाले तथा रोजगार अवसरों की खोज में जुटे युवा लोग हैं।

इस साप्ताहिक पत्र का उद्देश्य इसको पढ़ने वाले लोगों को जानकारी उपलब्ध कराना है ताकि वे अपने लिए सर्वोत्तम उपलब्ध कैरियर चुन सकें।

रोजगार समाचार की रोजगार उन्मुख वेबसाइट employmentnews.gov.in है। वेबसाइट अभूतपूर्व सफल है और नौजवानों के बीच काफी लोकप्रिय है। इस वेबसाइट को रोज करीब तीन लाख लोग सर्च करते हैं।

भारत के समाचारपत्र के पंजीयक का कार्यालय

भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक का कार्यालय (आरएनआई) प्रेस तथा पुस्तक पंजीकरण कानून, 1867 के अन्तर्गत देश में प्रकाशित होने वाले समाचारपत्रों/पत्रिकाओं का अद्यतन रिकार्ड तथा आंकड़े संभाल कर रखता है, नये प्रकाशनों के लिए शीर्षक उपलब्ध कराता है, पंजीकरण के प्रमाणपत्र जारी करता है, प्रकाशकों द्वारा प्रस्तुत वार्षिक प्रसार दावों की समीक्षा करता है तथा 'भारत के समाचारपत्र' नामक शीर्षक से प्रिंट मीडिया के हालात पर वार्षिक रिपोर्ट तैयार करता है। आरएनआई समाचारपत्रों के प्रसार के दावों पर भी नियन्त्रण रखता है। अपने वैधानिक कार्यों के अलावा, यह कार्यालय अखबारी कागज के आयात के लिए समाचारपत्रों को पात्रता प्रमाणपत्र जारी करता है। इसके अलावा, आरएनआई समाचारपत्रों द्वारा अपेक्षित प्रिंटिंग मशीनरी तथा सम्बद्ध सामग्री के आयात के लिए अनिवार्यता प्रमाणपत्र जारी करता है।

गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग

गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अधीन कार्यालय है। इस प्रभाग की भूमिका मीडिया इकाइयों को शोध के संबंध में एकत्रित, संकलित और तैयार सामग्री के प्रकाशन कार्य आदि में सहायता करना है सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाइयों के उपयोग के लिए महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी का सारांश निर्मित करना और सामयिक एवं अन्य विषयों पर मार्गदर्शन एवं पृष्ठभूमि नोट तैयार करना भी इस प्रभाग का दायित्व है।

यह प्रभाग प्रत्यक्ष रूप से आम जनता को कोई सेवा प्रदान नहीं करता है। वास्तविक लक्ष्यों को सामान्यत: वार्षिक बजट योजना के रूप में बनाया जाता है और इनकी इस प्रभाग द्वारा निगरानी की जाती है।

सार्वजनिक सूचना प्रणाली के संबंध में प्रभाग की वेबसाइट rrtd.gov.in जन अधिकार के क्षेत्र में आती है और आम जनता इसे देख सकती है।

गीत एवं नाटक प्रभाग

गीत एवं नाटक प्रभाग की स्थापना 1954 में आकाशवाणी की एक इकाई के रूप में की गई थी और 1956 में इसे विकासात्मक संचार की अनिवार्यता के साथ ही स्वतंत्र मीडिया इकाई का दर्जा दे दिया गया। इस विभाग की स्थापना के उद्देश्य इस प्रकार हैं :

- देश की प्रगति में सहायक सामाजिक, आर्थिक और लोकतांत्रिक विचारों और आदर्शों को लोगों के बीच पहुंचाने और जागरुकता जगाने के लिए।
- सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बीच रक्षात्मक भावना और देश के अन्य भागों के लोगों के साथ उनके सांस्कृतिक जुड़ाव के लिए।
- लोक कलाओं और शहरी कलाओं दोनों के माध्यम से दूरदराज के कठिन इलाकों में तैनात सेना के जवानों में साहस का संचार करने के लिए।

गीत एवं नाटक प्रभाव प्रदर्शन कलाओं को संचार माध्यम के साथ इस्तेमाल करने वाला देश का सबसे बड़ा संगठन है। प्रभाग नाटक, नृत्य नाटिका, गीत नाट्य, लोक कलाओं, पारंपरिक गीतों, कठपुतली कला जैसी कलाओं का प्रदर्शन करता है। प्रभाग सांप्रदायिक सदभाव, राष्ट्रीय एकता, धर्मनिरपेक्षता, सांस्कृतिक धरोहर को प्रोत्साहित करने के लिये, पर्यावरण, स्वास्थ्य और शिक्शखा जैसे विषयों को लोगों तक पहुंचाने के लिए गीत एवं नाट्य कार्यक्रम आयोजित करता है।

एफ. एम. रेडियो (निजी)

भारत सरकार ने 1999 में निजी एजेंसियों के माध्यम से एफएम रेडियो का क्षेत्र खोलने की नीति का शुभारम्भ किया था और 11 चरण के अंतर्गत 2005 में इसका और विस्तार किया गया। नीति के अंतर्गत यह अनिवार्य बना दिया गया कि जहां कहीं प्रसार भारती के टावर से संप्रेषण सुविधा साथ-साथ प्राप्त की जा सकेगी वहां से उसे प्राप्त कर लिया जाएगा लेकिन जहां प्रसार भारती के टावर उपलब्ध नहीं हो पाएंगे वहां सरकार निजी एफ एम प्रसारकों के लिए मेसर्स बेसिल के माध्यम से नए टावरों का निर्माण कराएगी। चरण II के अंतर्गत चिह्नित 91 शहरों में से 84 शहरों में प्रसार भारती के टावर हैं और बाकी 7 नगरों जैसे दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, बंगलुरु और जयपुर में नए टावरों के लिए प्रस्ताव किया गया था।

2. निजी एफएम रेडियो नामक एक योजना के तहत सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने मेसर्स के माध्यम से 18.18 करोड़ रुपये की कुल लागत से सात शहरों में नए टावरों के निर्माण का प्रस्ताव किया था जिसे योजना आयोग ने 2006 में स्वीकृत किया। जैसा कि प्रसार भारती टावरों के मामले में प्रसार भारती करता है, इन टावरों की निर्माण की लागत वार्षिक किराए के माध्यम से निजी एफएम प्रसारकों से वसूल करके पूरी की जाएगी। तत्पश्चात् दो अन्य शहरों में प्रसार भारती के टावर उपलब्ध कराए गए। इस बीच सरकार ने देहरादून में एक नया टावर लगाने का फैसला किया क्योंकि वहां कोई प्रसार भारती का टावर उपलब्ध नहीं था। इसलिए दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, जयपुर, हैदराबाद और देहरादून जैसे 6 शहरों में नए टावरों के निर्माण की आवश्यकता हुई। दसवीं योजना में इसके लिए प्लान योजना वर्ष 2005-06 और 2006-07 के लिए स्वीकृति दी गई। चूंकि योजना आयोग की सैद्धान्तिक मंजूरी जनवरी 2006 में प्राप्त हुई और अग्रिम राशि मार्च 2006 में जारी की गई इसलिए वास्तविक कार्य अप्रैल 2006 से ही शुरू हो सका। इसके अलावा बेसिल को साइट सौंपे जाने तक देरी के कारण परियोजना परिकल्पित अवधि मार्च 2007 तक पूरी नहीं हो सकी। पांच शहरों जयपुर, हैदराबाद, चेन्नई, दिल्ली और देहरादून में टावरों का निर्माण पूरा हो गया है। दो शहरों के लिए टावरों के निर्माण का इरादा छोड़ दिया गया और देहरादून के लिए एक टावर बाद में जोड़ा गया इसलिए 6 शहरों में टावरों के निर्माण के लिए परियोजना की कुल संभावित लागत 13.1124 करोड़ रुपये ठहरती है। 9.73 करोड़ रुपये (लगभग) की राशि मेसर्स बेसिल को मार्च 2009 तक जारी कर दी गई। 2009-10 के लिए 2.0 करोड़ रुपये की रकम निर्धारित की गई है जिसमें से चालू वर्ष के दौरान बेसिल के लिए 1.08 करोड़ रुपये (लगभग) की रकम जारी कर दी गई।

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मानिटरिंग केंद्र

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अनुश्रवण केन्द्र (जिसे पहले केन्द्रीय अनुश्रवण केन्द्र कहा जाता था) की स्थापना निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ की गई थी-

(i) भारत में डाउनलिंक किए जा रहे सभी टीवी चैनलों का अनुश्रवण ताकि केबल टेलीविजन (विनियमन), अधिनियम, 1995 और इसके तहत बने नियमों के तहत कार्यक्रम और विज्ञापन संहिता के उल्लंघन को रोका जा सके।

(ii) इसी प्रकार निजी एफ-एम रेडियो चैनलों का अनुश्रवण; और

(iii) सरकार द्वारा समय-समय पर प्रसारण क्षेत्र की विषय वस्तु के अनुश्रवण से संबंधित कार्य करना शामिल है।

वर्ष 2010-11 के लिए योजना के तहत 2.18 करोड़ रुपये की राशि और गैर योजना के तहत 4.10 करोड़ रुपये की राशि आबंटित की गई है।

अन्तर्राष्ट्रीय चैनल

भूमंडलीकरण के युग में किसी भी देश के खास तौर पर भारत जैसे देश के लिए जो एक अंतर्राष्ट्रीय शक्ति के रूप में उभर रहा है अंतर्राष्ट्रीय चैनल को एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी पड़ती है। बीबीसी, सीएनएन इत्यादि विश्व के अत्यंत ही प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय चैनल हैं। मुख्य उद्देश्य है भारत की स्थिति का दुनिया भर में उसी प्रकार प्रचार करना जिस तरह से अलजजीरा, बीसीसी, सीएनएन, सीसीटीवी इत्यादि चैनल करते हैं। इसके लिए डीडी इंडिया, जिसे बहुत से देशों में देखा जाता है, पर प्रसारण के साथ-साथ वर्तमान डीडी न्यूज चैनल के जरिए अंतर्राष्ट्रीय समाचारों और कार्यक्रमों की शुरुआत करनी होगी।

सामुदायिक रेडियो के लिए आई ई सी गतिविधियां

रेडियो देश के सामाजिक-सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास में जन संचार माध्यम के रुप में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत में रेडियो एक शक्तिशाली माध्यम है खासकर जबकि ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में नियमित तथा लगातार बिजली की सप्लाई के अबाव में लोगों को सूचना पाने, शिक्षा तथा मनोरंजन के लिए रेडियो पर आश्रित होना पड़ता है। सामुदायिक रेडियो, सार्वजनिक प्रसारण सेवा से भिन्न, एक छोटे समुदाय को करीब लाता है तथा आम आदमी के रोजमर्रा की चिंताओं पर फोकस कर स्थानीय

एक तरह से हम कह सकते है सामुदायिक रेडियो का लक्ष्य स्थानीय समुदाय के जीवन को ध्यान में रखकर विषयों का चुनाव उस समुदाय की जनता के द्वारा जनता के लिए किया जाता है। यह शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कृषि, ग्रामीण एवं सामुदायिक विकास के मुद्दों पर केंद्रित होगा। विषय सामाजिक, सांस्कृतिक और स्थानीय मुद्दों पर आधारित हो सकता है तथा इसके फारमेट, विषय, प्रस्तुति तथा भाषा में स्थानीयता की झलक तथा खुशबू का प्रभाव रहेगा। सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय ने आम जनता के बीच नीतियों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को चलाने के लिए कार्यशालाएं तथा सेमिनार का आयोजन करने का प्रस्ताव है।

सूचना भवन का निर्माण

सूचना भवन का निर्माण सूचना और प्रसारण मंत्रालय की एक प्रमुख परियोजना है। मंत्रालय की विभिन्न मीडिया इकाइयों को यथोचित स्थान उपलब्ध कराने की दृष्टि से, यह निर्णय किया गया कि विभिन्न स्थलों पर बिखरे मीडिया इकाइयों के कार्यालयों (आकाशवाणी महानिदेशालय और दूरदर्शन महानिदेशालय के अतिरिक्त) को एक स्थान पर लाने के लिये मंत्रालय को स्वयं का एक भवन निर्मित करना चाहिए। योजना आयोग ने इस योजना को मंजूर किया और इसे पांचवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल किया। तदनुसार, 1981 में मंत्रालय को लोधी रोड के एनवलप संख्या 8 पर 8364.3 वर्गमीटर आकार का भूमि का टुकड़ा आबंटित किया गया। हालांकि, इस पर निर्माण कार्य 1985 में शुरू हो पाया। वित्तीय बाधाओं के चलते, निर्माण कार्य चरणों में किया जा रहा है। इस भवन का निर्माण कार्य आकाशवाणी के सिविल कंस्ट्रक्शन विंग द्वारा किया जा रहा है। अब तक I, II, III और IV चरण पूरे हो चुके हैं। इन चार चरणों के तहत, केवल 38 प्रतिशत क्षेत्र (27,259 वर्ग मीटर) पर निर्माण कार्य हुआ है। सूचना भवन के निर्माण के चरण V के लिये कार्यवृत्त शुरू कर दिया गया है, जिसके अंतर्गत बचे हुए 62 प्रतिशत क्षेत्र (45,500 वर्गमीटर) पर निर्माण किया जायेगा।

विकास संबंधी पहलों का आर्थिक विश्लेषण (नई योजना)

अर्थव्यवस्था के तहत मनोरंजन और मीडिया क्षेत्र में 11वीं पंचवर्षीय योजना (2007-2012) के दौरान उच्च वृद्धि की उम्मीद है। विकास की इस गति से लाभ उठाने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा फिल्म, सूचना और प्रसारण क्षेत्र संबंधी विभिन्न स्कीम/कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं ताकि निर्धारित लक्ष्यों/उद्देश्यों को हासिल किया जा सके। 11वीं पंचवर्षीय योजना (2007-12) में इस नई स्कीम को लागू किया जा रहा है।

इस स्कीम के उद्देश्य इस प्रकार हैं :

- फिल्म, सूचना और प्रसारण क्षेत्र में प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) को विकसित करना।
- फिल्म, सूचना और प्रसारण क्षेत्रों से संबंधित नियामक और विकास नीतियों के प्रभाव का अध्ययन और मूल्यांकन करना।

मानव संसाधन विकास के लिये प्रशिक्षण

11वीं योजना के अंतर्गत सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रस्ताव में भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों के लिये विदेशों में स्थित संस्थानों में मानव संसाधन विकास का प्रशिक्षण संबंधी नई योजना शामिल की गई हैं। इसके लिये वर्ष 2010-11 में 150 लाख रुपयों का प्रावधान रखा गया है।

प्रसार भारती

प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) देश की एक सार्वजनिक प्रसारक सेवा है और उसके दो संघटक हैं, आकाशवाणी और दूरदर्शन। यह 23 नवंबर 1997 से अस्तित्व में आया। इस सेवा का उद्देश्य सार्वजनिक प्रसारण सेवा के रूप में सर्वसाधारण को जानकारी देना, उन्हें शिक्षित करना और उनका मनोरंजन करना एवं देश में प्रसारण के संतुलित विकास को सुनिश्चित करना है।

संगठनात्मक ढांचा

निगम के मामलों का सामान्य निरीक्षण, निर्देशन और प्रबंधन प्रसार भारतीय बोर्ड करता है। बोर्ड समय-समय पर बैठकें करता है और महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दों पर विचार विमर्श करता है एवं नीतियों के कार्यान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देश देता है। कार्यकारी सदस्य निगम मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ)के रूप में कार्य करते हैं और बोर्ड का नियंत्रण और निरीक्षण करते हैं। सीईओ बोर्ड में इस तरह अपने अधिकारों का प्रयोग करेगा और अपने सभी कार्य इस प्रकार करेगा जिस प्रकार अधिनियम के तहत निगम द्वारा किए जाते हैं।

डायरेक्टर जनरल आकाशवाणी और दूरदर्शन के प्रमुख के तौर पर कार्य करते हैं। बोर्ड के नीति निर्देश और आकाशवाणी एवं दूरदर्शन की दैनंदिन मामलों के प्रबंधन के लिए वे सदस्य(वित्त), सदस्य (कार्मिक) और सीईओ के निकट सहयोग से कार्य करते हैं। आकाशवाणी और दूरदर्शन में, विभिन्न गतिविधियों, जैसे प्रोग्राम, इंजीनियरिंग, प्रशासन, वित्त और समाचार के लिए व्यापक स्तर पर चार भिन्न खंड हैं।

आकाशवाणी

आकाशवाणी (एआईआर)प्रसार भारती अधिनियम, 1990 में दिए गए प्रावधान के तहत कार्य करता है। 500 डब्ल्यू मीडियम वेव ट्रांसमीटर से शुरुआत करते हुए आकाशवाणी आज प्रमुख प्रसारक संगठन बन गया है। 375 रेडियो ट्रांसमीटर के सात यह 91.82 प्रतिशत क्षेत्र और 99.16 प्रतिशत आबादी के दायरे में फैला हुआ है। आकाशवाणी विभिन्न स्टेशनों पर अपने कार्यक्रम प्रसारणों के माध्यम से सर्वसाधारण को जानकारी देता है, उन्हें शिक्षित करता है और उनका मनोरंजन करता है। ध्वनि प्रसारण के माध्यम से यह देश के सभी लोगों को सरकारी नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों की जानकारी देता है। इसके कार्यक्रम संस्कृति, शिक्षा, विज्ञान, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सामाजिक-आर्थिक मुद्दों, महत्वपूर्ण समाचार और प्रासंगिक रुचि की समसामयिक घटनाओं पर आधारित होते हैं। यह राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहित करने के लिए अपने प्रसारण के माध्यम से विभिन्न विचारों को प्रस्तुत करता है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कार्यक्रम संतुलित और निष्पक्ष हैं(अध्याय-1)।

वार्षिक योजना 2010-11 के लिए आकाशवाणी का प्रत्यक्ष बजट सहयोग 183.48 करोड़ रुपए है जिसमें 168.48 करोड़ रुपए पूंजी घटक के अंतर्गत एफएम सेवा के विस्तार, उत्तर पूर्व के विशेष पैकेज के तहत एफएम सेवा के विस्तार, आकाशवाणी नेटवर्क के डिजिटलीकरण के लिए और 15 करोड़ रुपए सीमांत क्षेत्रों में आकाशवाणी/दूरदर्शन के दायरे को मजबूत करने और राजस्व फुटकर व राजस्व सॉफ्टवेयर के लिए सुनिश्चित हैं। पूंजी योजना परियोजनाएं सरकार द्वारा प्रदत्त ऋण द्वारा वित्त पोषित होती हैं जबकि राजस्व योजना परियोजनाएं अनुदान के रूप में प्रदान की जाती हैं (अध्याय-2)।

सार्वजनिक प्रसारक के रूप में संगठन के अधिक विकास से संबंधित नीतिगत फैसलों के आधार पर आकाशवाणी द्वारा विभिन्न पहल की गई हैं। इन्हें आम जनता की जरूरतों और विशेष लक्षित समूहों, जैसे अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के कल्याण, महिला सशक्तीकरण और उत्तर पूर्व क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखकर लागू किया जाता है (अध्याय-3)।

वार्षिक योजना 2008-09 और 2009-10 (31 दिसंबर 2009 तक) के दौरान भौतिक एवं वित्तीय प्रदर्शन का योजनागत विवरण अध्याय 4 में दिया गया है। वार्षिक योजना 2008-09 की स्वीकृत लागत 195.00 करोड़ रुपए थी और खर्चा 56.43 करोड़ रुपए था। इसी प्रकार वार्षिक योजना 2009-10 की कुल लागत 261.00 करोड़ रुपए थी।

वित्तीय वर्ष 2008-09 के बजट अनुमान का योजनागत विवरण और संशोधित अनुमान तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2009-10 (31 दिसंबर 2009 तक) की जानकारी अध्याय-5 में दी गई है। वित्तीय वर्ष 2008-09 तक जारी किए गए अनुदान के संदर्भ में आवश्यक उपयोग सर्टिफिकेट (यूसी) प्रासंगिक नियमों के अनुसार प्रसार भारती (आकाशवाणी) द्वारा जुटाए गए हैं और कोई लंबित यूसी नहीं है।

निरीक्षण प्रणाली

विभिन्न स्तरों पर समीक्षा और प्रसार भारती को जारी अनुदान के समय ही मासिक व्यय विवरण के माध्यम से आकाशवाणी की सभी योजना परियोजनाओं के प्रदर्शन का नियमित निरीक्षण किया जाता है। लागत के विकास और मंत्रालय द्वारा रखी गई अन्य शर्तों को पूरा करने के आधार पर अनुदान को जारी किया जाता है। इसके अतिरिक्त, योजना आयोग द्वारा प्रस्तुत फॉरमेट में अर्द्ध वार्षिक प्रदर्शन रिपोर्ट (एचपीआर)को तैयार किया जाता है जो समग्र रूप से सभी योजनाओं के विकास की समीक्षा करती है।

प्रसार भारती के सीईओ द्वारा आकाशवाणी के वित्तीय प्रदर्शन के योजनागत विवरण का नियमित निरीक्षण किया जाता है। इसके अतिरिक्त योजना समन्वय इकाई मासिक वक्तव्य के आधार पर भी इसका निरीक्षण करती है। सीईओ, पीबी और सचिव(सूचना और प्रसारण)के स्तर की समीक्षा बैठकों में उनके वित्तीय एवं भौतिक प्रचालनों के विकास की समीक्षा की जाती है।

दूरदर्शन

भारत में दूरदर्शन की शुरुआत, दिल्ली में एक प्रायोगिक प्रसारण के माध्यम से सितंबर 1958 में की गई जिसे बाद में 1965 में एक स्थायी सेवा के तौर पर जारी किया गया। 1976 तक दूरदर्शन आकाशवाणी का ही हिस्सा रहा, तत्पश्चात इसे अलग किया गया और महानिदेशक की अध्यक्षता में इसे अलग विभाग बना दिया गया। रंगीन टीवी और राष्ट्रीय प्रसार की शुरुआत 1982 में की गई। तब से दूरदर्शन विश्व के प्रमुख सार्वजनिक प्रसारक के रूप में निरंतर प्रगति कर रहा है। निशुल्क डीटीएच सेवा के साथ, दूरदर्शन 31 चैनलों का संचालन करता है। दूरदर्शन का 66 स्टूडियो का क्षेत्रीय नेटवर्क है और देश के भू-भागीय रूप को देखते हुए दूरदर्शन ने देशभर में 1416 ट्रांसमीटर लगाए हैं। इसके 31 चैनल इस प्रकार हैं :

डीडी 1- राष्ट्रीय चैनल

डीडी न्यूज- समाचार चैनल

डीडी भारती- समृद्धि चैनल

डीडी स्पोर्ट्स- खेल चैनल

डीडी राज्य सभा- संसद चैनल

डीडी उर्दू- उर्दू भाषा चैनल

क्षेत्रीय भाषाओं के चैनल- कुल 11

मलयालम, (केरलम), तमिल (पोदिगई), उड़िया, तेलुगू, (सप्तगिरी), बंगाली (बांग्ला), कन्नड़ (चंदना), मराठी (सहयाद्रि), गुजराती, कश्मीरी (कशीर), उत्तर पूर्व, पंजाबी

राज्य नेटवर्क- 12

राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तराखंड, त्रिपुरा, मिजोरम, मेघालय

डीडी भारत - अंतरराष्ट्रीय चैनल

ज्ञान दर्शन- शैक्षिक चैनल

क्षेत्रीय नेटवर्क के माध्यम से दूरदर्शन देश की 92 प्रतिशत आबादी को अपने दायरे में लेता है।

आकाशवाणी और दूरदर्शन के अधिदेश, लक्ष्य और उद्देश्यों, नीतिगत ढांचे से संबंधित जानकारी अध्याय- 1 में दी गई है।

वर्ष 2010-11 के लिए दूरदर्शन के संदर्भ में वित्तीय लागत, प्रस्तावित उत्पादन और प्रस्तावित परिणाम की जानकारी अध्याय-2 में दी गई है, जो जम्मू-कश्मीर, निरंतर योजनाओं के उत्तर पूर्व विशेष पैकेज और कुछ नई योजनाओं के तहत दिए गए हैं। वार्षिक योजना 2010 के दौरान प्रत्यक्ष बजटीय सहयोग 157.00 करोड़ रुपए है जिसमें 100 करोड़ रुपए पूंजी घटक के तहत ट्रांसमीटरों, स्टूडियो के डिजिटलीकरण और एचडीटीवी के लिए है और 57 करोड़ रुपए जम्मू-कश्मीर के लिए विशेष योजना, उत्तर पूर्व के लिए विशेष पैकेज और सॉफ्टवेयर अधिग्रहण के लिए राजस्व योजना के अंतर्गत आते हैं। राष्ट्रमंडल खेल, दिल्ली 2010 के लिए प्रसार भारती का कुल बजट प्रावधान 449.62 करोड़ रुपए है। इसमें से 7.85 कोरड़ रुपए पुणे में 2008 में हुए राष्ट्रमंडल युवा खेल को दिए जा चुके हैं। 441.77 करोड़े के शेष प्रावधान को वर्ष 2009-10 और 2010-11 के लिए सुनिश्चित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2009-10 के लिए 145 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसमें आईटीपीओ के लिए 11.00 करोड़ शामिल है। वर्ष 2010-11 के लिए 296.77 करोड़ रुपए की लागत स्वीकृत की गई है। इसमें प्रसार भारती के लिए 232.00 करोड़ रुपए और आईटीपीओ के लिए 64.77 करोड़ रुपए शामिल हैं। पूंजी योजना परियोजनाएं सरकार द्वारा प्रदत्त ऋण द्वारा वित्त पोषित होती हैं जबकि राजस्व योजना परियोजनाएं अनुदान के रूप मेंप्रदान की जाती हैं (अध्याय-2)।

सार्वजनिक प्रसारक के रूप में संगठन के अधिक विकास से संबंधित नीतिगत फैसलों के आधार पर दूरदर्शन द्वारा विभिन्न पहल की गई हैं। इन्हें आम जनता की जरूरतों और विशेष लक्षित समूहों, जैसे अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के कल्याण, महिला सशक्तीकरण और उत्तर पूर्व क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखकर लागू किया जाता है (अध्याय-3)।

वार्षिक योजना 2008-09 और 2009-10 (31 दिसंबर 2009 तक) के दौरान भौतिक एवं वित्तीय प्रदर्शन की योजनागत विवरण अध्याय 4 में दिया गया है। वार्षिक योजना 2008-09 की स्वीकृत लागत 280 करोड़ रुपए थी और खर्चा 221.77 करोड़ रुपए था। इसी प्रकार वार्षिक योजना 2009-10 की कुल लागत 251.00 करोड़ रुपए थी। वित्तीय वर्ष 2008-09 तक जारी किए गए अनुदान के संदर्भ में आवश्यक उपयोग सर्टिफिकेट (यूसी) प्रासंगिक नियमों के अनुसार प्रसार भारती (आकाशवाणी) द्वारा जुटाए गए हैं और कोई लंबित यूसी नहीं है।

गैर योजना के संदर्भ में प्रत्यक्ष बजटीय सहयोग 1412.35 करोड़ रुपए का प्रावधान है और प्रसार भारती के लिए अनुवर्ती अतिरिक्त बजटीय संसाधनों/आईबीईआर के रूप में 1000 करोड़ रुपए प्रदान किए गए हैं। वर्ष 2010-11 का कुल व्यय 3162 करोड़ है जिसके परिणामस्वरूप 650 करोड़ रुपए का बजट अंतराल अपरिहार्य होता है।

वैधानिक और स्वायत्त निकाय के रूप में प्रसार भारती के प्रदर्शन की समीक्षा अध्याय- 4 में की गई है।

राष्ट्रमंडल खेल 2010

19 वें राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 3-14 अक्टूबर 2010 के दौरान दिल्ली में किया जाएगा। इसमें 12 प्रतियोगी स्थलों और 5 गैर प्रतियोगी उद्घाटन एवं समापन समारोहों के अतिरिक्त 17 खेलों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति- राष्ट्रमंडल खेल दिल्ली 2010 ने दूरदर्शन, प्रसार भारती के एक संघटक को खेलों के मेजबान प्रसारक (होस्ट ब्रॉडकास्टर) के रूप में नियुक्त किया है। मेजबान प्रसारक निष्पक्ष और वस्तुनिष्ठ रूप में खेलों को कवरेज करेगा। मेजबान प्रसारक आईबीसी पर विभिन्न देशों के राइट होल्डिंग ब्रॉडकास्टर्स को बेसिक फीड सिग्नल उपलब्ध कराएगा। आईबीसी (अंतरराष्ट्रीय प्रसारक केंद्र) बेसिक फीड सिग्नल के वितरण और ट्रांसमिशन का तकनीकी हब होगा और इसे आईटीपीओ, प्रगति मैदान, दिल्ली में स्थापित किया जाएगा। मुख्य प्रेस केंद्र आईटीपीओ में स्थापित किया जाएगा। खेलों का पूरा कवरेज एचडीटीवी फॉरमेट में करने की योजना है।

राष्ट्रमंडल युवा खेल 2008, पुणे और राष्ट्रमंडल खेल, दिल्ली 2010 के लिए कुल बजट प्रावधान 482.57 करोड़ रुपए है। इसमें से 9.05 करोड़ रुपए की राशि राष्ट्रमंडल युवा खेल, पुणे 2008 को दी गई है।

473.52 करोड़ रुपए के शेष प्रावधान को वर्ष 2009-10 और 2010-11 के लिए बजट किया गया है। वित्तीय वर्ष 2009-10 के लिए 155.00 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसमें प्रसार भारती के लिए 134 करोड़ रुपए, पीआईबी के लिए 10 करोड़ रुपए और आईटीपीओ के लिए 11 करोड़ रुपए रखे गए हैं। वर्ष 2010-11 के लिए 318.52 करोड़ रुपए की लागत को स्वीकृत किया गया है।

निरीक्षण प्रणाली

दूरदर्शन की परियोजनाओं की योजना, उनका प्रतिपादन और प्रणाली तैयार करने का काम दूरदर्शन निदेशालय का है। योजनाओं को दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई स्थिति जोनल कार्यालयों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में लागू किया जाता है। असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम राज्यों में गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उत्तर पूर्व के लिए अलग जोन बनाया गया है जिसका मुख्यालय गुवाहाटी में है। लोक सेवा से संबंधित परियोजनाओं को आकाशवाणी और दूरदर्शन के लोक निर्माण खंड द्वारा लागू किया जाता है। परियोजनाओं से संबंधित प्रमुख गतिविधियों का निरीक्षण निदेशालय स्तर पर किया जाता है। जोनल चीफ इंजीनियर और चीफ इंजीनियर, सीसीडब्ल्यू परियोजनाओं की विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण करते हैं जो उनके क्षेत्र में आते हैं।

प्रत्येक वर्ष दूरदर्शन की सभी प्रमुख परियोजनाओं के संदर्भ में लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं जिनका निरीक्षण जोनल कार्यालयों और निदेशालय द्वारा किया जाता है, यह सुनिश्चित करने के लिए कि निश्चित लागत के साथ परियोजनाएं पूरी हो जाएं। लोक सेवा के विकास की समीक्षा के लिए जोनल चीफ इंजीनियर सीसीडब्ल्यू अधिकारियों के साथ नियमित बैठकें करते हैं। ई-इन सी स्तर पर नियमित रूप से निदेशालय के अधिकारियों, जोनल अधिकारियों और सीसीडब्ल्यू अधिकारियों के साथ परियोजना समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं। दूरदर्शन के महानिदेशक और प्रसार भारती के सीईओ के स्तर की सावधि समीक्षा भी की जाती हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय दूरदर्शन की परियोजनाओं के कार्यान्वयन पर नजर रखने के लिए समय-समय पर समीक्षा बैठकें भी आयोजित करता है।

अध्याय-1

अधिदेश, लक्ष्य, उद्देश्य, नीतिगत ढांचा तथा नीति वक्तव्य

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की स्थापना फिल्मों को सार्वजनिक प्रदर्शन का प्रमाणपत्र देने के उद्देश्य से सिनेमेटोग्राफी अधिनियम, 1952 (1852 का 37) के तहत की गई थी। बोर्ड का मुख्यालय मुंबई में है तथा इसके क्षेत्रीय कार्यालय मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बंगलुरु, तिरुअनंतपुरम, हैदराबाद, नई दिल्ली, कटक तथा गुवाहाटी में हैं। बोर्ड के कार्य इस प्रकार हैं :

(i) गैर प्रतिबंधित सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए फिल्म को प्रमाणपत्र देना (यू प्रमाणपत्र)

(ii) वयस्कों (जो 18 वर्ष के हो चुके हैं) के लिए फिल्मों के सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए प्रमाणपत्र देना (ए प्रमाणपत्र)

(iii) गैर-प्रतिबंधित सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए इस चेतावनी के साथ प्रमाणपत्र जारी करना कि 12 वर्ष से कम आयु के बच्चे माता-पिता के साथ ही फिल्म देखने आएंगे (यूए प्रमाणपत्र)

(iv) किसी व्यवसाय विशेष के सदस्यों के लिए सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए प्रमाणपत्र देना (एस प्रमाणपत्र)

(v) अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार बोर्ड फिल्म को प्रमाणपत्र देने से पहले कुछ अंशों को हटाने का आदेश दे सकता है और बोर्ड प्रमाणपत्र देने से इंकार भी कर सकता है।

सीबीएफसी की वार्षिक योजना 2010-11 की स्कीमें निम्नलिखित हैं :

1. कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली की स्थापना तथा ढांचागत उन्नयन

स्कीम में एनआईसी की सहायता से सीबीएफसी के सभी कार्यों का कंप्यूटरीकरण करने का विचार है। ढांचागत उन्नयन के साथ तकनीकी उपकरण जैसे टीवी, वीसीडी तथा डीवीडी प्लेयर प्रदान करना भी है। इस स्कीम के लिए 11वीं योजना में स्वीकृत परिव्यय 350.00 लाख रुपये है।

2. नई दिल्ली, कटक तथा गुवाहाटी में क्षेत्रीय कार्यालय खोलना

नई दिल्ली, कटक तथा गुवाहाटी में इन क्षेत्रों में निर्मित फिल्मों के प्रमाणन के लिए सीबीएफसी कार्यालय खोलने की आवश्कता है। वर्तमान में इन कार्यालयों को मंत्रालय की अन्य मीडिया इकाईयों से लिए गए स्टाफ/अधिकारी देख रहे हैं। इन तीन कार्यालयों को संभालने के लिए तीन क्षेत्रीय अधिकारियों तथा तीन पद एलडीसी के सृजित किए गए हैं। स्कीम के लिए 11वीं योजना में कुल परिव्यय 312 लाख रुपये है।

3. प्रमाणन प्रक्रिया की निगरानी और आधुनिकीकरण

स्कीम में पर्यवेक्षण अधिकारियों/बोर्ड सदस्यों तथा फिल्म प्रकाशन में पैनल सदस्यों के लिए कार्यशालाएं, सेमिनार आयोजित करना; प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय में एक कार्यशाला तथा सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में सभी के लिए एवं अखिल भारतीय पैनल कार्यशाला। इसके लिए 11 वीं योजना में स्वीकृत परिव्यय 500.00 लाख रुपये है।

बाल फिल्म समिति, भारत

सीएफएसआई की विभिन्न गतिविधियां निम्नलिखित हैं :

1. निर्माण और खरीद : सीएफएसआई बच्चों तथा युवाओं के लिए फिल्म तथा वीडियो फॉरमेट में फीचर फिल्म, लघु फीचर फिल्म, एनीमेशन, लघु फिल्म, पपेट फिल्म तथा टीवी सीरियल बनाता है। संगठन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में लोकप्रिय रही कुछ फिल्मों के प्रदर्शन अधिकार भी खरीदता है। इन फिल्मों तथा समिति द्वारा निर्मित फिल्मों की विभिन्न भारतीय भाषाओं में डबिंग कराई जाती है।

2. फिल्म समारोह

क. अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह : सीएफएसआई हर दूसरे साल प्रतियोगी बाल फिल्म समारोह का आयोजन करता है। अंतर्राष्ट्रीय बाल एवं युवा फिल्म केंद्र जोकि दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों को नियंत्रित करने वाली यूनेस्को से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय संस्था है, ने इसे ए श्रेणी में रखा है।

ख. अंतर्राष्ट्रीय बाल समारोहों में भागीदारी : सीएफएसआई की फिल्में विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में प्रदर्शित हुई हैं, इससे विदेशों में बच्चों की फिल्मों को बढ़ावा देने में मदद मिली है। हर दूसरे साल होने वाले अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में राष्ट्रीय डिजिटल फिल्म समारोह आयोजित करने का भी प्रस्ताव है।

3. आधुनिकीकरण तथा संवर्धन : सीएफएसआई ने अपने कार्यालय का कंप्यूटरीकरण किया है तथा मौजूदा हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का उन्नयन किया जा रहा है।

4. एनिमेशन तथा फिल्म निर्माण पर कार्यशालाएं : सीएफएसआई बच्चों को फिल्म निर्माण के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देने के लिए फिल्म निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया तथा एनीमेशन पर कार्यशालाएं आयोजित करती है। इनमें एनिमेशन कार्यशाला, पटकथा लेखन कार्यशाला, फिल्म समालोचना कार्यशाला तथा फिल्म निर्माण कार्यशालाएं शामिल हैं।

5. सीएफएसआई फिल्मों का डिजिटल रूपांतरण तथा वेबकास्टिंग : सीएफएसआई द्वारा (निर्मित, डब की हुई तथा उपशीर्षक सहित) सभी फिल्मों को अभिलेखन के उद्देश्य से डिजिटल रूप में रूपांतरित करना तथा उन्हें इंटरनेट/वेब पर उपलब्ध कराना

6. फिल्मों का प्रदर्शन और वितरण

क. निजी प्रदर्शन

कई स्कूल और व्यक्ति, स्कूलों या सिनेमाहॉल में 35 मिमी, 16 मिमी प्रोजेक्टरों के जरिए गैर व्यावसायिक प्रदर्शनों के लिए नियत शुल्क देकर इन फिल्मों को किराए पर लेते हैं।

ख. जिला और राज्य स्तर के समारोह

यह गतिविधि जिला प्रशासनों के साथ मिलकर की जाती है। विभिन्न राज्यों के कुछ जिलों को चिन्हित कर वहां मामूली प्रवेश शुल्क पर फिल्में दिखाई जाती हैं। सरकारी निगम, स्कूलों या जिला परिषद के स्कूलों में जाने वाले बच्चों को ये फिल्में देखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2007-08 से यह निर्णय लिया गया है कि सीएफएसआई फिल्मों के प्रदर्शन के लिए बच्चों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

ग. सिनेमाहॉल के बाहर मुफ्त प्रदर्शन

ग्रामीण और मनोरंजन के दूसरे साधनों से वंचित बच्चों तक पहुंचने के लिए सीएफएसआई ने सरकारी स्कूलों के बच्चों और आदिवासी बच्चों को मुफ्त फिल्में दिखाने की एक नई योजना शुरू की है। नेहरू युवा केंद्र संगठन जैसे गैर सरकारी संगठनों की इसमें मदद ली जा सकती है। मुफ्त प्रदर्शनों पर होने वाला खर्च सीएफएसआई, इस मद में सरकार से मिलने वाले सहायक अनुदान से पूरा करती है। इस योजना में सुधार गृहों, अनाथालयों आदि में रहने वाले बच्चों को भी फिल्में दिखाने का मौका दिया जाता है।

घ. वितरकों के जरिए प्रदर्शन

सीएफएसआई, स्कूल और सिनेमाहॉलों में फिल्मों के प्रदर्शन के लिए वितरकों/आयोजकों से भी सहयोग लेती है। यह एक तय मासिक शुल्क लेकर फिल्में ले लेते हैं और आवंटित क्षेत्र में उनका प्रदर्शन करते हैं।

च. टेलीविजन पर फिल्मों का प्रदर्शन

समिति की फिल्में दूरदर्शन के राष्ट्रीय नेटवर्क और क्षेत्रीय चैनलों के अलावा निजी चैनलों पर दिखाई जाती हैं।

छ. पूर्वोत्तर क्षेत्र और जम्मू-कश्मीर में गतिविधियां

समिति पूर्वोत्तर राज्यों सहित क्षेत्रीय भाषाओं में फिल्मों के निर्माण पर कार्यशालाओं के आयोजन और प्रदर्शन के जरिए उन्हें प्रोत्साहन देती है।

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय में 207 क्षेत्रीय प्रचार इकाइयां कार्यरत हैं और देश भर में 22 क्षेत्रीय कार्यालयों के नियंत्रण में ये कार्यरत हैं। केन्द्र सरकार की इन नीतियों, कार्यक्रमों तथा योजनाओं पर उनका लक्ष्य और उद्देश्य केन्द्रित है जिनमें लोगों के उत्थान पर अधिक जोर दिया गया है। इस प्रकार इनके कार्यकाल देश के ग्रामीण, पिछड़े, सीमावर्ती तथा जनजातीय क्षेत्रों तक केन्द्रित हैं। बहुमाध्यम अभियानों, फिल्म प्रदर्शनों, फोटो प्रदर्शनियों, संगोष्ठियों, ग्रुप विचार-विमर्शों तथा विशेष वार्ता कार्यक्रमों जिनमें गोष्ठी, संगोष्ठी, रैलियां तथा ग्रामीण खेल आदि शामिल हैं, के माध्यम से संदेशों का प्रचार-प्रसार किया जाता है। निदेशालय के लक्ष्य और उद्देश्य मोटे तौर पर इस प्रकार हैं—

(1) लोगों और सामग्री को एक दूसरे के निकट लाकर सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रस्तुत करना और उनके लाभ के लिए कार्यक्रमों और नीतियों के बारे में जानकारी देना।

(2) लोगों को लोकतंत्र, समाजवाद और धर्म निरपेक्षता के बुनियादी राष्ट्रीय मूल्यों की जानकारी देना तथा लगातार व्यक्तिगत संपर्कों के माध्यम से ऐसे मूल्यों में उनकी आस्था को दृढ़ बनाना।

(3) विकासात्मक गतिविधियों में सक्रिय, सहभागिता के लिए सबसे निचले स्तर के लोगों के साथ संपर्क स्थापित करना और कल्याण तथा विकास कार्यों पर अमल करने के संबंध में जनमत को भी सक्रिय करना।

(4) सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों तथा उनके कार्यान्वयन के बारे में लोगों की प्रतिक्रिया हासिल करना। इस प्रकार निदेशालय सरकार और जनता के बीच संचार के दो तरफा चैनल की तरह कार्य करता है।

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय (डीएवीपी) भारत सरकार की प्रमुख मल्टी मीडिया विज्ञापन एजेंसी है। यह विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की नीतियों, कार्यक्रमों और उपलब्धियों को विभिन्न प्रचार माध्यमों के जरिए जनता तक पहुंचाने का काम करती है। डीएवीपी अनेक स्वायत्त संस्थानों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के प्रचार आवश्यकताओं को भी पूरा करती है। समाज से जुड़े संदेशों का आम आदमी तक पहुंचाने के लिए यह निम्नलिखित माध्यमों का सहारा लेती है–

(क) समाचारपत्रों में विज्ञापनों के जरिए,

(ख) श्रव्य/दृश्य स्पॉट, जिंगल्स इत्यादि,

(ग) मुद्रित प्रचार साहित्य, पुस्तिकाएं, ब्रोशर, पोस्टर इत्यादि,

(घ) बाह्य प्रचार माध्यमों – होर्डिंग्स, मेट्रो रेल पैनल, बस पैनल, कियोस्क, सार्वजनिक सुविधाएं इत्यादि।

(ङ) ग्रामीण तथा कस्बाई क्षेत्रों में भीड़भाड़ वाले इलाके जैसे कि मेले इत्यादि में फोटो प्रदर्शिनी के आयोजन द्वारा,

(च) डीएवीपी का आधुनिकीकरण :

साफ्टवेयर, आफिस के बुनियादी ढांचे और कम्प्यूटर प्रशिक्षण इत्यादि।

कुल मिलाकर डीएवीपी कई वर्षों से सामाजिक–आर्थिक परिवर्तन और विकास के क्षेत्र में उत्प्रेरक की भूमिका निभा रहा है और यह जनता के बीच जागरूकता निभाने, विकासात्मक गतिविधियों में जनता की भागीदारी प्राप्त करने और गरीबी तथा अन्य सामाजिक बुराइयों को खत्म करने में बेहद अहम भूमिका निभा रहा है। मुद्रित माध्यम प्रचार तथा श्रव्य–दृश्य प्रचार को भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा समय–समय पर जारी क्रमशः विज्ञापन नीति और दृश्य–श्रव्य प्रचार नीति के तहत किया जाता है।

फिल्म समारोह निदेशालय

फिल्म समारोह निदेशालय को अच्छे सिनेमा को बढ़ावा देने तथा भारत में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों (आईएफएफआई) का आयोजन करने, देश और विदेश में भारतीय फिल्मों को बढ़ावा देने, फिल्म सप्ताहों का आयोजन तथा राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

निदेशालय भारत में और विदेशों में सर्वश्रेष्ठ भारतीय सिनेमा को प्रदर्शित करने के प्रयास भी करता है। निदेशालय द्वारा आयोजित फिल्म समारोह भारत और विदेश के एक जैसी सोच वाले पेशेवरों के लिए विचार विनिमय और अपने दृष्टिकोण और अवधारणाओं को एक–दूसरे के साथ बांटने के एक मंच के रूप में कार्य करते हैं।

निदेशालय की गतिविधियां 'भारत और विदेशों में फिल्म समारोह के जरिए निर्यात संवर्धन' योजना के माध्यम से चलाई जाती हैं जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं :

(क) भारत का अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह

(ख) भारत और विदेशों में आयोजित फिल्म समारोहों में भारतीय पैनोरमा फिल्मों की भागीदारी

(ग) भारतीय पैनोरमा फिल्मों का चयन

फिल्म समारोहों के जरिए निर्यात संवर्धन की योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के दृष्टिकोण से निदेशालय को एक तकनीकी रूप से सुसज्जित प्रिंट यूनिट, जो प्रिंटों की लम्बी अवधि तक भंडारण में मदद करेगी, प्रदान करने के लिए एक नई योजना का भी 11वीं पंचवर्षीय योजना में प्रावधान है।

इसके अलावा, सीरीफोर्ट फिल्म समारोह परिसर के रख-रखाव तथा देखभाल की जिम्मेदारी भी निदेशालय की है। परिसर में सुविधाएं/सुधार का कार्य 'फिल्म समारोह परिसर - संयोजन और बदलाव' योजना स्कीम के माध्यम से हाथ में लिया गया है।

फिल्म प्रभाग

फिल्म प्रभाग की स्थापना वृत्तचित्र, एनीमेशन, छोटी और कार्टून फिल्मों का निर्माण करने और उसका वितरण जनसूचना, शिक्षा, प्रोत्साहन और सांस्कृतिक उद्देश्य के लिए किया गया है। फिल्म प्रभाग का मुख्यालय मुंबई में है। इसकी निर्माण ईकाई दिल्ली में स्थापित है जो विभिन्न सरकारी विभागों एवं अन्य सरकारी संस्थाओं के लिए वृत्तचित्र का निर्माण करती है। इसके साथ दो अन्य निर्माण केंद्र बंगलुरु और कोलकाता में है जो विडियो फिल्म एवं फिचरहेड फिल्मों का निर्माण करती है। यह ग्रामीण कहानियों पर आधारित फिल्मों का निर्माण करते हैं। चौदह वरिष्ठ कैमरामैन और दो सहायक कैमरामैन विभिन्न राज्यों की राजधानी में नियुक्त हैं जो कि वहां की विशेष राष्ट्रीय और सांस्कृतिक गतिविधियों को कवरेज करते हैं। फिल्मों का वितरण दस शाखाओं से किया जाता है। महाराष्ट्र सरकार और अन्य फिल्म हस्तियों के सहयोग से फिल्म प्रभाग दो-वर्षीय फिल्मोत्सव का आयोजन करता है।

भारत और विदेशों में आयोजित फिल्म बाजारों में भागीदारी

11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान सूचना और प्रसारण मंत्रालय का फिल्म स्कंध ''फिल्मों का निर्यात और विपणन'' नामक कार्यक्रम के घटक ''भारत और विदेश में फिल्म बाजारों में भागीदारी'' का कामकाज मंत्रालय देख रहा है, जबकि ''भारत और विदेश में फिल्म समारोहों के जरिए निर्यात संवर्द्धन'' घटक डीएफएफ द्वारा लागू किया जा रहा है।

भारत और विदेशों में आयोजित फिल्म बाजारों में भागीदारी

''भारत और विदेश में फिल्म बाजारों में भागीदारी'' घटक के कार्यान्वयन का प्रयोजन भारतीय फिल्मों की पहुंच को वैश्विक आधार प्रदान करना है। अंतर्राष्ट्रीय फिल्म बाजारों में भारतीय फिल्मों की भागीदारी से उनके परिचय को बढ़ावा मिलता है और फिल्मों की उपलब्धता की जानकारी प्रचारित होती है। निर्यात की संभावनाएं मौजूदा बाजारों और छोटे तथा गैर-पारंपरिक बाजारों जैसे लेटिन अमरीका, चीन और स्केंडिनेवियन देशों में बढ़ाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। अंतर्राष्ट्रीय फिल्म बाजारों में भागादारी के जरिए हम अन्य देशों में अपनी फिल्में प्रदर्शित कर यह सब हासिल कर सकते हैं। इन बाजारों में केंस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह और बाजार, बर्लिन फिल्म समारोह और अमरीकन फिल्म बाजार-लॉस ऐंजेल्स आदि शामिल हैं। पारंपरिक फिल्म बाजारों के अतिरिक्त, योजना के अंतर्गत एनीमेशन फिल्म समारोह/बाजारों, बाल फिल्म बाजार और/अथवा वृत्तचित्र फिल्म क्षेत्र में भागीदारी का प्रस्ताव है। योजना का लक्ष्य फ्रांस में एन्नेसी-एनीमेशन फिल्म समारोह/बाजार केंस में अक्टूबर में आयोजति ऑडियो-विजुअल कंटेंट इंडस्ट्री बाजार (मिपकोम) में भागीदारी का है। अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह के साथ फिल्म बाजार का भी आयोजन किया जाता है। इन बाजारों में भागीदारी की संभावनाओं का आकलन वार्षिक आधार पर किया जाता है तथा साल दर साल भिन्न हो सकता है।

ऐनीमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना

तीव्र प्रौद्योगिकी विकास ने एनीमेशन, गेमिंग और विशेष दृश्य प्रभावों के क्षेत्र में विकास को बढ़ावा दिया है। एनीमेशन सॉफ्टवेयर कार्यक्रमों का इस्तेमाल कंटेंट विकसित करने के लिए 2 डी सैल एनीमेशन तथा 3 डी सैल एनीमेशन तकनीकों का इस्तेमाल होता है। 3 डी मोशन केप्चर एनीमेशन तकनीकों का इस्तेमाल लो रिजोल्युशन गेम, इंटरनेट करेक्टर्स, विशेष प्रभाव इत्यादि में होता है। इसी तरह, गेमिंग उद्योग गेम डिजाइन, प्लेटफार्म डिजाइन तथा प्ले करेक्टरिस्टिक सिस्टम के लिए आधुनिक गेमिंग सॉफ्टवेयर पर निर्भर है। भारतीय गेमिंग उद्योग मोबाइल तथा ऑन लाइन गेमिंग क्षेत्र में अवसरों का इस्तेमाल करना चाहता है। ऐनीमेशन, गेमिंग तथा दृश्य प्रभाव उद्योग प्रौद्योगिकी तथा तकनीकी/व्यवसायिक दोनों मानवशक्ति की मांग वाला क्षेत्र है। भारतीय उद्योग पहले से ही विरोध का सामना कर रहा है। ऐसे में जब इन उद्योगों में भारत का एक छोटा हिस्सा है, वैश्विक मांग और भारत में आईटी व्यावसायिकों का विशाल पूल होने के नाते अत्यधिक संभावनाएं हैं।

दृश्य प्रभाव एक उच्च कौशल वाली गतिविधि है और ऑडियो-वीडियो उद्योग में काफी महत्व रखती है। यह कौशल विकास एनीमेशन और गेमिंग के अनुरूप है और इसमें राजस्व की अत्यंत संभावनाएं हैं। यद्यपि, तेजी से बढ़ रहे एनीमेशन और गेमिंग तथा दृश्य प्रभाव उद्योग को प्रशिक्षित व्यावसायिकों की कमी का पहले से ही सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न रिपोर्टों से अनुमान लगाया गया है कि वर्तमान में लगभग 10,000 एनीमेशन व्यावसायिकों की आवश्यकता है जबकि मात्र 3000 व्यावसायिक ही उपलब्ध हैं। इसी प्रकार गेमिंग उद्योग में लगभग 6000 व्यावसायिक हैं जबकि मांग इससे कहीं अधिक है। उद्योग की गति को देखते हुए कुशल व्यावसायिकों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसलिए यह आवश्यक है कि भारत एनीमेशन, गेमिंग और दृश्य प्रभाव क्षेत्र में प्रशिक्षित कार्मिकों की संख्या बढ़ाने के उपाय सुनिश्चित करे। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए, एक एचआर योजना की इस क्षेत्र को आवश्यकता है ताकि प्रशिक्षित कार्मिकों की संख्या तीव्रता से बढ़ सके। इस प्रकार उच्च शिक्षा में स्कूल पाठ्यक्रम तथा एनीमेशन प्रशिक्षण के बीच स्पष्ट-सह-संबंध स्थापित करने की आवश्यकता है। उपर्युक्त उद्देश्यों के साथ यह विचार किया गया है कि सार्वजनिक/निजी भागादारी में एनीमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभाव क्षेत्र के लिए एक विशेषीकृत प्रशिक्षण और परामर्श संस्थान स्थापित किया जाए। यह संस्थान इन क्षेत्रों में स्तरीय अध्ययन और प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक बेंचमार्क स्थापित करे और संपूर्ण क्षेत्र के लिए नेतृत्व प्रदान करे। भारत में अपनी तरह का एकमात्र संस्थान होने के चलते संस्थान क्षेत्र में अनुसंधान अवसर भी प्रदान करेगा। इससे प्रौद्योगिकीय पहल और सॉफ्टवेयर विकास में सहायता मिलेगी। आगे चलकर, अनुसंधान न केवल बौद्धिक संपदा पैदा करने बल्कि राजस्व बढ़ाने तथा संबंधित क्षेत्र में नेतृत्व की स्वीकृति प्रदान करता है।

एनीमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने मानव संसाधन पर एक अध्ययन हेतु मेसर्स पीडब्ल्यूसी को नियुक्त किया था। पीडब्ल्यूसी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है जिसमें ऐसे केंद्र की स्थापना की सिफारिश की है। इसी के अनुरूप मंत्रालय ने सैद्धांतिक मंजूरी के लिए योजना आयोग से संपर्क किया है। योजना आयोग की सलाह पर यह मंत्रालय एफआर/डीपीआर तैयार करने के लिए एक परामर्शक नियुक्त करने की प्रक्रिया में है।

भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे

फिल्म संस्थान की स्थापना 1960 में पुणे में, कला तथा फिल्म निर्माण तकनीक में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रमुख संस्थान के रुप में की गई थी। 1974 से इसने टेलीविजन निर्माण में भी दूरदर्शन के कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने का काम शुरू किया और संस्थान का नाम भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्तान रख दिया। एफटीआईआई फिल्म निर्माण एवं टेलीविजन प्रशिक्षण में संस्थान द्वारा संचालित अकादामिक पाठ्यक्रम :

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	वर्तमान में छात्रों की संख्या
(क).	फिल्म एवं टेलीविजन में तीन वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम	
1.	निर्देशन	50
2.	सिनेमाटोग्राफी (फिल्म एवं टेलीविजन)	50
3.	संपादन (फिल्म एवं टेलीविजन)	36
4.	ऑडियोग्राफी (फिल्म एवं टेलीविजन)	37
(ख).	दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम	
1.	अभिनय	40
2.	कला निर्देशन तथा निर्माण डिजाइन	36
(ग).	एमीमेशन एवं कंप्यूटर ग्राफिक्स में डेढ़ वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम	24
(घ).	टेलीविजन में एक वर्षीय प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	
1.	निर्देशन	11
2.	इलेक्ट्रॉनिक सिनेमेटोग्राफी	11
3.	वीडियो संपादन	11
4.	ऑडियोग्राफी एवं टेलीविजन इंजीनियरिंग	09
(ई).	फीचर फिल्म पटकथा लेखन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	12
	कुल	**337**

लघु पाठ्यक्रम

एफटीआईआई कार्यरत पेशेवरों और संबंधित क्षेत्र में दिलचस्पी रखने वालों के लिए विभिन्न लघु पाठ्यक्रम चलाता है।

योजना स्कीमें

ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में निम्नलिखित दो स्कीमों को प्रस्तावित किया गया है :

(क) I. एफटीआईआई को अनुदान सहायता

II. मशीनरी और उपकरण

III. सिविल निर्माण और विद्युतीय कार्य

IV. सामुदायिक रेडियो की स्थापना

V. केप्टिव टीवी चैनल की स्थापना

VI. छात्रों के लिए विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ छात्रवृत्ति और आादन-प्रदान कार्यक्रमों सहित एचआरडी आयाम।

नई स्कीम

ग्लोबल फिल्म स्कूल (नई)

(क) जारी स्कीम

I. **एफटीआईआई, पुणे को अनुदान सहायता :** स्कीम का उद्देश्य ढांचागत कमी से उबरना और उद्योग में बेहतर वातावरण के साथ उपलब्ध प्रशिक्षण सुविधाओं को बढ़ाना है। इस स्कीम के लाभार्थी सीधे तौर पर छात्र और प्रशिक्षु हैं।

मानव संसाधन विकास से संबंधित योजना में संस्थान के छात्रों तथा संकाय सदस्यों के लिए लाभ बढ़ाने के संबंध में परिणाम के साथ कुछ प्राथमिक प्रयास किए गए हैं। हालांकि इस मौजूदा योजना के कुछ तत्वों को अधिकतम लाभ की दिशा में पुनर्आकार देने की आवश्कता हो सकती है, इसको जारी रखने की आवश्यकता है।

ग्लोबल फिल्म स्कूल (नई योजना): ग्लोबल फिल्म स्कूल का विचार और प्रस्ताव अंतराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करने की दिशा में ढांचा उन्नयन तथा एफटीआईआई को अंतर्राष्ट्रीय परिसर में विकसित करने के लिए संस्थान के पाठ्यक्रम को अद्यतन करता है। उद्देश्य विश्वभर के छात्रों को एफटीआईआई पुणे तक आकर्षित करना तथा अन्य अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त फिल्म स्कूल के साथ छात्र आदान-प्रदान की अनुमति प्रदान करना है। जिसके लिए एफटीआईआई द्वारा दिए गए श्रेय को मान्यता की आवश्कता होगी।

इस उद्देश्य के लिए नियुक्त परामर्शक के साथ इस मामले में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पर कार्य किया जाएगा।

सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता

फिल्म तथा टेलीविजन कार्यक्रमों की विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित मानवशक्ति उपलब्ध कराने के मकसद से भारत सरकार ने एक स्वायत्त शैक्षणिक संस्थान के रूप में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अधीन कोलकाता के सत्यजीत राय फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान की स्थापना की थी और इसे पश्चिम बंगाल सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1961 के तहत पंजीकृत है। कोलकाता में संस्थान की स्थापना का विशेष उद्देश्य पूर्वी तथा उत्तरपूर्वी भारत के लिए फिल्म एवं टेलीविजन निर्माण में शिक्षा प्रदान करना है।

संस्थान का प्राथामिक मूल उद्देश्य छात्रों के लिए फिल्म और टेलीविजन पर विभिन्न पाठ्यक्रम चलाना है। प्रति वर्ष यहां से लगभग 40 छात्र निकलते हैं। टेलीविजन उद्योग के लिए और फिल्म उद्योग के लिए प्रशिक्षित मानव शक्ति प्रदान करना मुख्य उद्देश्य है।

संस्थान, निर्देशन और पटकथा लेखन, चलचित्र छायांकन, सम्पादन और ध्वन्यांकन में तीन साल का स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स कराता है। इनमें से प्रत्येक शाखा में दस-दस छात्र लिए जाते हैं। फिल्म तथा टेलीविजन से जुड़े अन्य क्षेत्रों में बुनियादी डिप्लोमा कोर्सों के अतिरिक्त समाजशास्त्र, संस्कृति और फिल्म तथा टेलीविजन टेक्नोलाजी के बारे में अनुसंधान और खोजी अध्ययनों पर भी यह संस्थान ध्यान देता है। पाठ्यक्रम में छात्रों की परियोजनाएं शामिल हैं जैसे—निरंतरता, मिस-एन-सीन, एड-प्रोमो, डाक्यूमेंटरी, पार्श्व गायन तथा डिप्लोमा फिल्में आदि। कक्षा की पढ़ाई के अतिरिक्त, प्रसिद्ध फिल्मी हस्तियों द्वारा विभिन्न कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं। फिल्म निर्माण में आधुनिक तरीके तथा तकनीक को बेहतर रूप में समझने के लिए देसी तथा विदेशी फिल्मों का नियमित प्रदर्शन किया जाता है।

विभाग-वार वर्तमान छात्र संख्या निम्नलिखित तालिका में दर्शाई गई है :

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	छात्रों की वर्तमान संख्या
(क)	फिल्म एवं टेलीविजन में तीन वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम	
1	निर्देशन	28
2.	सिनेमेटोग्राफी (एमपीपी)	28
3.	संपादन	30
4.	ऑडियोग्राफी (साउंड रिकार्डिंग)	26
	कुल	**112**

बुनियादी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के अलावा संस्थान, विभिन्न संगठनों और फिल्म उद्योग की मांग पर विभिन्न अल्पावधि पाठ्यक्रम और विभिन्न परियोजनाएं हाथ में लेता है।

प्रवेश प्रक्रिया जारी है और 2009-12 बैच के लिए कक्षाएं 29 मार्च 2010 से शुरू होंगी।

अजा/अजजा

यह संस्थान पदों को भरने अथवा प्रवेश में अजा/जजा/अपिब/शाअ लोगों के आरक्षण के संबंध में तय नियमों और विनियमों का कड़ाई से पालन करता है।

एसआरएफटीआई, कोलकाता की अनुदान सहायता की योजना स्कीम

संस्थान ने 10वीं योजना के दौरान शुरू की गई उन विभिन्न स्कीमों को 11वीं पंचवर्षीय योजना में संस्थान के एकल सहायता अनुदान में मिला दिया है जो अभी चल रही हैं। स्कीम में चल रही स्कीमों के अलावा दो नई स्कीमें भी शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक स्कीम का संक्षिप्त परिणाम नीचे दिया गया है :

सहायता अनुदान स्कीम में निम्नलिखित भाग हैं :

क्र.सं.	स्कीम/परियोजना का नाम
(क)	**जारी स्कीम**
1.	सामुदायिक रेडियो स्टेशन की स्थापना
2.	केप्टिव टीवी सॉफ्टवेयर निर्माण केंद्र की स्थापना
3.	प्रशिक्षण और कौशल विकास डब्ल्यु.आर.टी सामाजिक सुसंगत फिल्म निर्माण
4.	छात्रवृत्ति, छात्र/संकाय आदान प्रदान कार्यक्रम
5.	मानवशक्ति सहित ढांचागत प्रावधानों के साथ कंप्यूटरीकरण, आधुनिकीकरण

(ख)	नई स्कीम
1.	एनीमेशन तथा इलेक्ट्रानिक इमेजिंग विभाग
2.	फिल्म एवं टेलीविजन में निर्माण प्रबंधन विभाग

जारी स्कीम

सामुदायिक रेडियो स्टेशन

सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस) की स्थापना संस्थान में एफएम आधारित रेडियो स्टेशन के रूप में इस विचार से की गई कि छात्रों को ऑन-लाइन प्रसारण में प्रशिक्षण दिया जा सके। एफ एम चैनलों की बढ़ती लोकप्रियता जन शिक्षा और मनोरंजन, स्थानीय रुचियों और स्टाइल के मनमाफिक तैयार कार्यक्रमों के लिए एक प्रभावी मीडिया के रूप में स्थानीय प्रसारण प्रणालियों के संचालन की उर्वर भूमि की मौजूदगी दर्शाती है। अपने मौजूदा तैयार ढांचे तथा युवा, ओजस्वी छात्र संसाधन के साथ एसआरएफटीआई सामुदायिक रेडियो स्टेशन की स्थापना तथा सफलतापूर्वक इसे चलाने के लिए उपयुक्त स्थान है। परियोजना को ताकत निम्नलिखित से मिलती है :

स्कीम का उद्देश्य संस्थान में दिए जा रहे प्रशिक्षण की गुणवत्ता में मूल्य वर्धन के साथ इस क्षेत्र में भविष्य के रोजगार तथा उत्कृष्टता के विस्तार को अनिवार्य रूप से बढ़ाना है। यद्यपि, एक बार परियोजना शुरू हो गई तब प्रायोजक मिलने की संभावना है जिससे पूरी अथवा आंशिक निर्माण लागत निकल आएगी।

केप्टिव टीवी सॉफ्टवेयर केंद्र की स्थापना

परियोजना का उल्लेखनीय उद्देश्य ऑन-लाइन टेलीकास्ट की कला और तकनीक की शुरुआत करना है और छात्रों को दिए जा रहे प्रशिक्षण में गुणवत्ता बढ़ाना है। इसमें अनिवार्य रूप से कम शक्ति/उच्च शक्ति ट्रांसमीटरों (एलपीटी/एचपीटी) के जरिए प्राप्त किए गए दैनिक/साप्ताहिक स्लॉट में प्रसारण के लिए छात्रों और शिक्षकों द्वारा टीवी सॉफ्टवेयरों का निर्माण शामिल है। कार्यक्रम मुख्य रूप से स्थानीय रुचियों के हिसाब से परिवार कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा मनोरंजन के सामाजिक मुद्दों से संबंधित होते हैं।

डब्ल्यु.आर.टी. सामाजिक संदर्भ वाले फिल्म निर्माण का प्रशिक्षण और कौशल विकास

संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से चुने गए 120 प्रतियोगी युवाओं के लिए फिल्म एवं टेलीविजन में तीन वर्षीय पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम संचालित करता है। परियोजना का उद्देश्य इस क्षेत्र में प्रशिक्षण पा रहे युवा छात्रों के लिए प्रशिक्षण में अति वांछित मूल्य जोड़ना है। इस स्कीम के तहत संस्थान की मौजूदा प्रशिक्षण गतिविधियों में प्रस्तावित तत्वों से छात्रों को इस उद्योग की कठिनाइयों से सामना करने में सहायता मिलेगी।

छात्रवृत्ति छात्र/संकाय आदान प्रदान कार्यक्रम

स्कीम का उद्देश्य संस्थान के छात्रों के लिए एक सहयोगी आधार तैयार करना है जहां विदेशी प्रतिष्ठित फिल्म स्कूलों के साथ अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों/फोरमों तथा छात्र आदान प्रदान कार्यक्रमों के जरिए फिल्म निर्माण की उभरती प्रौद्योगिकी तथा तकनीकों से परिचित कराना है। फिल्म एवं टीवी उद्योग में प्रशिक्षण मनोरंजन उद्योग में हालिया प्रौद्योगिकीय बदलावों को समझने में यह स्कीम शिक्षकों की भी मदद करेगी। स्कीम में प्रतिभाशाली छात्रों के लिए छात्रवृत्ति तथा विदेशी उद्योगों और फिल्म उद्योगों के साथ आदान-प्रदान कार्यक्रम शामिल हैं।

मानव शक्ति सहित ढांचे के कंप्युटरीकरण, आधुनिकीकरण का प्रावधान

संस्थान का मुख्य उद्देश्य फिल्म और टेलीविजन मीडिया के लिए प्रशिक्षित मानव शक्ति प्रदान करने के लिए फिल्म और टीवी पर विभिन्न पाठयक्रमों में प्रशिक्षण देना है। वर्तमान में संस्थान चार शाखाओं में तीन वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठयक्रम संचालित कर रहा है। ये शाखाएं हैं : निर्देशिन तथा पटकथा लेखन, साउंड रिकार्डिंग तथा मोशन पिक्चर फोटोग्राफी। पहले केवल एक बैच के लिए पाठ्यक्रम चलाने के लिए ढांचा तैयार किया गया और उसी के अनुरूप पद सृजित किए गए। धीरे धीरे, बैच बढ़ने के साथ ढांचागत विकास और पदों का सृजन नहीं हुआ, परिणामस्वरूप संस्थान को तीनों बैच एक साथ संचालित करने के लिए ढांचागत कमी और मानव शक्ति की कमी का कठिन सामना करना पड़ रहा है। स्कीम से संस्थान को पर्याप्त ढांचा प्रदान करने में सहायता मिलेगी तथा विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण पा रहे छात्रों को आधुनिक प्रौद्योगिकी हासिल हो सकेगी।

नई स्कीम

ऐनीमेशन और इलेक्ट्रॅनिक इमेजिंग विभाग

पिछले कुछ सालों में दृश्य-श्रव्य कार्यक्रमों के निर्माण की दुनिया में जबरदस्त परिवर्तन आया है। एक प्रमुख क्षेत्र जिसमें उल्लेखनीय विकास हुआ है, वह ऐनीमेशन और मल्टी-मीडिया प्रयोगों का है। एनीमेशन की लोकप्रियता और संभावनाओं के बारे में हर कोई जानता है और इस बारे में अलग से कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है। वेब से जुड़े प्रयोगों और एनीमेशन फिल्मों के साथ-साथ मल्टी मीडिया सीडी-रोम्स/गेम्स का एक विशाल गतिशील और संभावनाओं से भरा बाजार मौजूद है। अगले कुछ सालों में भारत एनीमेशन से जुड़े काम के लिए एक प्रमुख केंद्र बन जाएगा। इन गतिविधियो में मदद करने वाले प्रशिक्षित मानव संसाधन की भारी मांग है।

इसलिए संस्थान में एनीमेशन और इलेक्ट्रानिक इमेजिंग में दो साल का एक स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ करने का प्रस्ताव किया है जिसमें प्रत्येक बैच में 10-10 छात्रों का लेने का प्रस्ताव है। अगर इस स्कीम को मान लिया गया और मंजूरी प्रदान कर दी गई तो फिलहाल यह कोर्स 2011 के बाद से शुरू किया जाएगा, जिसके लिए वांछित बुनियादी ढांचा विकसित किया जाएगा तथा लोगों की भर्ती की जाएगी।

फिल्म तथा टेलीविजन कार्यक्रम प्रबंध विभाग

दृश्य श्रव्य मीडिया, एक बहु-आयामी मीडिया है और वह भी व्यापक विविधता को लिए हुए। एक सफल कार्यक्रम के निर्माण के लिए सभी विविधताओं को एक व्यविस्थित और किफायती एकजुटता में उसमें कुशल और पेशेवर प्ररबंधन को लाने के लिए मीडिया के कार्यकलापों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान रखने वाले योग्यता प्राप्त प्रबंधकों का होना अनिवार्य है। ये प्रबंधक व्यापार से जुड़ा अनुशासन और पारदर्शिता लाने में कामयाब हो सकेंगे जिससे कार्यक्रम निर्माण आर्थिक दृष्टि से व्यावहारिक हो सकेगा। चूंकि आज विशेषज्ञता का युग है, इसलिए उद्योग की जरूरतों के अनसार मानव संसाधनों को प्रशिक्षित और प्रयोग करना जरूरी हो गया है।

फिल्मों और टेलीविजन में निर्माण प्रबंधन में विशेष रूप से प्रशिक्षित व्यक्तियों की बढ़ती मांग को देखते हुए संस्थान ने 2011 से फिल्म और टीवी में निर्माण प्रबंधन में दो वर्ष का स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने का इरादा है। ढांचा और व्यक्तियों की भर्ती के बाद प्रत्येक बैच में 10-10 छात्र लिए जाएंगे।

गैर योजना

संस्थान का मुख्य उद्देश्य फिल्म एवं टीवी उद्योग के लिए प्रशिक्षित कार्मिक उपलब्ध कराना है। संस्थान निर्देशन और पटकथा लेखन, साउंड रिकार्डिंग, मोशन पिक्चर फोटोग्राफी, एडीटिंग एवं साउंड रिकार्डिंग में प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। तीन बैचों में कुल 120 छात्र हैं। नियमित गतिविधियों में निरंतरता, लघु फिल्म, वृत्तचित्र, पार्श्वगायन तथा डिप्लोमा फिल्में बनाने जैसी परियोजनाएं हैं। कक्षा में फिल्मी हस्तियों द्वारा कार्यशालाएं आयोजित कराई जाती हैं। 32 छात्र अपनी फिल्म परियोजनाएं पूरी करने वाले हैं। परियोजना अवधि में 30 मिनट की 10 लघु फिल्में बनाई जानी हैं। इस अवधि में नए प्रवेश किए जाएंगे। गैर-योजना खर्च के तहत संस्थान का बुनियादी ढांचा बनाए रखने की जरूरत है ताकि संस्थान के उद्देश्यों को पूरा किया जा सके।

भारतीय जनसंचार संस्थान

आईआईएमसी पर संक्षिप्त नोट

आई आई एम सी 17 अगस्त, 1965 को अस्तित्व में आया। इस संस्थान का उद्घाटन भारत की पूर्व प्रधानमंत्री और तत्कालीन सूचना व प्रसारण मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने किया था। इस संस्थान की स्थापना जन संचार के क्षेत्र में शिक्षण, प्रशिक्षण और शोध कार्य के उद्देश्य से की गई थी। यूनेस्को के दो परामर्शदाताओं समेत कुछ कर्मचारियों के साथ शुरू किया गया था जिसमें मुख्य तौर पर केन्द्रीय सूचना सेवा अधिकारियों के लिए पाठ्यक्रम और छोटे स्तर पर शोध अध्ययन का आयोजन होता था लेकिन पिछले लगभग 45 वर्षों में यह संस्थान आधुनिक समय में तेजी से बढ़ते हुए और बदलते हुए मीडिया एवं संचार उद्योग की विविध और बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कई कोर्स आयोजित करने वाला संस्थान बन गया।

हाल के समय में जन संचार में काफी बदलाव आया है और यह निर्णय लेने की प्रक्रिया पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाली गतिविधि के एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में उभरा है। सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति ने मास मीडया के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान किया है। इसने इस विधा के छात्रों, शिक्षकों और प्रयोगकर्ताओं के लिए बड़ी चुनौतियां भी खड़ी की हैं। तेजी से बदलती हुछी प्रौद्योगिकी इस विद्या के पूरे रंग को एक ऐसे रूप में बदल रही है जिसके बारे में शैक्षणिक गतिविधि के किसी अन्य क्षेत्र में कोई जानकारी नहीं है। निस्संदेह समय की मांग है मीडया और संचार के निर्वाह और प्रभाव क्षमता को बढ़ाने के लिए आने वाली चुनौतियों का कारगर ढंग से जवाब देना।

यह संस्थान एक ऐसे सूचना ढांचे के निर्माण और उसकी मजबूती में योगदान करता है जो न केवल भारत बल्कि अन्य विकासशील देशों की आवश्यकताओं के लिए भी अनुकूल होता है। यह संस्थान देश के और विदेश के अन्य संस्थानों/निकायों को अपनी विशेषज्ञ और परामर्श सेवाएं प्रदान करता है। भारतीय जनसंचार संस्थान केन्द्रीय/राज सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों, विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों से प्राप्त किए गए अनुरोध के जवाब में प्रशिक्षण, शोध और परामर्श सेवा प्रदान करता है।

संस्थान की प्रशिक्षण गतिविधियों की बढ़ती लोकप्रियता और क्षेत्रीय आकांक्षा को पूरा करने के लिए इस संस्थान ने पूर्वी क्षेत्र की मांगों को पूरा करने के लिए 1993 में उड़ीसा के ढेंकनाल में एक शाखा खोली। वर्तमान में इस शाखा में दो पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पत्रकारिता (अंग्रेजी) और पत्रकारिता (ओड़िया) का आयोजन किया जाता है।

भारत सरकार सूचना व प्रसारण मंत्रालय के माध्यम से भारतीय जन संचार संस्थान को वित्तीय सहयोग प्रदान कर रहा है। इस संस्थान की गतिविधियों का मार्ग निर्देशन इसके कार्यकारी परिषद द्वारा किया जाता है। सूचना व प्रसारण मंत्रालय के सचिव इस कार्यकारी परिषद के अध्यक्ष होते हैं और इस संस्थान (सोसायटी) के भी अध्यक्ष होते हैं।

इस परिषद के अन्य सदस्यों में अन्य लोगों के साथ-साथ दुनिया की विख्यात हस्तियां शामिल हैं।

शैक्षणिक कार्यक्रम

संस्थान की गतिविधियां तीन क्षेत्रों - शिक्षण, प्रशिक्षण और शोध पर केंद्रित हैं। इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए संस्थान में निम्नलिखित पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाता है।

1. भारतीय सूचना सेवा (ग्रुप ए और बी) के अधिकारियों के लिए पाठ्यक्रम
2. नई दिल्ली और ढेंकनाल में पत्रकारिता (अंग्रेजी) का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम
3. पत्रकारिता (हिन्दी) का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम,
4. विज्ञापन और जनसंपर्क में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम,
5. रेडियो और टेलीविजन पत्रकारिता का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम,

6 पत्रकारिता (ओड़िया) का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम, और

7. विकास पत्रकारिता में डिप्लोमा पाठ्यक्रम

क्रम संख्या-7 का पाठ्यक्रम विकासशील देशों के कार्यरत पत्रकारों और सूचना अधिकारियों के लिए है। अफ्रीका, एशिया और लातिन अमरीका के मध्य स्तर पर कार्यरत पत्रकार इस पाठ्यक्रम में शामिल होने के बेहद इच्छुक रहते हैं। प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रत्येक वर्ष औसतन 20-25 लोगों को दाखिला दिया जाता है। वर्तमान में प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष में दो पाठ्यक्रमों का संचालन होता है।

भारतीय सूचना सेवा के लिए बुनियादी पाठ्यक्रम

आई आई एम सी, भारतीय सूचना सेवा (आई आई एस) के अधिकारियों के प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र है। यह संस्थान इस सेवा के अधिकारियों को संचार तकनीकों को सीखने का अवसर देता है तथा उन्हें जन सूचना प्रणाली के प्रति अभिमुख करता है। पाठ्यक्रम में सूचना नीतियों और रणनीतियों पर विशेष फोकस है।

अल्पकालीन पाठ्यक्रम, कार्यशाला, संगोष्ठी और सम्मेलन

भारतीय जन संचार संस्थान द्वारा भारत और विकासशील देशों के परिप्रेक्ष्य में जन संचार के मुद्दों की बेहतर समझ के प्रति सहयोग की दृष्टि से संचार के विभिन्न विषयों पर संगोष्ठी और सम्मेलनों का आयोजन किया जाता है। संस्थान, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की विभिन्न मीडिया इकाइयों के कार्मिकों के लिए नियमित और लघु-अवधि के पाठ्यक्रमों को चलाता है। रक्षा अधिकारियों और केंद्र/राज्य और निजी क्षेत्र के विभिन्न मीडिया/सूचना संगठनों में कार्य कर रहे कार्मिकों के लिए एक सप्ताह से तीन माह तक की अवधि वाले कई अल्पकालिक पाठ्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

शोध व प्रकाशन

भारतीय जन संस्थान जन संचार शोध का एक शीर्ष केन्द्र रहा है। इन वर्षों में संस्थान ने कई अंतरराष्ट्रीय संगठ/नों, सरकार और गैर सरकारी निकायों के लिए प्रमुख शोध अध्ययनों का आयोजन किया है। संस्थान ने पहले 165 से भी अधिक शोध व मूल्यांकन अध्ययन आयोजित किया था और इसके अलावा यहां लगभग 1500 शोध-निर्बंध तैयार किए गए हैं। इसके द्वारा आयोजित किए जाने वाले अधिकांश शोध अध्ययनों को प्रायोजकों द्वारा वित्त प्रदान किया जाता है। यह संस्थान अपनी वार्षिक योजनाओं के हिस्से के रूप में मास मीडिया से संबंधित मुद्दों के विविध पहलुओं पर भी शोध अध्ययन आयोजित करता है।

संस्थान अंग्रेजी में 'कम्यूनिकेटर' और हिन्दी में 'संचार मध्यम' अर्द्धवार्षिक पत्रिकाओं को प्रकाशित करता है। यह लेबोरेटरी पत्रिकाओं (विभिन्न डिप्लोमा कोर्सों के छात्रों द्वारा) जैसी अन्य पत्रिकाओं को अपनी गतिविधियों पर एक वार्षिक रिपोर्ट और पत्रकारिता/जनसंचार पर पुस्तकों को प्रकाशित करता है।

योजनाएं

1. आई आई एम सी को अन्तरराष्ट्रीय मीडिया विश्वविद्यालय में बदलना

2. शैक्षणिक वर्ष 2010-11 से आई आई एम सी के पी जी डिप्लोमा कोर्सों को दो वर्ष की अवधि का करने के लिए प्रस्ताव किया गया है ताकि इन कोर्सों को मास्टर डिग्री के समतुल्य बनाया जा सके।

शोध अध्ययन

संस्थान ने वर्ष 2009-10 के दौरान 7 जारी अध्ययनों को पूरा कर लिया है। इन अध्ययनों को पूरा करने के अलावा संस्थान ने सूचना व प्रसारण मंत्रालय के अनुरोध पर ''नीति के मुद्दों और भारत में विदेशी समाचार एजेंसियों के न्यूज ऑपरेशन'' नामक एक नया प्रायोजित अध्ययन भी शुरू किया है।

भारत का राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय

विश्व भर में कलाकृतियों और ऐतिहासिक दस्तावेजों के रूप में फिल्मों को संरक्षित करने की आवश्यकता महसूस की गई है। सिनेमा को उसकी सभी विविधतापूर्ण अभिव्यक्तियों और स्वरूपों के साथ संरक्षित करने का दायित्व किसी ऐसे राष्ट्रीय संगठन को दिया जाता है जिसके पास पर्याप्त संसाधन, एक स्थाई व्यवस्था और फिल्म उद्योग का आत्मविश्वास जोकि फरवरी 1964 में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वतंत्र मीडिया इकाई के रूप में स्थापना हुई थी। इसके लिए, एनएफएआई की एक योजना स्कीम है। स्कीम के अंतर्गत एनएफएआई अपने अभिलेखागार में फिल्मों का डिजिटाइजेशन और जीर्णोद्धार भी कर रही है। 'द रीस्टोरेशन ऑफ मास्टर्स' कार्य को प्राथमिकता के रूप में लिया गया है।

क्रियान्वयन के अंतर्गत स्कीमों/कार्यक्रमों के नाम:

(करोड़ रुपये में)

क्र.सं. स्कीम/कार्यक्रम का नाम	स्वीकृत 11वां योजना परिव्यय 2007-2012	एस.बी.जी. 2008-09	आर.ई. 2008-09	अंतिम अनुदान 2008-09	2008-09 के दौरान वास्तविक व्यय
जारी स्कीम					
अभिलेख फिल्मों की प्राप्ति और प्रदर्शन	30.00	3.00	3.00	1.77	1.76
कुल	**30.00**	**3.00**	**3.00**	**1.77**	**1.76**

वास्तविक उपलब्धियां

वर्ष 2008-09 के दौरान, एनएफएआई ने 483 फिल्में, 6 वीडियो कैसेट, 316 डीवीडी, 343 पुस्तकें, 770 पटकथाएं, 1498 स्टिल्स, 1151 वाल पोस्टर, 303 गीत पुस्तिकाएं, 200 पत्र कतरनें, 10 पेंफलेट्स/फिल्म फोल्डर, 64 स्लाइडें, 15 डिस्क रिकार्ड, 18 इमेज सीडी पर रूपांतरित की गई और पोस्टर, स्टिल्स इत्यादि 1,42,352 अनुषंगी सामग्री प्राप्त की।

राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड

1. भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय एजेंसी राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड (एनएफडीसी) की स्थापना भारतीय फिल्म उद्योग की वृद्धि को प्रोत्साहित करने और सिनेमा में श्रेष्ठता को प्रोत्साहित करने के लिए की गयी है।

2. एनएफडीसी द्वारा वित्त पोषित/निर्मित फिल्मों और उनके निर्माण से संबंधित कलाकारों ने पूर्व में अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किये हैं। एनएफडीसी

(पूर्ववर्ती फिल्म वित्त निगम सहित), ने अब तक करीब 300 ऐसी फिल्मों का निर्माण/सहनिर्माण/वित्तपोषण किया है। भारतीय फिल्म उद्योग ने विभिन्न भारतीय भाषाओं में सिनेमा को समाविष्ट किया है और 17 से अधिक फिल्मों का अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ सह-निर्माण किया है।

3. एनएफडीसी का लक्ष्य उत्कृष्ट फिल्मों को बढ़ावा देना और विभिन्न भारतीय भाषाओं में बनी फिल्मों द्वारा भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना है।

4. योजना स्कीम के अंतर्गत जारी फंड के उपयोग की समय-समय पर मंत्रालय तथा एनएफडीसी के बोर्ड निदेशकों द्वारा नियमित निगरानी की जाती है।

पत्र सूचना कार्यालय

पत्र सूचना कार्यालय भारत सरकार की उन प्रमुख एजेंसियों में से एक है जिनका काम नीतियों, कार्यक्रमों और विभिन्न क्षेत्रों में सरकार की उपलब्धियों के बारे में सूचनाएं उपलब्ध कराना है। वर्तमान में इसके आठ क्षेत्रीय कार्यालय हैं जो कोलकाता, मुंबई, चेन्नई, भोपाल, चंडीगढ़, गुवाहाटी, लखनऊ और हैदराबाद में स्थित हैं। इसके 27 शाखा कार्यालय, 5 कार्यालय-सह-सूचना केंद्र और दो सूचना केंद्र हैं जो देश भर में फैले हुए हैं। इन स्थानों से अनेक पत्र-पत्रिकाएं प्रकाशित होती हैं और नित्य प्रति बड़ी संख्या में पत्रकार वहां आते रहते हैं। कभी-कभी अति विशिष्ट व्यक्तियों/मंत्रियों/सचिवों एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भारत सरकार की नीतियों की जानकारी देने के लिए प्रेस कांफ्रेस/प्रेस ब्रीफिंग आयोजित करनी होती है, ऐसी हालत में ये कार्यालय बहुत सहायक सिद्ध होते हैं।

पिछले कुछ वर्षों के दौरान समाचार जगत में दो बड़े घटनाक्रम हुए हैं, - प्रथम, इंटरनेट का बहुत बड़े पैमाने पर विस्तार और दूसरे-चौबीसों घंटे चलने वाले न्यूज चैनलों का अभ्युदय। इन दोनों के कारण संचार की गति बहुत तेज हो गई है, राष्ट्रों की सीमाएं महत्वहीन हो रही हैं और समाचार संग्रह तथा वितरण में बहुत तेजी और त्वरित महत्व आ गया है। इन हालात में जहां परंपरागत मीडिया-खासतौर से प्रिंट मीडिया का महत्व बना हुआ है, वहीं अब पत्र सूचना कार्यालय को नए माध्यमों की जरूरतें पूरी करने के लिए भी काम करना है। नए उभरते साधनों का इस्तेमाल करते हुए अब उसे पूरी जनसंख्या तक पहुंचना है।

चूंकि आजकल इंटरनेट के जरिए सूचनाएं जल्दी मिल जाती हैं और उनमें पारदर्शिता रहती है अत: इस कार्यालय के पुराने साधनों को आधुनिक और आज के मीडिया की जरूरतों के अनुकूल बनाने की आवश्यकता है। इसलिए पत्र सूचना कार्यालय को आज के ग्राहकों को तुरन्त और रोचक तरीके से सूचना पेश करने के लिए नई गतिविधियां शुरू करनी होंगी।

पत्र सूचना कार्यालय अखबारों और अन्य मीडिया से मिलने वाली प्रतिक्रिया विभिन्न सरकारी विभागों को उपलब्ध कराता है ताकि वे उसके अनुकूल कदम उठा सकें और अपने प्रयासों को नई दिशा दे सकें।

इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वर्ष 2010-11 के दौरान निम्नलिखित गतिविधियों/स्कीमों/परियोजनाओं को चलाने का प्रस्ताव है :

1. नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रेस केंद्र की स्थापना

राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारों को कान्फ्रेंस हाल, प्रेस लांज, ब्रीफिंग/कान्फ्रेंस रूम, लाइब्रेरी तथा अन्य आधुनिक उपकरणों सहित अति आधुनिक सुविधा एक स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए ब्यूरो का नई दिल्ली में अलग इमारत में एक राष्ट्रीय प्रेस केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव है।

वर्ष 2009-10 के दौरान इस कार्यालय का नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रेस केंद्र के निर्माण हेतु 5 करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गई। नवंबर-दिसंबर 2008 में डीयूएसी तथा एनडीएमसी जैसे विभागों से अनुमति प्राप्त कर ली गई है। इस संबंधी वैधानिक अनुमोदन नवंबर/दिसंबर, 2008 में ही एनडीएमसी, डीयूएसी इत्यादि से प्राप्त हो चुके हैं। यद्यपि, एफएआर बढ़ने के चलते कुल लागत बढ़ चुकी है। एफएआर में डिजाइन फॉर्म, पार्किंग स्थान की मांग से लागत बढ़ी है। मंत्रालय/ईएफसी से नया अनुमोदन प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही है। परियोजना के आकार और लागत में वृद्धि के कारण इस परियोजना की लागत बढ़कर 60 करोड़ रुपए हो चुकी है। तदनुसार, एक संशोधित ईएफसी मीमों स्वीकृति हेतु मंत्रालय को भेजा गया, जो 15 सितम्बर 2009 को प्राप्त हो गई। एनबीसीसी के साथ नए समझौते को अंतिम रुप दिया जा रहा है और उसके बाद

जल्द ही निर्माण कार्य शुरु होगा। 2009-10 के लिए संशोधित अनुमानों के अनुसार 4 करोड़ रुपये इस कार्य के लिए आबंटित किए गए। वर्ष 2010-11 के लिए 10 करोड़ रुपये आबंटित किए गए है।

2. मीडिया आउटरीच कार्यक्रम

इस स्कीम का उद्देश्य जन सूचना अभियानों, मीडिया से बातचीत, सफलता की कहानियों तथा प्रेस दौरे आयोजित कर सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों के बारे में सूचना देना है। 11वीं योजना के दौरान 49.00 करोड़ रुपये का प्रशासनिक अनुमोदन 16.11.2007 को प्राप्त हुआ था। 2009-10 की अवधि में पीआईसी, मीडिया से बातचीत, 9 प्रेस दौरों और 100 सफलता की कहनियों के लिए 9.50 करोड़ रुपए आबंटित किए गए। दिसंबर 2009 तक 49 पीआईबी, 49 सफलता की कहानियों और 3 प्रेस दौरों पर 4.37 करोड़ रुपये व्यय किए गए। वित्त वर्ष के अंत तक बाकी बची राशि भी खर्च कर ली जाएगी। एसएफसी राशि को संशोधित अनुमानों में भी बरकरार रखा गया है।

वर्ष 20010-11 के दौरान इस स्कीम के लिए 14.50 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

3. विशेष कार्यक्रमों के लिए प्रचार

इस स्कीम के तीन हिस्से हैं जो इस प्रकार हैं :

क. भारत का अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह

फिल्म समारोह स्थल पर मीडिया केंद्र की स्थापना तथा पत्रकारों को विशेष मान्यता, स्वागत व्यवस्थाएं, प्रेस कान्फ्रेंस, कंप्यूटर, इंटरनेट, टेलीफोन, समाचारपत्र, स्टेशनरी, फोटो कॉपियर इत्यादि सुविधाओं वाले प्रेस विज्ञप्ति वर्क रूम जैसी सुविधाओं का विस्तार। वर्ष 2009-10 के इस कार्यालय को गोवा में फिल्म समारोह हेतु 7.50 लाख रुपये आवंटित हुए। चूंकि यह समारोह नवंबर-दिसंबर 2009 में आयोजित हुआ, अत: दिसंबर 2009 में 3.20 लाख रुपए ही व्यय हो सके। एसबीजी राशि को संशोधित अनुमानों में बरकरार रखा गया। आईएफएफआई के लिए वार्षिक योजना 2010-11 के लिए प्रशासनिक अनुमोदन के अनुसार 8 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं।

ख. प्रवासी भारतीय दिवस समारोह

पत्र सूचना कार्यालय प्रवासी भारतीय दिवस समारोह के दौरान मीडिया की सुविधा के लिए अपने अधिकारी नियुक्त करता है जो मौके पर ही पत्रकारों की सुविधा और मीडिया केंद्र में कंप्यूटर उपलब्ध कराते हैं। वर्ष 2007-08 के दौरान टोकन प्रावधान के रूप में 1.00 लाख रुपये आवंटित किए गए थे। स्कीम 3.3.2008 को अनुमोदित हुई। चूंकि प्रवासी भारतीय दिवस जनवरी-फरवरी 2010 में आयोजित होना है अत: इसकीराशि उक्त अवधि में व्यय की जाएगी। एसबीसी राशि कोसंशोधित अनुमानों में बरकरार रखा गया है। 2009-10 के दौरान, जनवरी 2010 में आयोजित होने वाले प्रवासी भारतीय दिवस के लिए 1.80 लाख रुपये आवंटित किए गए। 2010-11 के लिए, जनवरी 20100 में होने वाले आयोजन हेतु 1.25 लाख रुपए आबंटित किए गए है।

ग. मीडिया आदान-प्रदान कार्यक्रम

इस स्कीम का प्रमुख लक्ष्य विभिन्न देशों के बीच बेहतर समझ विकसित करने और मीडियाकर्मियों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान के जरिए क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाना है। साथ ही इस बात पर भी जोर देना है कि लोकतांत्रिक मूल्यों और विभिन्न समाजों में सहनशीलता को बढ़ावा देने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सूचनाओं के आदान-प्रदान के जरिए देशों के बीच मित्रतापूर्ण संबंध सुदृढ़ बनाए जाते हैं और सूचना तथा मास मीडिया के क्षेत्र में निकट संबंध विकसित करने के लिए लोगों में समान इच्छाओं की प्रेरणा प्रदान की जाती है।

इस स्कीम के प्रमुख घटक इस प्रकार हैं :

- सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम (सीईपी)
- संयुक्त कार्यदल
- सूचना क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता।

2009-10 के लिए 43.70 लाख रुपये इस स्कीम के लिए आवंटित किए गए थे। ईरान के दूतावास से एक बारतीय पत्रकार दल के लिए आमंत्रण प्राप्त हुआ है, जिसपर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस पर लगभग 25 लाख रुपए व्यय होने का अनुमान है।

वर्ष 2010-11 के लिए सीईपी के लिए 15.75 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं।

4. पुणे में राष्ट्रमंडल युवा खेल, 2008 तथा दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेल, 2010 के लिए मुख्य प्रेस केंद्र और अन्य मीडिया केंद्र

ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के एक भाग के रूप में लागू की जाने वाली यह एक नई स्कीम है। इसके लिए 3.11.2008 को 20.00 करोड़ रुपये अनुमोदित लागत के रूप में स्वीकृत हुए हैं जो 2008-09 से 2010-11 के बीच तीन वर्षों में वितरित हैं। वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान, मीडिया केंद्र की स्थापना तथा शुरुआत करने और दिल्ली में होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2010 के बारे में समय पर स्टीक जानकारी और मीडिया जागरूकता फैलाने के लिए 10.00 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

राष्ट्रमंडल खेल 2010 की आयोजन समिति के साथ बैठकों और चर्चाओं के कई दौरों के पश्चात पीआईबी के कार्यक्षेत्र और लागत को पुन: परिभाषित करने की आवश्यकता महसूस की गई। गहन समीक्षा के बाद, मुख्य प्रेस कंद्र की स्थापना और इसकी एवं आयोजन स्थल मीडिया केंद्रों के रखरखाव की लागत 31.75 करोड़ रुपए आंकी गई। तदनुसार, वर्ष 2009-10 के लिए एसबीसी राशि को संसोधित अनुमानों के चरण में 10 करोड़ रुपए पर ही रखा गया। वर्ष 2010-1 के लिए 21.75 करोड़ रुपए का आबंटन किया गया है।

भारतीय प्रेस परिषद

प्रेस परिषद की स्थापना और कार्यों पर संक्षिप्त टिप्पणी

भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना प्रथम प्रेस आयोग की अनुशंसा पर वर्ष 1966 में की गयी थी। प्रेस की आजादी को बनाये रखने और उसके स्तर में सुधार लाने के अपने दोहरे उत्तरदायित्व की पूर्ति की दिशा में परिषद बहुमुखी भूमिका अदा करती है। एक ओर यह सिविल न्यायालय की शक्तियों सहित न्यायिक प्राधिकरण के रूप में कार्य करती है, वहीं परामर्शदायी भूमिका में यह प्रेस और सरकारी अधिकारियों को प्रेस की आजादी और उसके संरक्षण से जुड़े मसलों पर मागनिर्देश भी देती है।

प्रेस परिषद का मुखिया चेयरमैन कहलाता है जो परंपरा से सर्वोच्च न्यायालय का वर्तमान/सेवानिवृत्त न्यायाधीश होता है। इसके 28 अन्य सदस्यों में 20 प्रेस का प्रतिनिधित्व करते हैं और 3 संसद से आते हैं और 3 सदस्य सांस्कृतिक, साहित्यिक और विधि के क्षेत्र से होते हैं। जिन्हें क्रमश: साहित्य अकादमी, विश्व विद्यालय अनुदान आयोग और भारतीय बार काउन्सिल द्वारा नामित किया जाता है।

परिषद का वित्त पोषण मुख्यत: भारत सरकार से प्राप्त अनुदान सहायता द्वारा होता है। पंजीकृत समाचार पत्रों पर उनकी प्रसार संख्या के अनुसार शुल्क भी वसूला जाता है, धनराशि की कमी केन्द्र सरकार के अनुदान से पूरी की जाती है हालांकि काफी हद तक परिषद वित्तीय रूप से सरकार पर आश्रित है, फिर भी अपने काम में इसने कभी भी किसी बाहरी प्रभाव को हावी नहीं होने दिया है।

परिषद के अर्ध न्यायिक कार्य प्रेस परिषद अधिनियम की धारा 14 और 15 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों और प्रक्रियाओं के अनुसार किये जाते हैं और परामर्शदायी एवं मार्ग निर्देशन कार्य धारा 13 के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत किये जाते हैं।

फोटो प्रभाग

फोटो प्रभाग का मुख्य कार्य सरकार और सामाजिक, राजनीतिक परिवर्तनों द्वारा विकास कार्यक्रमों और देश में इनके परिणामस्वरूप हो रहे बुनियादी ढांचागत परिवर्तनों का अभिलेखन करना है। प्रभाग द्वारा चित्र आंतरिक और बाह्य प्रचार के लिए, पत्र सूचना कार्यालय को, देश में समाचार पत्रों को आंतरिक प्रचार के लिए तथा डीएवीपी को उनके प्रर्दशन के लिए तथा प्रकाशन और बाह्य प्रकाशन प्रभाग को प्रचार के लिए उपलब्ध कायो जाते हैं।

इसके अतिरिक्त फोटो प्रभाग भुगतान करने पर अन्य माध्यमों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मूल्य योजना के अंतर्गत केन्द्रीय/राज्य सरकार विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र प्रतिष्ठानों को भी फोटोग्राफ उपलब्ध कराता है। प्रभाग का मुख्य कार्य विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख घटनाओं से संबंधित फोटोग्राफ्स संबंधी प्रचार सामग्री उपलब्ध कराता है और ऐसी सामग्रियां अपने संग्रहालयों के लिए (आर्काइव्स को) भुगतान करने पर भी उपलब्ध कराता है। प्रभाग का एक मुख्य कार्य यह भी है कि उनको अपने संग्रहालयों के लिए (आर्काइव्स को) भुगतान करने पर भी उपलब्ध कराता है। प्रभाग का एक मुख्य कार्य यह भी है कि उनको अपने संग्रहालयों को तैयार करने और अपने पास सुरक्षित रखने के लिए फोटोग्राफ प्रचार सामग्री अपने क्षेत्रों में प्रमुख घटनाओं से संबंधित सामग्री तैयार रख सके।

तकनीकी विकास के वर्तमान परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए प्रभाग ने सक्षम अधिकारियों से विचार-विमर्श करते हुए अपनी योजना स्कीम को फिर से तैयार करने का निश्चय किया है।

प्रकाशन विभाग

प्रकाशन विभाग देश के सबसे बड़े प्रकाशन भवनों में से एक है। हिंदी, अंग्रेजी और अन्य प्रमुख भारतीय भाषाओं में प्रकाशन विभाग द्वारा निकलने वाली पुस्तकों और पत्रिकाओं को इस प्रकार तैयार किया जाता है कि उनके माध्यम से इस देश के लोगों की समझ का विकास हो सके। इन प्रकाशनों का लक्ष्य है इस देश के जीवन और संस्कृति के रंग-बिरंगे रुपों पर तथा पंचवर्षीय योजनाओं समेत राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में दर्ज की गई प्रगति पर सूचना को सम्प्रेषित करना। इस विभाग के महत्वपूर्ण प्रकाशनों में महात्मा गांधी के कार्यों के संग्रह पर गौरवशाली श्रृंखलाएं, राष्ट्रीय नेताओं के भाषण, राष्ट्रीय महत्व के विषयों तथा बाल साहित्य पर शिक्षाप्रद और जानकारी देने वाली किताबें और रोजगार समाचार शामिल हैं।

प्रकाशन विभाग का कार्य है देश और विदेश में आम लोगों को भारत के बारे में अद्यतन और सही जानकारी देने के लिए आंतरिक और बाहरी प्रचार के लिए राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर लोकप्रिय पुस्तकों, पत्रिकाओं का उत्पादन, उनकी बिक्री और उनका वितरण करना। ऐसा करते हुए प्रकाशन विभाग निम्ननिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने का लक्ष्य बनाना है :-

(i) राष्ट्रीय महत्व के उन विषयों पर पुस्तकों को प्रकाशित करना जिन विषयों पर अन्य प्रकाशकों ने ध्यान नहीं दिया हो और ऐसी पुस्तकों को कम कीमत पर आम जनता के लिए उपलब्ध बनाना।

(ii) विविधता में एकता, सांप्रदायिक सद्भाव, राष्ट्रीय अखंडता इत्यादि की विचारधारा और आत्मा को मजबूत करना और बढ़ावा देना।

वर्ष 2008-09 के दौरान प्रकाशित पुस्तकों की सूची अनुलग्नक-II में दी गई है -

अनुलग्नक II

वर्ष 2008-09 के दौरान प्रकाशित पुस्तकों की सूची :

भाषा : हिंदी

क्र.सं.	पुस्तक का नाम
1.	भारतीय लोक नृत्य
2.	नाना साहेब पेशवा
3.	महापुरुषों के मनोविनोद
4.	बहादुरशाह जफर
5.	सफेद बाघ
6.	पर्वतारोहण का रोमांच
7.	ईसा की लघु कथाएं
8.	भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास (भाग-III) पुनर्मुद्रण
9.	किस्सा चार दरवेश का
10.	देश विदेश के त्यौहार
11.	बौद्ध धर्म के 2500 वर्ष
12.	पी एम स्पीचेज (वाल्यूम-III)
13.	प्रकाश भारती
14.	सूचना भारती
15.	कथा कालिदास की
16.	जातक कथाएं

17. अमर शहीद भगत सिंह
18. दयाल सिंह मजीठिया
19. डा. राजेंद्र प्रसाद सचित्र जीवनी (पुनर्मुद्रण)
20. उपभोक्ता संरक्षण
21. भारतीय डाक टिकटों का इतिहास
22 राजगुरु
23. कहानियां बलिदान की
24. लोरिक चंदा (पुनर्प्रकाशित)
25. भारत की सांस्कृतिक एकता (पुनर्मुद्रण)
26. अनोखी दुनिया अनोखे लोग (पुनर्मुद्रण)
27. अपनी हिंदी सुधारें (पुनर्मुद्रण)
28. विज्ञान बारामासा
29. रामधारी सिंह दिनकर
30. भारत छोड़ो आंदोलन (पुनर्मुद्रण)
31. छत्तीसगढ़ की लोक कथाएं (पुनर्मुद्रण)
32. छऊ नृत्य कला
33. सिंह (पुनर्मुद्रण)
34. मन जिसका मजबूत (पुनर्मुद्रण)
35. अष्टधाप कवि परमानंददास
36. कहावतों की कहानियां
37. अष्टछाप कवि कुंभनदास
38. ग्रामीण जीवन में विज्ञान
39. बुंदेलखंड के मूर्तिशिल्प
40. अपनी हिंदी सवारें
41. अल्बर्ट आईंस्टीन (डीलक्स)
42. संस्कृत लोकोक्ति कोश (पुनर्मुद्रण)
43. बेगम हजरत महल
44. खेल नियम और प्रशिक्षण (पुनर्मुद्रण)
45. झारखंड
46. एक पाती

47. भारत के राष्ट्रीय उद्यान
48. भारत – 2009
49. ग्रामीण जीवन में विज्ञान (पुनर्मुद्रण)
50. विज्ञान हमारे आसपास (पुनर्मुद्रण)
51. नीति कथायें (पुनर्मुद्रण)
52. सरस कथाएं (पुनर्मुद्रण)
53. बाल महाभारत (भाग–I) (पुनर्मुद्रण)
54. आंवला दान (पुनर्मुद्रण)
55. आदिवासी गढ़ छत्तीसगढ़ (पुनर्मुद्रण)
56. नेताजी संपूर्ण वांड्मय (भाग – II)
57. पर्यावरण
58. तिलक का मुकदमा
59. जमनालाल बजाज (बीएमआई) (पुनर्मुद्रण)
60. संत कबीर (पुनर्मुद्रण)
61. राष्ट्रमंडल खेल : सफरनामा मैत्री खेलों का
62. भूमंडलीकरण
63. एम.ए. अंसारी (बीएमआई)
64. शहीदों का परिचय (पुनर्मुद्रण)
65. बिधान चंद्र राय (बीएमआई)
66. भारत के समाचार पत्र
67. पुलिस जांच में विज्ञान

अंग्रेजी

क्र.सं.	पुस्तक का नाम
1.	इंडिया इन स्पेस
2.	गांधी ऑर्डेन्ड इन साउथ अफ्रीका (पॉप)
	गांधी ऑर्डेन्ड इन साउथ अफ्रीका (डीलक्स)
3.	वैदिक लोर
4.	मास मीडिया इन इंडिया – 2008

5. सेलेक्टेड स्पीचेज ऑफ पी एम वॉल्यूम-IV (डीलक्स)
6. आचार्य नरेंद्र देव
7. खुदीराम बोस
8. सी डब्ल्यू एम जी (वॉल्यूम-4) पुनर्मुद्रण डीलक्स
9. सी डब्ल्यू एम जी (वॉल्यूम - 23) पुनर्मुद्रण डीलक्स
10. अर्थ इन पेरिल
11. डेमोक्रेसी एंड ह्यूमैन डेवलपमेंट इन इंडिया
12. प्रेस इन इंडिया 2006-07
13. एसे ऑन इंडियन इकॉनॉमिक्स
14. डा. शांति स्वरूप भटनागर
15. इंडिया मिडिवल हिस्ट्री (पुनर्मुद्रण)
16. इंडिया - सोसायटी, रिलिजियन एंड कल्चर इन एनसियेंट एंड मिडिवल पीरियड - पुनर्मुद्रण
17. इंडिया - 2009 (ए रेफरेन्स एन्युअल)
18. इंडिया : प्री हिस्टोरिक एंड प्रोटो हिस्टोरिक पीरियड (पुनर्मुद्रण)
19. ह्वाइ पीपुल प्रोटेस्ट
20. इंडिया : आर्ट एंड आर्किटेक्चर (पुनर्मुद्रण)
21. रिपोर्ट फॉर वोट ऑन अकाउंट - (2009-10)
22. इन्सक्रिप्सन्स ऑफ अशोका (पुनर्मुद्रण)
23. सेलिब्रेटिंग सीजन्स
24. इंडिया अर्ली हिस्ट्री (पुनर्मुद्रण)
25. इंडिया गवर्नमेंट इकॉनॉमिक्स लाइफ इन एनसियेंट एंड मिडिवल पीरियड (पुनर्मुद्रण)
26. 2500 इयर्स ऑफ बुद्धिज्म (पुनर्मुद्रण)
27. सी डब्ल्यू एम जी (वॉल्यूम - 21) पुनर्मुद्रण (डीलक्स)
28. सी डब्ल्यू एम जी (वॉल्यूम - 24) पुनर्मुद्रण (डीलक्स)
29. सी डब्ल्यू एम जी (वॉल्यूम - 25) पुनर्मुद्रण (डीलक्स)
30. सी डब्ल्यू एम जी (वॉल्यूम - 41) पुनर्मुद्रण (डीलक्स)

क्षेत्रीय भाषाएं

क्र.सं.	पुस्तक का नाम
1.	बुद्ध गाथा (उड़िया)
2.	विश्व की श्रेष्ठ लोक कथाएं - III (मराठी)
3.	गांधी - ए पिक्टोरियल बायोग्राफी (गुजराती)
4.	सेक्शनल केटेलॉग (बाइलिंगुअल) (अंग्रेजी/हिंदी)
5.	बापू के साथ (पुनर्मुद्रण) (तेलुगु)
6.	विदेशी यात्रियों की नजर में भारत - (पुनर्मुद्रण) (तमिल)
7.	बहादुर बच्चे (पुनर्मुद्रण) (तेलुगु)
8.	पंजाब दे लोक नाच (पंजाबी)
9.	सी. एन. अन्नादुरई (बी एम आई)(पुनर्मुद्रण) (तमिल)
10.	श्रीनिवास आयंगर (बी एम आई) (पुनर्मुद्रण) (तमिल)
11.	देश-विदेश की कहानियां (बंगाली)
12.	इंडियन फोक डांसेज (पंजाबी)
13.	रोचक एतिहासिक कहानियां (मराठी)
14.	रोचक एतिहासिक कहानियां (तमिल)
15.	खजीरा-ए-ग़ालिब (उर्दू)
16.	क्रांतिदूत अजीमुल्लाह खान (पंजाबी)
17.	विश्व की श्रेष्ठ लोक कथाएं - (पार्ट - II) (उड़िया)
18.	विश्व की श्रेष्ठ लोक कथाएं - (पार्ट - IV) (उड़िया)

वर्ष 2009-10 के दौरान प्रकाशित पुस्तकों की सूची :

हिंदी

क्र.सं.	पुस्तक का नाम
1.	1857 की जनक्रांति - विविध आयाम (आजकल के आलेखों का संकलन)
2.	परिणाम बजट (2009-10) (आउटकम बजट 2009-10)

3. वार्षिक रिपोर्ट (2008-09) (एनुअल रिपोर्ट 2008-09)
4. चतुर्भुज दास - अष्ट छाप कवि
5. दलित देवो भव - II
6. दशकुमार चरित
7. गुरु नानक
8. हाथी दादा की चौपाल
9. इंडियन रेलवेज (भारतीय रेल)
10. लालू का मोबाइल
11. नेताजी संपूर्ण वांड्मय, वॉल्यूम-10 (सुभाष चंद्र बोस)
12. प्रेरणा दीप
13. रोजगार की नई दिशाएं (इम्पलॉयमेंट न्यूज, रोजगार समाचार से संग्रह)
14. पूर्वोत्तर के स्वतंत्रता सेनानी
15. तिरूक्कुरल
16. गुरु नानक से गुरु ग्रंथ साहब तक

अंग्रेजी

क्र.सं.	पुस्तक का नाम
1.	ट्राइबल फ्रीडम फायटर्स ऑफ इंडिया
2.	आउटकम बजट 2009-10
3.	एनुअल रिपोर्ट 2008-09
4.	चिल्ड्रेन इन इंडिया - ए लीगल पर्सपेक्टिव
5.	सर छोटू राम
6.	स्टेम सेल
7.	केटेलॉग - 2009
8.	बदरुद्दीन तैय्यबजी (बीएमआई)
9.	ग्रेट लाइवस, ग्रेट वर्ड्स
10.	प्रेस इन इंडिया 2007-08

भाषा : क्षेत्रीय भाषाएं

क्र.सं.	पुस्तक का नाम
1.	इंडियन कॉस्ट्यूम्स (भारतीय पोशाक) बंगाली
2.	बेताल कथाएँ (फेंटम टेल्स) उड़िया
3.	एन इंट्रोडक्सन टू इंडियन म्यूजिक (तमिल)
4.	दुर्गा बाई देशमुख (तेलुगु)
5.	जवाहरलाल नेहरु – ए पिक्टोरियल बायोग्राफी (मलयालम)
6.	सरदार वल्लभभाई पटेल (बीएमआई) बंगाली

एम्प्लाइमेंट न्यूज/रोजगार समाचार

साप्ताहिक रोजगार समाचार अंग्रेजी, हिंदी तथा उर्दू में प्रकाशित होता है। यह प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार का प्रमुख प्रकाशन है। इस साप्ताहिक पत्र में केंद्रीय एवं राज्य सरकारें, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, स्वायत्त निकायों, विश्वविद्यालयों, विदेशी संस्थानों जैसे फोर्ड फाउंडेशन, ब्रिटिश काउंसिल आदि में नौकरियों के विज्ञापन, व्यावसायिक पाठयक्रमों के लिए प्रवेश अधिसूचनाएं, भारतीय संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग जैसे संगठनों तथा अन्य सामान्य भर्ती निकायों की परीक्षा अधिसूचनाएं और उनके परिणामों तथा मध्य-स्तरीय रोजगार उन्नयन के अवसरों (प्रतिनियुक्तियों) की सूचनाएं प्रकाशित की जाती हैं। इसके अतिरिक्त एक सम्पादकीय हिस्सा भी है जो कैरियर से सम्बन्धित दो मुख्य लेख प्रकाशित करता है।

इस साप्ताहिक पत्र का मूल लक्ष्य सिविल सेवा के अभ्यार्थियों, प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं तथा साक्षात्कार में बैठने वाले उम्मीदवारों, अपने कैरियर तथा पेशे को चुनने के लिए तैयार युवाओं की आवश्यकताओं को पूरा करना है।

यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि अपनी सामाजिक जिम्मेवारी, जिसके लिए इस पत्र को शुरू किया गया था, निभाने के साथ-साथ एम्प्लाइमेंट न्यूज/रोजगार समाचार नियमित रूप से पर्याप्त लाभ कमा रहा है। यह पत्र, जिसे सबसे अधिक प्रसारित साप्ताहिक पत्रों में शामिल होने का गौरव प्राप्त है, हर शनिवार को देश के कोने-कोने में उपलब्ध होता है।

सरकार के इस इंटरेक्टिव कैरियर साप्ताहिक ने अपनी कैरियर वेबसाइट www.employmentnews.gov.in खोलकर अपने खाते में एक और उपलब्धि दर्ज की है। यह वेबसाइट बहुत अधिक सफल रही है तथा युवाओं में बहुत लोकप्रिय हो रही है। हर रोज 3 लाख से अधिक लोग इस वेबसाइट को खोलते हैं। सरकारी क्षेत्र में यह सबसे अधिक हिट पेज है। वेबसाइट के जरिये पेश की जा रही ऑनलाइन सेवाओं में कैरियर परामर्श, सरकारी क्षेत्र में रिक्तियों के बारे में अग्रिम जानकारी उपलब्ध कराना शामिल है।

भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक

भारत के समाचार पत्र पंजीयक का कार्यालय की स्थापना पहली जुलाई 1956 को प्रेस और पुस्तक पंजीयन अधिनियम 1867 में संशोधन करके की गई थी। यह कार्यालय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अन्तर्गत कार्य करता है। अधिनियम के अन्तर्गत कुछ विधि विहित कार्य इस प्रकार हैं :

(1) देश भर में प्रकाशित समाचार पत्रों/पत्रिकाओं का एक रजिस्टर तैयार काना उसका रख-रखाव करना तथा उसमें समाचार पत्रों/पत्रिकाओं का विवरण संकलित करना।

(2) संबंधित जिला मजिस्ट्रेट द्वारा की गई सिफारिश के बाद समाचार पत्रों/पत्रिकाओं के शीर्षक की उपलब्धता की जांच के बाद पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करना।

(3) समाचार पत्रों के प्रकाशकों द्वारा प्रेस एवं पुस्त्क पंजीयन अधिनियम के अन्तर्गत समाचार पत्रों/पत्रिकाओं के प्रकाशन की जानकारी सुनिश्चित करना।

(4) प्रकाशकों द्वारा समाचार पत्रों की प्रसार संख्या के दावों की जांच करना।

(5) भारत में प्रेस के बारे में उपलब्ध समस्त सूचनाओं, आंकड़ों और विशेष तौर पर विभिन्न श्रेणियों के समाचार पत्रों पत्रिकाओं के आए बदलावों पर वार्षिक रिपोर्ट तैयार करना।

इसके अतिरिक्त कार्यालय के सामान्य कार्य इस प्रकार हैं :

(क) अखबारी कागज आंबटन के लिए समाचार पत्रों को योग्यता प्रमाणपत्र जारी करना ताकि वह अखबारी कागज का आयात कर सकें।

(ख) समाचार प्रतिष्ठानों की प्रिंटिंग मशीनें (मुद्रण) और अन्य संबंधित सामग्री आयात करने की आवश्यक जरूरतों का मुल्यांकन ओर प्रमाणपत्र जारी करना।

गवेषणा, संदर्भ एवं प्रशिक्षण प्रभाग

गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाइयों को शोध के संबंध में एकत्रित, संकलित और तैयार सामग्री के प्रकाशन कार्य आदि में सहायता करता है। मीडिया इकाइयों के उपयोग के लिए महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी का सारांश निर्मित करना और सामयिक एवं अन्य विषयों पर मार्गदर्शन एवं पृष्ठभूमि नोट तैयार करना भी इस प्रभाग का दायित्व है। 1945 में स्थापित किया गया यह विभाग सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय एवं इसकी अनेक मीडिया इकाइयों के लिए सूचना प्रदान करने वाली एक इकाई के रूप में काम करता है। यह प्रभाग जनसंचार क्षेत्र की प्रवृत्तियों का अध्ययन करते हुए जनसंचार की संदर्भ एवं प्रलेखन सेवा को कायम रखता है। प्रभाग मंत्रालय, इसकी मीडिया इकाइयों तथा जनसंचार से संबद्ध अन्य इकाइयों को पृष्ठभूमि, संदर्भ तथा शोध सामग्री उपलब्ध कराता है।

यह प्रभाग वर्ष के दौरान दो वार्षिक संदर्भ ग्रंथ तैयार करता है, इंडिया - संदर्भ वार्षिकी, यह केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों, राज्य/संघ-शासित क्षेत्रों तथा पीएसयू/स्वायत्त निकायों द्वारा किए गए विकास और उन्नति का संकलन है। भारत में मास मीडिया (मास मीडिया इन इंडिया) यह भारत के जनसंचार पर एक विस्तृत प्रकाशन है। साथ ही इंडिया को हिंदी में भारत शीर्षक से प्रकाशित किया जाता है। गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग ने 15 जनवरी 2010 को वार्षिक संदर्भग्रंथ-इंडिया-2010 के 54वें संस्करण को सफलतापूर्वक जारी किया।

यह प्रभाग नियमित रूप से हर पखवाड़े 'डायरी ऑफ इवेंट्स' निकालता है जो अभिलेख और संदर्भ के लिए महत्वपूर्ण राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर केंद्रित होता है। यह प्रभाग विषय विशेष पर आधारित पत्रिकाओं की मासिक रिपोर्ट भी तैयार करता है। इन पत्रिकाओं में एफडीआई की हिस्सेदारी होती है और ये विषय विशेष से संबंधित होती हैं जिसके लिए इन्हें भारत में प्रकाशित करने की अनुमति दी जाती है। इन पत्रिकाओं का अनुवीक्षण यह देखने के लिए किया जाता है कि ये सरकार द्वारा निर्धारित शर्तों का पालन कर रही हैं अथवा नहीं।

संदर्भ पुस्तकालय

इस प्रभाग का पुस्तकालय विभिन्न विषयों पर दस्तावेजों के बड़े संग्रह, चुनी हुई पत्रिकाओं के सजिल्द ग्रंथों तथा मंत्रालय की विभिन्न रिपोर्टों से सुसज्जित है। इसके संग्रह में पत्रकारिता, जनसंपर्क, विज्ञापन एवं दृश्य-श्रव्य प्रचार माध्यम, प्रमुख विश्वकोष, सम-सामयिक लेख और वार्षिकी शामिल हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अतिरिक्त पुस्तकालय की सुविधाएं मान्यता प्राप्त भारतीय एवं विदेशी पत्रकारों के लिए भी उपलब्ध हैं। जगह की कमी के चलते वर्ष 2009-2010 के दौरान (जनवरी 2010 तक) केवल 19 नई किताबें ही शामिल की जा सकीं। अब तक लगभग 27 हजार पुस्तकों के संबंध में डाटा एंट्री कार्य पूरा किया जा चुका है। पुस्तकालय पहले शास्त्री भवन में स्थित था। इसे वर्ष 2008 में सूचना भवन में स्थानांतरित किया गया।

राष्ट्रीय जनसंचार प्रलेखन केन्द्र

राष्ट्रीय जनसंचार प्रलेखन केन्द्र (एनडीसीएमसी) का गठन 1976 में मंत्रालय की ओर से गठित विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर किया गया। इसकी सावधिक सेवाओं के माध्यम से जन संचार माध्यम की प्रवृत्तियों और उनसे जुड़ी घटनाओं की जानकारी एकत्र कर उनकी व्याख्या करना इसका मुख्य दायित्व है। एनडीसीएमसी जनसंपर्क/संचार पर उपलब्ध बड़े समाचारों, लेखों तथा सूचनाओं का प्रलेखन करता है। यह पूरे देश में जनसंचार के विकास के लिए ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रवाह में शामिल होने के लिए सूचना के संग्रहण और प्रलेखन से लेकर इसके प्रचार-प्रसार तक समसामयिक गतिविधियों का केंद्रीय क्षेत्र है।

एकत्रित सूचना को विभिन्न सेवाओं के द्वारा अनुरक्षित एवं प्रचारित किया जाता है जैसे - समसामयिक जागरूकता सेवा - केंद्र द्वारा खरीदे जा रहे समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में मास मीडिया पर चुनिंदा लेखों की प्रकाशित सूची, **संदर्भ ग्रंथ सेवा** - केंद्र द्वारा खरीदे जा रहे समाचारपत्रों और पत्रिकाओं में पिछले एक वर्ष के दौरान प्रकाशित मास मीडिया पर लेखों की विषय सूची, **फिल्म बुलेटिन** - भारत के फिल्म उद्योग के विकास का एक सारांश, **संदर्भ सूचना सेवा** - मास मीडिया क्षेत्र के प्रासंगिक हितों के विषयों पर पृष्ठभूमि दस्तावेज, - **हूज हू इन मास मीडिया**-लोक प्रसिद्ध विभिन्न मीडिया व्यक्तियों की जीवनियां, जनसंचार में कौन क्या है, **जनसंचारकों को दिए गए पुरस्कार** - वर्ष के दौरान जनसंचारकों को दिए गए पुरस्कारों के साथ-साथ घोषित राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की झलकियां और **मीडिया अपडेट** - यह प्रलेख और संदर्भ के लिए बड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं को केंद्रित करती है।

राष्ट्रीय जनसंचार प्रलेखन केंद्र **मास मीडिया इन इंडिया** नामक एक संदर्भ पुस्तक का संकलन एवं संपादन भी करता है। इस वार्षिकी में केंद्र सरकार, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मीडिया संगठनों की स्थिति पर सूचना और मास मीडिया के कई पहलुओं पर लेखों को शामिल किया जाता है। इस अवधि के दौरान **मास मीडिया इन इंडिया** का **21वां** संस्करण जारी किया गया। इसमें प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर आम सूचना को भी शामिल किया जाता है। गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग के अधीन राष्ट्रीय जनसंचार प्रलेखन केंद्र ने वर्ष 2009-10 के दौरान (जनवरी 2009 तक) मास मीडिया के विविध पहलुओं पर 46 सेवाएं जारी कीं।

वर्ष 2009-10 की झलकियां

- गवेषणा संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग ने 15 जनवरी 2010 को संदर्भ वार्षिकी - इंडिया 2010 का 54वां संस्करण सफलतापूर्वक प्रकाशित किया।

- गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग की एक इकाई राष्ट्रीय जनसंचार प्रलेखन केंद्र ने वर्ष 2009-10 के दौरान (जनवरी 2009 तक) मास मीडिया के विभिन्न पहलुओं पर 46 सेवाएं जारी कीं।

- प्रभाग के पुस्तकालय में उपलब्ध लगभग 27000 पुस्तकों का डाटा एंट्री कार्य पूरा किया गया।

गीत एवं नाटक प्रभाग

परिचय

प्रभाग की स्थापना 1954 में संचार माध्यम के रूप में पारंपरिक कलाओं और विलुप्त हो चुकी लोक कलाओं को फिर से पुर्नजीवित करने के उद्देश्य से एक छोटी प्रयोगात्मक इकाई के रूप में की गई थी। प्रभाग ने कलाओं के माध्यम से समकालिक विचारों, मुद्दों और तरीकों को उपनाकर लोगों के साथ तात्कालिक तादात्म्य स्थापित किया जिससे लोगों के बीच में एक जीवन्त माध्यम के रूपमें लोकप्रियता हासिल की है। प्रभाग ने दुर्गम पहाड़ी इलाकों, रेगिस्तान और सीमावर्ती क्षेत्रों निचले स्तर पर लोगों के साथ प्रभावी ढंग से सम्पर्क स्थापित करके अपनी पहुंच और प्रभाव के क्षेत्र में बहुत विस्तार किया है।

उद्देश्य

प्रभाग के कार्यों के बारे में इसकी वेबसाइट में विस्तार से बताया गया है। इसके मुख्य कार्यों में देश की प्रगति के अनुकूल सामाजिक, आर्थिक और लोकतांत्रिक विचारों को आम जनता में जागरूकता और भावनात्मक स्वीकार्यता पैदा करना है। यह सरहदी इलाकों में रहने वाले लोगों के मन में रक्षा की तैयारियों और देश के बाकी हिस्सों से सांस्कृतिक एकजुटता को लेकर विश्वास पैदा करने के लिए काम करता है। इसके कामकाज में सीमा के अलग थलग इलाकों में तैनात सैनिकों के मनोबल को बनाए रखना भी शामिल है। यह अपना काम मनोरंजन के जीवंत साधनों के जरिए करता है जिनमें देश के सभी क्षेत्रों की शहरी नाटय विधाएं और लोक विधाएं भी शामिल हैं।

अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए प्रभाग नाटक, नृत्य नाटिका, ओपेरा, वाचन और कठपुतली जैसी विभिन्न लोक और पारंपरिक विधाओं का सहारा लेता है। यह प्राचीन परंपरा वाले सैकड़ों जादुगरों की सेवाएं भी लेता है। इसके अलावा यह ध्वनि और प्रकाश की आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए साम्प्रदायिक सदभाव, राष्ट्रीय एकता, धर्मनिरपेक्षता, सांस्कृतिक विरासत, स्वास्थ्य, पर्यावरण और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यक्रम करता है जिनमें सैकड़ों कलाकारों की सेवाएं ली जाती हैं।

इस तरह प्रभाग देश के विभिन्न हिस्सों की अनगिनत लोक और पारंपिक विधाओं को पुनर्जीवित करने और उनहें बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। साथ ही वह हजारों कलाकारों की कलाओं का सोद्देश्य संवाद के लिए उनकी भाषाओं, मुहावरों और बोलियों में इस्तेमाल कर उन्हें आजीविका भी मुहैया करता है।

प्रभाग का मुख्यालय दिल्ली में है और इसका प्रमुख एक निदेशक होता है। इसके 10 क्षेत्रीय केन्द्र बंगलूरू, भोपाल, चंडीगढ़, चेन्नई, दिल्ली, गुवाहाटी, कोलकाता, लखनऊ, पुणे और रांची में हैं। दरभंगा, गुवाहाटी, जम्मू, जोधपुर, इंफाल, नैनीताल और शिमला में इसके सात सीमा केन्द्र हैं। प्रभाग के छह विभागीय नाटय दल भुवनेश्वर, दिल्ली, हैदराबाद, पटना, पुणे और श्रीनगर में हैं। इसके अलावा सशस्त्र बल मनोरंजन शाखा योजना के तहत कलाकारों के आठ दल दिल्ली में और एक चेन्नई में है। इन नौ दलों की जिम्मेदारी सीमा के सुदूर और अलग-थलग इलाकों में सशस्त्र बलों का मनोरंजन करना है।

एफ. एम. रेडियो (निजी)

सूचना और प्रसारण मंत्रालय रेडियो, टेलीविजन, फिल्मों, प्रेस प्रकाशनों, विज्ञापन और नृत्य तथा नाटक जैसे परम्परागत तरीकों से सूचना के गुप्त प्रवाह तक लोगों की पहुंच करने में सहायता देकर प्रभावी भूमिका निभाता है। मंत्रालय राष्ट्रीय एकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य देखभाल आदि जैसे राष्ट्रीय मुद्दों पर लोगों का ध्यान केन्द्रित करने के लिए मनोरंजन और विभिन्न आयु वर्ग के लोगों की बौद्धिक आवश्यकताओं को पूरा करने का कार्य करता है। इसके लिए मंत्रालय को सूचना शाखा, प्रसारण शाखा, फिल्म शाखा और समेकित वित्त शाखा जैसी चार शाखाओं की सहायता मिलती है। 'निजी एफएम रेडियो' योजना स्कीम, निजी एफएम प्रसारकों को बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराती है जिससे वे स्पेक्ट्रम के प्रभावली उपयोग के लिए किसी सामान्य स्थान पर उन्हें संप्रेशन सुविधाएं उपलब्ध कराने में सक्षम होते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मानीटरिंग केंद्र

केन्द्रीय अनुश्रवण सेवा को राष्ट्रीय तकनीक शोध संगठन (एनटीआरओ)में बदलने के बाद, सरकार की प्रसारण सामग्री के विषयों के अनुश्रवण के लिए इलेक्ट्रानिक मीडिया मानीटरिंग केंद्र (ईएमएमसी) की स्थापना का निर्णय लिया गया। निरंतर बढ़ रहे निजी और विदेशी टीवी चैनलों के विषयों के अनुश्रवण करने की जरूरत महसूस की गई ताकि केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम 1995 के तहत बने नियमों में निहित कार्यक्रम और विज्ञापन संहिताओं के उल्लंघन को रोकने के लिए नियम बनाए जा सकें। साथ ही हाल ही में हुई कुछ घटनाओं के बाद निजी और विदेशी चैनलों के अनुश्रवण की जरूरत ज्यादा बढ़ गई है।

अन्तर्राष्ट्रीय चैनल

भूमंडलीकरण के युग में किसी भी देश के खास तौर पर भारत जैसे देश के लिए जो एक अंतर्राष्ट्रीय शक्ति के रूप में उभर रहा है अंतर्राष्ट्रीय चैनल को एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी पड़ती है। बीबीसी, सीएनएन इत्यादि विश्व के अत्यंत ही प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय चैनल हैं। मुख्य उद्देश्य है भारत की स्थिति का दुनिया भर में उसी प्रकार प्रचार करना जिस तरह से अलजजीरा, बीसीसी, सीएनएन, सीसीटीवी इत्यादि चैनल करते हैं। इसके लिए डीडी इंडिया, जिसे बहुत से देशों में देखा जाता है, पर प्रसारण के साथ-साथ वर्तमान डीडी न्यूज चैनल के जरिए अंतर्राष्ट्रीय समाचारों और कार्यक्रमों की शुरुआत करनी होगी।

सामुदायिक रेडियो के लिए आई ई सी गतिविधियां

दिसंबर 2006 में, भारत सरकार ने सामुदायिक रेडियो के लिये नीति को लचीला बनाया और अलाभकारी संस्थाओं को रेडियो स्टेशन स्थापित करने के लिये अनुमति देने का निर्णय लिया। यह संगठन नागरिक समुदाय तथा स्वैच्छिक संगठन, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), कृषि विज्ञान केंद्र, पंजीकृत सोसायटी आदि स्वायत्त निकाय और सोसायटी अधिनियम अथवा एसे ही किसी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत सार्वजनिक ट्रस्ट जो कि एसी गतिविधियों में शामिल हो और जो अर्हता शर्तों को पूरा करता हो।

सूचना भवन का निर्माण

सूचना भवन के निर्माण पर होने वाला व्यय योजना आयोग की मंजूरी के पश्चात इस मंत्रालय को उपलब्ध कराए गये योजना बजट से पूरा किया जाता है। अब तक उपलब्ध निर्मित स्थान विभिन्न मीडिया इकाइयों को आबंटित किया गया है, जैसे सिविल कंस्ट्रक्शन विंग, गीत एवं नाटक प्रभाग, फोटो प्रभाग, फिल्म प्रभाग, प्रकाशन विभाग, गवेषणा, संदर्भ एवं प्रशिक्षण प्रभाग, भारतीय प्रेस परिषद, विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय (अंशत:) और राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम। सूचना भवन के चरण V के पूरा होने पर उपलब्ध निर्मित स्थान का आबंटन बाकी मीडिया इकाईयों को किया जाएगा और यदि फिर भी स्थान बचता है, तो उसे अन्य विभागों को किराये पर उपलब्ध कराया जाएगा।

विकास संबंधी पहलों का आर्थिक विश्लेषण (नई योजना)

अर्थव्यवस्था के तहत मनोरंजन और मीडिया क्षेत्र में 11वीं पंचवर्षीय योजना (2007-2012) के दौरान उच्च वृद्धि की उम्मीद है। विकास की इस गति से लाभ उठाने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा फिल्म, सूचना और प्रसारण क्षेत्रों संबंधी विभिन्न स्कीम/कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं ताकि निर्धारित लक्ष्यों/उद्देश्यों को हासिल किया जा सके। प्रत्येक स्कीम/कार्यक्रम से संबंधित कार्ययोजना कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा तैयार की जाएगी जिसमें भौतिक और वित्तीय दोनों तरह से लक्ष्यों और उपलब्धियों को दर्शाया जाएगा। कार्यान्वयन प्रगति की मंत्रालय स्तर पर भी निगरानी की जाएगी। इन स्कीमों/कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा छमाही आधार पर उपलब्ध कराई जाएगी तथा रिपोर्ट को प्रकाशित किया जाएगा।

मानव संसाधन विकास के लिये प्रशिक्षण

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, सूचना, प्रसारण और फिल्म क्षेत्र में प्रमुख मंत्रालय की भूमिका के रुप में कार्य करता है। यह मंत्रालय मीडिया से संबंधित नीतियों को बनाने और लागू करने की जिम्मेदारी निभाता है। मंत्रालय अपनी विभिन्न मीडिया इकाईयों के माध्यम से सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को लोगों तक पहुंचाने, बेहतर मनोरंजन उपलब्ध कराने, इलेक्ट्रानिक मीडिया, प्रिंट मीडिया और फिल्मों सहित विभिन्न संचार माध्यमों के जरिए जागरुकता पैदा करने का कार्य कर रहा है। मंत्रालय की मीडिया इकाईयां, स्वायत्त संस्थान और सार्वजनिक उपक्रम मंत्रालय के कामकाज में उसकी सहायता करते हैं।

भारतीय सूचना सेवा, केन्द्रीय सचिवालय सेवा और डेपुटेशन में अन्य सेवाओं से आए कई अन्य सेवाओं के अधिकारियों को विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों/विश्वविद्यालयों और मीडिया इकाइयों की आवश्कता अनुरुप विदेशों में प्रशिक्षण दिया जाता है।

इस योजना में व्यय केवल राजस्व व्यय के अंतर्गत किया जाता है। मंत्रालय की आवश्कताओं और पाठ्यक्रम की उपयुक्तता के अनुसार लघु अवधि और दीर्घावधि के विवेक सम्मत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाएंगे। मंत्रालय अपने अधिकारियों को संस्थानों/विश्वविद्यालयों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए भेजता है।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जनसंचार का कामकाज कर रहे अधिकारियों को राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में आये बदलावों से रूबरू कराना ताकि वह अपने संगठनों के विकास और उत्थान के लिए बेहतर कार्य कर सकें।

प्रसार भारती

अधिदेश

अधिदेश प्रसार भारती नाम से भारतीय प्रसारण निगम की स्थापना के प्रावधान बनाए गए। प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) अधिनियम, 1990 को 15 सितंबर 1997 से लागू किया गया। इस अधिनियम में प्रावधान है कि निगम सर्वसाधारण को जानकारी देने, शिक्षित करने और मनोरंजन के लिए सार्वजनिक सेवा प्रसारण का कार्य करेगा। यानी जो कार्य पहले आकाशवाणी और दूरदर्शन करते थे, वह कार्य अब यह निगम करेगा। निगम के सामान्य पर्यवेक्षण निर्देशन और प्रबंध के कार्य प्रसार भारती बोर्ड को सौंपे जाएंगे। यह बोर्ड अपने ऐसे सभी अधिकारों का इस्तेमाल और अपने ऐसे सभी कार्य उसी प्रकार करेगा जिस प्रकार इस अधिनियम के तहत निगम द्वारा किए जाते हैं।

निगम अपने कार्य सुचारू रूप से कर सके, इसके लिए अधिनियम में प्रावधान है कि संसद द्वारा कानूनी तौर पर इस बारे में विधिवत विनियोजन किए जाने के बाद केंद्र सरकार आवश्यकतानुसार निगम को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में इक्विटी सहायता अनुदान या ऋण के रूप में धनराशि प्रदान कर सकती है। निगम का अपना कोष होगा और निगम की सारी प्राप्तियां इसी कोष में जमा की जाएंगी और निगम सभी भुगतान इसी कोष से करेगा।

1. इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निगम का प्राथमिक दायित्व सर्वसाधारण को जानकारी देने, शिक्षित करने और मनोरंजन के लिए सार्वजनिक प्रसारण सेवा को संचालन करना तथा रेडियो और टेलीविजन पर प्रसारण का संतुलित विकास सुनिश्चित करना होगा। स्पष्टीकरण—शंका दूर करने के लिए एतद् द्वारा यह घोषणा की जाती है कि इस खंड के प्रावधान भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 के प्रावधानों के अलावा होंगे, न कि अधिनियम के प्रावधानों के विरूद्ध होंगे।

2. निगम अपने कार्यों के निर्वहन में निम्नलिखित उद्देश्यों को ध्यान में रखेगा :

(क) देश की एकता और अखण्डता तथा संविधान में निहित मूल्यों का संरक्षण।

(ख) सार्वजनिक हित, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय मामलों के बारे में मुक्त, सच्ची तथा निष्पक्ष सूचना प्राप्त करने के नागरिक के अधिकार का संरक्षण तथा अपनी विचारधारा या किसी राय को जोड़े बिना विविध दृष्टिकोणों सहित सूचना की निष्पक्ष तथा संतुलित प्रस्तुति।

(ग) शिक्षा के क्षेत्र में एवं साक्षरता, कृषि, ग्रामीण विकास, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और विज्ञान एवं तकनीक पर विशेष ध्यान देना।

(घ) उपयुक्त कार्यक्रमों के प्रसारण द्वारा देश के विविध क्षेत्रों की सांस्कृतिक विविधता एवं भाषाओं को पर्याप्त कवरेज प्रदान करना।

(ङ) क्रीड़ा एवं खेल को पर्याप्त कवरेज प्रदान करना जिससे कि स्वस्थ प्रतियोगिता एवं खेल भावना को बढ़ावा मिले।

(च) युवाओं की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त कार्यक्रम प्रदान करना।

(छ) महिलाओं की स्थिति एवं समस्याओं के संबंध में राष्ट्रीय चेतना बढ़ाना तथा महिला उत्थान पर विशेष ध्यान देना।

(ज) शोषण, असमानता को दूर करने, सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने एवं छुआ-छूत जैसी बुराई को दूर करने तथा समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए काम करना।

(झ) कामगारों के अधिकारों की रक्षा करना एवं उनके कल्याण को बढ़ावा देना।

(ञ) कमजोर एवं ग्रामीण वर्ग तथा सीमावर्ती क्षेत्र, पिछड़े एवं सुदूर क्षेत्रों के लोगों की भलाई के लिए कार्य करना।

(ट) अल्पसंख्यकों एवं जनजातीय समुदायों की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त कार्यक्रम प्रदान करना।

(ठ) बच्चों, नेत्रहीनों, बूढ़ों, अपंगों एवं जनता के अन्य कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा के लिए विशेष कदम उठाना।

(ड) राष्ट्रीय एकता को बढ़ाने के लिए, ऐसे प्रसारण करना जो भारत में विभिन्न भाषाओं के जरिए संवाद को बढ़ाते हों और हर राज्य में वहां की भाषा में क्षेत्रीय प्रसारण को बढ़ावा देना।

(ढ) उपयुक्त तकनीक द्वारा समग्र प्रसारण कवरेज प्रदान कराना तथा प्रसारण फ्रीक्वेंसी का सर्वोत्तम उपयोग एवं उच्च-स्तरीय उपलब्धियां सुनिश्चित करना।

(ण) रेडियो एवं टेलीविजन प्रसारण के निरंतर विकास के क्रम में शोध एवं विकास कार्य को आगे बढ़ाना।

(त) विभिन्न स्तरों पर प्रसारण के विभिन्न चैनलों की स्थापना द्वारा प्रसारण सुविधाओं का विस्तार।

3. विशेष रूप से एवं बिना पूर्वाग्रह के सामान्य रूप से, वर्तमान प्रावधानों के अनुरूप, निगम कुछ कदम उठा सकता है :

(क) कार्यक्रमों के निर्माण एवं उपलब्धता को लोकसेवा के रूप में संचालित करने के लिए प्रसारण को सुनिश्चित करना।

(ख) रेडियो एवं टेलीविजन के लिए समाचार एकत्र करने के लिए एक व्यवस्था की स्थापना।

(ग) खेल प्रतियोगिताओं, अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं, फिल्मों, सीरियलों, समारोहों, बैठकों तथा जनहित की अन्य घटनाओं के कार्यक्रमों के प्रसारण के लिए खरीद अथवा प्राप्ति के लिए बातचीत करना और ऐसे कार्यों की प्रक्रिया निर्धारित करना।

(घ) रेडियो, टेलीविजन या अन्य सामग्री के लिए लाइब्रेरी की स्थापना एवं देखभाल।

(ङ) समय-समय पर कार्यक्रम, दर्शक शोध, बाजार या तकनीकी सेवाओं को संचालित या प्रारंभ करना, जो उपयुक्त व्यक्तियों को उपयुक्त तरीकों और नियमों एवं शर्तों के अनुसार कार्य किए जा सके।

(च) नियमों द्वारा विर्निदिष्ट हो सकने वाली अन्य सेवाओं को प्रदान करना।

4. उपखंड (2) और (3) निगम की कोई बात निगम को, ऐसे नियमों एवं शर्तों के अनुसार जो सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट हों, विदेशी सेवाओं के प्रसारण और ऐसे विदेशी प्रसारण की निगरानी से नहीं रोक सकती जिनके प्रसारण के लिए केंद्र सरकार से भुगतान किया जाना हो।

5. इस खंड में स्थापित उद्देश्यों को बढ़ाने के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध कराया गया है, इनकी सुनिश्चितता के उद्देश्य के लिए विज्ञापन के संबंध में केंद्र सरकार को प्रसारण समय की अधिकतम सीमा के निर्धारण की शक्ति होगी।

6. निगम की मात्र इस आधार पर कोई भी सिविल जवाबदेही नहीं होगी कि वह इस खंड के किसी भी प्रावधान को पूरा करने में असफल रहा है।

7. निगम को विज्ञापन या ऐसे कार्यक्रम, जो नियमों द्वारा विनिर्दिष्ट हो, के संबंध में फीस या अन्य सेवा शुल्क निर्धारित करने का अधिकार होगा।

इस खंड के अधीन इकट्ठा किए गए फीस या अन्य सेवा शुल्क समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित वैसी सीमाओं से बाहर नहीं हो।

लक्ष्य तथा उद्देश्य

आकाशवाणी (ऑल इंडिया रेडियो), प्रसार भारती का एक अभिन्न भाग है, जो उपरोक्त दिए गए आदेशों को निरंतर पूरा कर रहा है। आकाशवाणी अपने विभिन्न स्टेशनों से प्रसारित कार्यक्रमों द्वारा लोगों को सूचना देता है, शिक्षित करता है और उनका मनोरंजन करता है। यह पूरे देश की जनता को सरकारी नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों की सूचना श्रव्य-प्रसारण के माध्यम से देता है और संस्कृति, शिक्षा, विज्ञान, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा सामाजिक एवं आर्थिक मुद्दों पर विभिन्न कार्यक्रम प्रसारित

करता है। यह पूरे देश की जनता को महत्वपूर्ण समाचार तथा सम-सामयिक घटनाओं की जानकारी देता है। यह विचारों के विभिन्न बिंदुओं को प्रस्तुत करता है ताकि इसके द्वारा प्रसारित कार्यक्रम संतुलित एवं निष्पक्ष हों। यह शिक्षा एवं राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है। यह प्राकृतिक आपदाओं के दौरान अपने तीव्र प्रसार के द्वारा जनता एवं सरकारी विभागों को समय पर सूचना प्रदान करता है। यह एक व्यवसायिक सेवा (विविध भारती) भी संचालित करता है जो कि वस्तुओं एवं सेवाओं की बिक्री के विज्ञापन भी देता है। इसका विदेश सेवा प्रभाग विदेशी श्रोताओं के लिए कार्यक्रम प्रसारित करता है। इसका समाचार सेवा प्रभाग 24 घंटे ताजा समाचार उपलब्ध कराता है। इसके अलावा आकाशवाणी का एफएम और डीटीएच चैनल दिन-रात संगीत, गाने आदि के जरिये लोगों का मनोरंजन करते हैं।

नीति वक्तव्य

सार्वजनिक सेवा प्रसारक के रूप में प्रसार भारती के उद्देश्य हैं

- गुणवत्तापूर्ण कार्यक्रम बनाना और
- महिलाओं, बच्चों, सुविधाविहीन, विशिष्ट भाषाई समूहों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों पर केंद्रित कार्यक्रमों के माध्यम से सूचना प्रदान करने, शिक्षा देने और मनोरंजन करने के प्रयोजन को पूरा करना।

प्रसार भारती के अंतर्गत आकाशवाणी, प्रसार भारती के अधिदेश को आगे बढ़ाने के लक्ष्यों और उद्देश्यों को हासिल करने का प्रयत्न करता है। अनेक प्रकार की नई पहल की जा रही है, जैसे 86 चुने हुए आकाशवाणी स्टेशनों से खेत और घर से जुड़े कार्यक्रम- किसान वाणी कार्यक्रम, पर्यावरण, परिवार कल्याण, ग्रामीण बच्चों और छोटे बच्चों को केंद्र में रखकर बनए गए विशेष कार्यक्रम, महिला कार्यक्रम, शैक्षिक प्रसारण (इग्नू/एसीईआरटी/सीआईईटी) दिखाए जा रहे हैं। एचआईवी/एड्स पर जागरूकता बढ़ाने के कार्यक्रम और दूसरे स्वास्थ्य कार्यक्रमों, इग्नू के सहयोग के साथ कार्यक्रम, राष्ट्रीय विज्ञान पत्रिका (विज्ञान भारती), सीसेम स्ट्रीट कार्यक्रमों को आकाशवाणी पर प्रसारित किया गया है, साथ ही संगीत और नाटक से संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण भी किया जाता है। पहल के इंजीनियरिंग पक्ष की ओर देखा जाए तो जम्मू कश्मीर और उत्तर पूर्व और द्वीपीय क्षेत्रों के लिए विशेष पैकेज कार्यक्रम चलाए गए हैं और एफएम सेवाओं का विस्तार, प्रॉडक्शन कार्यक्रमों और ट्रांसमिशन सुविधाओं का डिजिटलीकरण एवं नई तकनीक को प्रस्तावित किया गया है। समाचार सेवा प्रभाग और अनुसंधान एवं विकास से संबंधित गतिविधियों को भी संचालित किया गया है।

सभी प्रकार की पहल के उचित एवं समयाबद्ध कार्यान्वयन को परिणाम के रूप में प्रदर्शित करना सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

भारतीय क्लासिक योजना का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता के कार्यक्रम का निर्माण और देश की समृद्ध संस्कृति तथा साहित्यिक विरासत को संरक्षित रखना है। योजना के अंतर्गत सभी कार्यक्रम सभी भारतीय भाषाओं में बनाए गए हैं और इन साहित्यिक रचनाओं को अन्य भाषाओं में डब किया गया है जिससे देश के सभी दर्शकों को लाभ प्राप्त हो।

दूरदर्शन में, महाराणा रंजीत सिंह की ऐतिहासिक गाथा पर 52 एपीसोड की श्रृंखला निर्माणाधीन है। फोर्ट्स ऑफ इंडिया, इंस्टीट्यूशंस ऑफ डेमोक्रेसी, कॉमन वरशिप सेंटर्स जैसे चुनींदा विषयों पर विशेष कार्यक्रम निर्माणाधीन हैं।

दूरदर्शन सार्वजनिक सेवा प्रसारण कोष के सहयोग से व्यापक स्तर के विषयों पर वृत्तचित्रों का निर्माण कर रहा है। इसके अंतर्गत हर वर्ष चार वृत्तचित्रों को राष्ट्रीय पुरस्कार दिए जाते हैं।

डीडी उर्दू

पांच करोड़ 20 लाख उर्दू भाषी आबादी की जरूरतों को देखते हुए और उर्दू की साहित्यिक व सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने के लिए 15 अगस्त 2006 को डीडी उर्दू अस्तित्व में आया। प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम का उद्देश्य इस चैनल पर अच्छे विषय और लक्षित दर्शकों के कल्याण के लि अनेक कार्यक्रमों को प्रसारित करना है। इसके लिए डीडी की अधिग्रहण परियोजना के माध्यम से सॉफ्टवेयर खरीदा गया है और डीडी में इसे तैयार भी किया गया है।

डीडी न्यूज

डीडी न्यूज पहला और एकमात्र क्षेत्रीय न्यूज चैनल है जो देश की लगभग आधी आबादी तक पहुंचता है। इस चैनल की शुरुआत नवंबर 2003 में हुई थी। डीडी न्यूज बिना सनसनी के, संतुलित समाचारों के प्रसारण को सुनिश्चित करते हुए सत्य, सर्वत्र, संपूर्ण (पूरा सच हमेशा) का आदर्श वाक्य देता है।

आज के मीडिया परिदृश्य में, जहां 24 घंटे के अनेक निजी समाचार चैनल मौजूद हैं, डीडी न्यूज जैसे 24 घंटे के क्षेत्रीय सेटेलाइट राष्ट्रीय समाचार चैनल की मजबूत उपस्थिति की जरूरत है। सरकारी दृष्टिकोण, विशेष रूप से विकास नीतियों और कार्यक्रमों को प्रदर्शित करने के लिए यह अनिवार्य है। डीडी न्यूज एकमात्र भारतीय न्यूज चैनल है जो देश के 50 प्रतिशत लोगों तक पहुंचता है, विशेष रूप से समाज के सुविधाविहीन और अभावग्रस्त तबकों तक जो केबल सेटेलाइट के जरिए देश से जुड़े हुए नहीं हैं। राष्ट्रीय आपदा, विनाश आदि की स्थिति में, सार्वजनिक प्रसारक की भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

श्रोता अनुसंधान खंड

श्रोता अनुसंधान खंड अनुसंधान और आंकड़ा एकत्रीकरण के विभिन्न तरीकों के माध्यम से चैनलों पर कार्यक्रमों की योजना बनाने और उनकी गुणवत्ता सुधारने में महत्पूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्रोता अनुसंधान डीटीएच पेनेट्रेशन और कृषि कार्यक्रमों की नेरोकास्टिंग की मदद से देश भर में सर्वेक्षण करता है। श्रोता अनुसंधान खंड देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित अपनी 18 इकाइयों के सहयोग से शहरी और ग्रामीण इलाकों में डार्ट सर्वेक्षण भी करता है। वर्तमान वर्ष में भारत सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रमों के प्रभाव पर सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज द्वारा किया गया है।

इन हाउस सर्वेक्षणों के अतिरिक्त दूरदर्शन ने टैम मीडिया रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड से रेटिंग डेटा और एमआरयूसी से बेसलाइन डेटा प्राप्त करेगा और उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों में चैनल प्रबंधकों एवं मार्केटिंग विभाग को प्रदान करेगा।

डीडी भारती

डीडी भारती एक सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करने वाला चैनल है जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तावित, प्रोत्साहित और संरक्षित रखने में निर्णायक भूमिका निभाता है। चैनल संगीत, नृत्य, विरासत, स्वास्थ्य, बच्चों पर केंद्रित है और भारतीय जीवन शैली, दर्शन, कला और संस्कृति पर बल देता है। चैनल संगीत और नृत्य, पर्व, विशेष घटनाओं, मुशायरा, कवि सम्मेलन आदि के लाइव कवरेज को भी प्रसारित करता है। फिक्स प्वाइंट चार्ट्स में परिवर्तन के साथ, दर्शकों की संख्या बढ़ाने के लिए चैनल ने नए कार्यक्रमों को भी प्रस्तावित किया है। कार्यक्रमों में वैविध्य तथा उनकी गुणवत्ता में सुधार के लिए नए कार्यक्रम भी खरीदे गए हैं। कार्यक्रमों, विशेष रूप से सांस्कृतिक विरासत से संबंधित कार्यक्रमों में सुधार के लिए फिर कमीशनिंग प्रस्तावित है।

क्षेत्रीय प्रसारण

देश की सामाजिक सांस्कृतिक और भाषाई विभिन्नता के मद्देनजर दूरदर्शन देश के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले लोगों, विशेष रूप से प्रमुख क्षेत्रीय भाषाएं –तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़, उड़िया, बांग्ला, असमी, पंजाबी, गुजराती, मराठी और कश्मीरी – बोलने वाले लोगों के हित के लिए क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों में भी कार्यक्रमों का प्रसारण करता है। मुख्य भाषा के कार्यक्रमों के अतिरिक्त, क्षेत्रीय भाषाओं के 1१ सेटेलाइट चैनल भी उर्दू, सिंधी, संस्कृत, टुलु, कोंकणी, डोगरी, हिमाचली, हरियाणवी, नेपाली और उत्तर पूर्व की सबी भाषाओं और बोलियों में कार्यक्रमों का प्रसारण करते हैं।

क्षेत्रीय भाषाओं के कार्यक्रम राज्य में विभिन्न एचपीटी और एलपीटी के क्षेत्रीय सहयोग के साथ सेटेलाइट पर, जमीनी ट्रांसमीटरों के माध्यम से डीडी 1 की क्षेत्रीय विंडो के रूप में दोपहर तीन बजे से शाम आठ बजे तक उपलब्ध रहते हैं। तमिलनाडु में यह क्षेत्रीय सहयोग रात 11 बजे तक रहता है।

इन क्षेत्रीय भाषाओं के चैनलों पर राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित विभिन्न कार्यक्रम और फॉरमेट उपलब्ध कराए जाते हैं और इन्हें संबंधित राज्य के राजधानी केंद्र से फीड और प्रसारित किया जाता है। इन चैनलों पर फीचर फिल्में, फिल्मी गाने, धारावाहिक, शास्त्रीय-सुगम-लोक संगीत, नृत्य, समाचार और समसामयिक कार्यक्रम, कृषि और ग्रामीण विकास कार्यक्रम आदि प्रसारित किए जाते हैं जोकि श्रोता विशेष की रुचि के कार्यक्रमों के साथ समाज के सभी तबकों, महिलाओं, बच्चों और युवाओं का रंजन करते हैं।

राज्य नेटवर्क

दूरदर्शन के क्षेत्रीय सेवा प्रसारण भी हैं जिन्हें राज्य नेटवर्क कहा जाता है। ये नेटवर्क उत्तर भारत के दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में रहने वाले लोगों के लिए है। एचपीटी और एलपीटी के इन सभी राज्य नेटवर्कों के माध्यम से डीडीके, दिल्ली से सोमवार से शनिवार को दोपहर तीन से चार बजे तक एक घंटे के लिए उत्तरी नेटवर्क धारावाहिक आधारित मनोरंजन कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं और रविवार को हिंदी फीचर फिल्म प्रसारित की जाती है। इसलिए संबंधित राज्य की राजधानी से दोपहर चार से शाम आठ बजे के बीच कार्यक्रम बीम किए जाते हैं और उस राज्य के जमीनी ट्रांसमीटर से रिले किए जाते हैं जिससे क्षेत्र की प्रमुख स्थानीय बोली में आयोजित होने वाली गतिविधियों को कनेक्ट किया जा सके।

शिक्षा, सूचना और मनोरंजन के अतिरिक्त वर्ष भर सबसे ज्यादा बल फ्लैगशिप कार्यक्रमों को दिया जाता है। अपनी क्षमता का ध्यान न करते हुए क्षेत्रीय केंद्रों ने फ्लैगशिप कार्यक्रमों और लोक सेवा कार्यक्रमों को प्रमुखता देने में बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

डीडी अभिलेखागार

डीडी अभिलेखागार 40 वर्षों से सृजित मीडिया कन्टेंट का परिरक्षक है। किसी भी मीडिया संगठन का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि वह अपनी परिसंपत्ति को कैसे प्रबंधित करता है। ब्रॉडकास्टिंग चैनल के रूप में वह मौजूदा घटनाओं की प्रासंगिकता के अधिक से अधिक फाइल फुटेज पर निर्भर रहता है। इसके अतिरिक्त डीडी अभिलेखागार का सांस्कृतिक कन्टेंट बहुत मूल्यवान है, चूंकि डीडी अभिलेखागार ऐसा एकमात्र माध्यम है जो विभिन्न सांस्कृतिक प्रवृत्तियों, जिसमें शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय नृत्य, लोक संगीत और लोक नृत्य, आदिवासी संगीत और नृत्य शैलियां, परंपरागत और आधुनिक रंगमंच आदि शामिल है, के संरक्षण के उत्तरदायित्व को मान्यता देता है। यह बहुमूल्य कन्टेंट उस देश के स्पंदमान सांस्कृतिक जीवन का प्रतिनिधित्व करता है जो पूरे विश्व में अपनी सांस्कृतिक बपौती के लिए जाना जाता है। डीडी अभिलेखागार ने अपने कन्टेंट को संरक्षण का अभियान चलाया है जो भविष्य और देश की समृद्धि के लिए अतीत और वर्तमान का प्रतिनिधित्व करता है। अगले चार वर्षों में डीडी अभिलेखागर विश्व के सर्वश्रेष्ठ ब्रॉडकास्टिंग अभिलेखागारों में से एक हो जाएगा।

स्व वित्त कमीशनिंग (एसएफसी)

दूरदर्शन ने देश के प्रतिष्ठित निर्माताओं से अपने फ्लैगशिप चैनल डीडी 1 के लिए गुणवत्तापूर्ण मनोरंजक कन्टेंट आउटसोर्स करने के लिए स्व वित्त कमीशनिंग की नई योजना प्रतिपादित की है। इस योजना के तहत वरिष्ठ फिल्मकारों और टेलीविजन निर्माताओं द्वारा निर्मित सॉफ्टवेयर को दूरदर्शन की ओर से वितरित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त दूरदर्शन के स्वामित्व वाले कन्टेंट को दूसरे चैनलों द्वारा प्रसारित किया जा सकता है। यह योजना दूरदर्शन के प्राइम टाइम के दौरान अच्छा राजस्व अर्जित कर रही है।

डीडी एसएफसी कार्यक्रमों द्वारा सभी प्राइम टाइम और मिड प्राइम स्लॉट्स को अधिग्रहित करने को प्रतिबद्ध है। प्राइम टाइम और मिड प्राइम स्लॉट्स के अतिरिक्त एसएफसी कार्यक्रमों के लिए नॉन प्राइम टाइम स्लॉट्स को लेने की रणनीति पर विचार किया जा रहा है। यहां यह उल्लेख किया जाना चाहिए कि हर वर्ष निर्माण की लागत बढ़ रही है और गुणवत्ता के लिहाज से दूसरे सेटेलाइट चैनलों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए हमें एपीसोड के मूल्य को बढ़ाना चाहिए।

इस योजना के तहत निर्मित कार्यक्रम केवल दूरदर्शन की संपत्ति हैं। डीडी इस संपत्ति को बिना किसी अतिरिक्त मूल्य के, दूरदर्शन के किसी दूसरे चैनल पर जब चाहे प्रयोग कर सकता है। एक समय निवेश और बहुउपयोग का यह अधिकार, बिना किसी आवर्ती व्यय के, दूरदर्शन को प्रायोजित कार्यक्रमों के साथ नहीं मिलता। राजस्व में बढ़ोतरी के

अतिरिक्त, डीडी मार्केटिंग एजेंसियों/प्रायोजकों के देय की समस्या से भी निजात पा लेता है क्योंकि डीडी सीधा ग्राहकों के संपर्क में होता है। अदालती मामलों/पंचाट से भी छुटकारा मिलता है। वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान, प्राइम टाइम पर दैनिक धारावाहिक को प्रस्तावित करने का प्रयोग भी किया गया जो दर्शक संख्या बढ़ाने के साथ-साथ दूरदर्शन का राजस्व भी बढ़ाएगा।

वर्ष 2010-11 के लक्ष्य इस प्रकार हैं:

- उर्दू उपन्यासों पर देश के प्रख्यात फिल्मकारों से बहु श्रृंखला वाले धारावाहिकों का निर्माण
- भारत की प्रख्यात रंगकर्मियों द्वारा किए गए उर्दू नाटकों का पुनर्निर्माण
- दक्षिण एशिया के पड़ोसी देशों, यूरोप और अमेरिका के कलाकारों के अंतरराष्ट्रीय संगीत कार्यक्रम
- उर्दू भाषा और साहित्यिक पृष्ठभूमि वाले फिल्मकारों द्वारा उर्दू भाषा की कहानियों पर उर्दू फीचर फिल्मों का निर्माण

सॉफ्टवेयर की कमीशनिंग

- हैदराबाद, लखनऊ, मुंबई, पटना, जयपुर, श्रीनगर, जम्मू स्थित केंद्रों के माध्यम से इन हाउस प्रॉडक्शन गतिविधियों का संचालन
- इस वर्ष के दौरान घोषित कमीशंड योजनाओं पर काम चल रहा है, जो कि चैनल के लिए वर्ष 2010-11 में गुणवत्तापूर्ण कार्यक्रम प्रदान करेंगी।

अध्याय–2

वित्तीय परिव्यय, अनुमानित वास्तविक परिणाम एवं अनुमानित परिणाम

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	योजना/कार्यक्रम का नाम	लक्ष्य/परिणाम	परिव्यय 2010-11			परिमाणनीय/ वितरण योग्य/ भौतिक नतीजे	अनुमानित परिणाम	प्रक्रिया/ समयबद्धता	टिप्पणी/ जोखिम घटक
1	2	3	4			5	6	7	8
			4 (i)	4 (ii)	4 (iii)				
			गैर-योजना बजट	**योजना बजट**	**पूरक अतिरिक्त बजटीय संसाधन**				
1.	कम्प्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली की स्थापना और सीबीएफसी में बुनियादी सुविधाओं का उन्नयन	एनआईसी की सहायता से सीएफसी के समूचे कामकाज का आधुनिकीकरण और क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए तकनीकी उपकरण प्रदान करना	550.00	90.00	—	सीबीएफसी के क्षेत्रीय कार्यालयों में नेटवर्किंग सुविधाएं। साफ्टवेयर उपलब्ध कराना तथा साफ्टवेयर का विकास कम्प्यूटर के लिए एएमसी अनुबंध का भुगतान, कार्यालय परिसर का सुधार तथा बोर्ड के लिए डीवीडी/ टीवी/वीसीडी तथा अन्य तकनीकी उपकरणों की खरीद।	इससे क्षेत्रीय कार्यालयों में डाटा और संचार में तेजी आएगी, आवेदक फिल्म प्रमाणीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। सीबीएफसी के पास आधुनिक उपकरण होंगे। सिविल तथा विद्युत ढांचा उन्नयन।	—	—
2.	नई दिल्ली, कटक और गुवाहाटी में बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों का प्रारम्भ।	इन क्षेत्रों में बनने वाली फिल्मों के प्रमाणन की व्यवस्था करना	—	80.00	—	क्षेत्रीय अधिकारी के नए सृजित तीन पदों और तीन एलडीसी के पद भरने की प्रक्रिया जारी।	क्षेत्रीय अधिकारी के नए सृजित तीन पदों और तीन एलडीसी के पद भरने की प्रक्रिया जारी।	रोज़गार समाचार में विज्ञापित तीन क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ तीन पद एलडीसी के एसएससी के माध्यम से भरे जाएंगे	स्टाफ तथा ढांचा प्रदान किया जाएगा।

3.	प्रमाणन प्रक्रिया की जांच और आधुनिकीकरण	बोर्ड सदस्यों/ पैनल के लिए कार्यशालाओं का आयोजन, अध्ययन करवाना।	—	50.00	—	नियमित अंतराल पर बोर्ड के सदस्यों और सलाहकार पैनल के सदस्यों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन।	सभी पैनल तथा बोर्ड सदस्य प्रमाणन दिशा-निर्देशों से परिचित होंगे और विभिन्न क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा प्रमाणन के क्रियान्वयन में समानता लाएंगे	—	—
	कुल		**550.00**	**220.00**					

बाल फिल्म समिति, भारत

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	योजना/कार्यक्रम का नाम (चालू योजनाएं)	ग्यारहवीं योजना के लिए उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2010-11		वास्तविक प्रतिफल/ मात्रात्मक परिणाम (2009-10)	अनुमानित परिणाम	प्रक्रियाएं/ समयबद्धता	टिप्पणी/जोखिम संबंधी घटक
1	2	3	4		5	6	7	8
			4(i)	4(ii)				
			गैर-योजना बजट	योजना बजट				
1	सीएफएसआई को सरकार से अनुदान	1. फिल्मों के माध्यम से शिक्षा तथा संस्कृति को बेहतर बनाना और स्वस्थ मनोरंजन के लिए बच्चों में फिल्म समालोचना को प्रोत्साहन देना। 2. अभिलेख के उद्देश्य से डिजिटल रूप में सीएफएसआई की फिल्मों का रूपांतरण (170 घंटे की फिल्मों का डिजटिलीकरण किया जाएगा) 3. बाल फिल्मों को ऑनलाइन उपलब्ध कराना 4. राज्य और जिला प्रशासन, नेहरू युवा केंद्रों तथा गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से देश के सभी बच्चों तक पहुंचना	143.00	4.00	5 फीचर फिल्में, 2 लघु फिल्में, 14 डबिंग, 6 उपशीर्षक, 243 फिल्म खरीदी जाएंगी। सीएफएसआई की सभी फिल्में (निर्मित, डब और उपशीर्षक सहित अभिलेख तथा आम प्रदर्शन के उद्देश्य से डिजिटल फॉरमेट में रूपांतरित की जाएंगी। लाइब्रेरी के रूप में सीएफएसआई की सभी फिल्मों की वेबकास्टिंग तथा सीएफएसआई की फिल्मों की इंटरनेट पर उपलब्धता। 25 लाख दर्शकों को लाभांवित करने के लिए 5000 प्रदर्शनों का आयोजन।	राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय मानकों की बाल फिल्में उपलब्ध कराई जाएंगी। सीएफएसआई की सभी फिल्मों का अभिलेख डिजिटल फॉरमेट में उपलब्ध होगा जिससे सुगमता से उन्हें संग्रहित किया जा सकेगा। सीएफएसआई की सभी फिल्मों की वेबकास्टिंग तथा सीएफएसआई की वेबसाइट पर उनका प्रदर्शन। देश के दूर-दराज के क्षेत्रों के ज्यादा से ज्यादा बच्चों तक पहुंचना।	31.03. 2011	अनुदानों की उपयोगिता में किसी प्रकार के जोखिम की आशंका नहीं है।

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	योजना/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/ परिणाम	परिव्यय 2010-11			मात्रात्मक लाभ/उत्पादन वास्तविक भौतिक	प्रदर्शित परिणाम	प्रक्रिया/ समयरेखा	टिप्पणी
1	2	3	4			5	6	7	8
			4(i)	4(ii)	4(iii)				
			गैर योजना बजट	योजना बजट (अनुमोदित)	पूरक अतिरिक्त बजट संसाधन				
I.	**राजस्व (नई स्कीम)** आपूर्ति एवं सामग्री (i) आयोजित यात्रा/दक्षता उन्नयन	स्कीम का उद्देश्य नेताओं/ संसाधन व्यक्तियों की राय से परिचित कराना जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों से युवा सम्मिलित हैं जो देश के विभिन्न राज्यों में हो रहे विकास कार्यों से सम्बद्ध हैं। इस ग्रुप में सामाजिक कार्यकर्ता, गैर-सरकारी संगठन, किसान, दस्तकार, स्कूलों के अध्यापक और छात्र आदि शामिल हैं।	—	55.00	—	वर्ष 2010-11 के दौरान क्षेत्रीय कार्यलयों द्वारा 11 (ग्यारह) यात्राएं आयोजित की जाएंगी	आयोजित यात्रा में सम्मिलित सदस्य केन्द्रीय सरकार की नीतियों और योजनाओं के संदेश वाहक हो जाते हैं। आयोजित यात्रा के सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में संचालन में विभिन्न कल्याण स्कीमों के बारे में स्थानीय लोगों को भरोसा दिलाने में सहायक सिद्ध होते हैं।	सक्षम अधिकारी की स्वीकृति मिलने पर क्षेत्रों के साथ विचार-विमर्श के यात्रा कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने के बाद वर्ष के दौरान यात्रा पूरी हो जाएंगी।	

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	स्कीम/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/ परिणाम	परिव्यय 2010-11			मात्रात्मक लाभ/ वास्तविक परिणाम	अनुमानित परिणाम वास्तविक प्रतिफल	प्रक्रियाएं/ समयबद्धता	टिप्पणी
1	2	3	4			5	6	7	8
			4(i)	4(ii)	4(ii)				
			गैर-योजना बजट	योजना बजट	पूरक अतिरिक्त बजट संसाधन				
	पूंजी (नई स्कीम) आधुनिकीकरण तथा उन्नयन (अ) क्षेत्रीय कार्यालयों/ इकाइयों का कम्प्यूटरीकरण। (ब) ए.बी. हार्डवेयर का उन्नयन/डाटा प्रोजेक्टर की खरीद डी.वी.डी. प्लेयर/ वायरलेस पब्लिक एड्रेस सिस्टम/ डिजिटल वीडियो कैमरों की खरीद।	हाल ही में लागू सूचना का अधिकार के तहत देश में प्रत्येक नागरिक सरकार की विभिन्न योजनाओं और नीतियों की जानकारी पा सकता है। यह सूचना देशभर में फैले 22 क्षेत्रीय कार्यालयों और 207 क्षेत्रीय प्रचार इकाइयों के माध्यम से प्रदान की जाएगी। फिल्म शो, परस्पर वार्ता कार्यक्रम, चुनिन्दा विषयों पर विशेष कार्यक्रम के माध्यम से सरकार के संदेशों/योजनाओं एवं नीतियों को लोगों तक पहुंचाने के लिए क्षेत्रीय यूनिटों को उचित आडियो/ वीडियो उपकरण प्रदान करना		500.00	-	फिल्म प्रभाग से 15 मल्टीमीडिया प्रोजेक्टर, 29 डी.वी.डी. प्लेयर तथा 01 डिजिटल वीडियो कैमरे, 20 वायरलैस पीए सिस्टम से अधिक से अधिक फिल्में प्राप्त करना। 10 डिजिटल फोटो-कॉपीयर, 90 सादा फोटो कॉपी पर, 100 फैक्स सह-स्केनर मशीनें, 90 डिजिटल कैमरे, 11 लालटेन, 78 वाहन तथा प्रचार के लिए प्रतिमाह 7 वाहन किराए पर लेना	उपकरणों का इस्तेमाल लोगों के बीच सूचना संप्रेषण तथा सामाजिक मुद्दों पर शिक्षित करने में होगा।	टेंडर प्रक्रिया पूरी करना आपूर्ति आर्डर देना और बिल भुगतान शर्तें पूरी होने पर वर्ष के दौरान पूर्ण हो जाएंगे।	
		कुल		**555.00**					

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	योजना/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/ परिणाम	परिव्यय 2010-11			मात्रात्मक/परिमाणात्मक वास्तविक परिणाम	अनुमानित परिणाम	प्रक्रियाएं/ समयबद्धता	टिप्पणी
1	2	3	4			5	6	7	8
			4(i)	4(ii)	4(iii)				
			गैर-योजना बजट	योजना बजट	पूरक अतिरिक्त बजट संसाधन				
1.	लघु कार्य	क्षेत्रीय प्रचर इकाइयों, क्षेत्रीय कार्यालयों तथा डीएफपी (मु.) में दृश्य-श्रव्य उपकरणों का मरम्मत कार्य	44.00	शून्य	शून्य	वर्ष के दौरान डीएफपी के दृश्य-श्रव्य उपकरणों की मरम्मत आदि के कार्य के प्रावधान को पूरा किया जाएगा।	इससे क्षेत्रीय स्तर पर उपकरणों की कार्य प्रणाली में सुधार के साथ कार्य करने में आसानी होगी।	कार्य का निष्पादन वर्ष के दौरान सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमानों की मंजूरी के पश्चात पूरा किया जायेगा।	
2.	अन्य अधिभार	सरकार की नीतियों एवं कल्याण योजनाओं का फिल्म शो, परस्पर वार्ता कार्यक्रमों, और चुनिन्दा विषयों पर विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से जन समूह में प्रचार-प्रसार करना। क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय की 207 यूनिटें, 22 क्षेत्रीय कार्यालयों के निरीक्षण में यह कार्य संपादित करती हैं।	74.50	शून्य	शून्य	46,500 फिल्म शो, 4,968 विशेष कार्यक्रमों का आयोजन।	इन कार्यक्रमों का उपयोग सामाजिक विषयों एवं सरकार की नीतियों एवं योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देने तथा उन्हें शिक्षित करने के लिए किया जाएगा, इससे वे विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे।	कार्यक्रमों के लिए कार्ययोजना बनाना। कार्यक्रम आयोजित करना एवं फीडबैक एकत्रित करना यह कार्य वर्ष के दौरान पूरा किया जाएगा।	

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	योजना/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/ परिणाम	परिव्यय 2010-11			मात्रात्मक/परिमाणात्मक वास्तविक परिणाम	अनुमानित परिणाम	प्रक्रियाएं/ समयबद्धता	टिप्पणी
1	2	3	4			5	6	7	8
			4(i)	4(ii)	4(iii)				
			गैर-योजना बजट	योजना बजट	पूरक अतिरिक्त बजट संसाधन				
3.	पेट्रोल, ऑयल, लुब्रिकेंट	सरकार की नीतियों एवं कल्याण योजनाओं का फिल्म शो, परस्पर वार्ता कार्यक्रमों, और चुनिन्दा विषयों पर विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से जन समूह में प्रचार-प्रसार करना। क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय की 207 यूनिटें 22 क्षेत्रीय कार्यालयों के निरीक्षण में यह कार्य संपादित करती हैं।	176.35	शून्य	शून्य	सीमावर्ती, पिछड़े, जनजातीय तथा सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कार्यक्रमों के आयोजन के लिए परिवहन सुविधा उपलब्ध करना।	इन कार्यक्रमों का उपयोग सामाजिक विषयों एवं सरकार की नीतियों एवं योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देने तथा उन्हें शिक्षित करने के लिए किया जाएगा। इससे वे विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे।	वर्ष के दौरान सामान्य गतिविधियां	
4.	घरेलू यात्रा व्यय	सरकार की नीतियों एवं कल्याण योजनाओं का फिल्म शो, परस्पर वार्ता कार्यक्रमों, और चुनिन्दा विषयों पर विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से जन समूह में प्रचार-प्रसार करना। क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय की 207 यूनिटें 22 क्षेत्रीय कार्यालयों के निरीक्षण में यह कार्य संपादित करती हैं।	158.00	शून्य	शून्य	सीमावर्ती, पिछड़े, जनजातीय तथा सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कार्यक्रमों/अभियानों के आयोजन के लिए परिवहन सुविधा उपलब्ध करना। इन प्रचार गतिविधियों के लिए प्रत्येक क्षे.प्र.इ. को माह में 10-12 दिनों का भ्रमण करना है।	इन कार्यक्रमों का उपयोग सामाजिक विषयों एवं सरकार की नीतियों एवं योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देने तथा उन्हें शिक्षित करने के लिए किया जाएगा, इससे वे विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे।	वर्ष के दौरान सामान्य गतिविधियां	

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय

(लाख रुपये में)

क्र. स.	योजना/कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य परिणाम	परिव्यय 2009-10			परिमाणनीय/ हस्तांतरणीय/ वास्तविक प्रतिफल	परिमाणनीय/ हस्तांतरणीय वास्तविक प्रतिफल	प्रक्रिया/ समयबद्धता	टिप्पणी/ जोखिम घटक
1	2	3	4			5	6	7	8
	प्लान योजना का नाम		4 (i) गैर-योजना बजट	4 (ii) योजना बजट	4 (iii) पूरक अतिरिक्त बजटीय संसाधन				
1	विकासात्मक प्रचार कार्यक्रम अवधारणा और प्रसार	1. स्थापना 2. प्रदर्शनी 3. डिस्प्ले वर्गीकृत 4. रेडियो स्पॉट 5. मुद्रित प्रचार 6. वितरण 7. बाह्य प्रचार	2261.00 185.00 3242.00 200.00 240.00 - 100.00	— 174.00 1305.00 2175.00 348.00 - 318.00	— — — — — — —	— 500 15600 5300 152 — 250	सांप्रदायिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक आर्थिक उत्थान के बारे में विभिन्न माध्यमों-बाह्य प्रचार, रेडियो, दूरदर्शन, समाचारपत्र और पोस्टर/ पुस्तिकाओं के जरिए प्रचार करने से जन समुदाय में जागरूकता पैदा होगी और विकास में उनकी भागीदारी को प्रेरित किया जा सकेगा।	आवश्यकता अनुसार निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य किए जाएंगे।	
		कुल (1)	**6228.00**	**4350.00**					
2	डीएवीपी का आधुनिकीकरण	1.कम्प्यूटरीकरण और डिजिटलीकरण 2.कार्यालय ढांचा 3.मानव संसाधन विकास		— 100.00 100.00	— — —	— — —	कंप्यूटरीकरण और डिजिटलीकरण, कार्यालय ढांचा और मानव संसाधान विकास		
		कुल (2)		**200.00**					
		कुल **(1 और 2)**	**6228.00**	**4450.00**					

फिल्म समारोह निदेशालय

गैर-योजना

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	योजना का नाम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2010-11	मात्रात्मक लाभ/ वास्तविक प्रतिफल	अनुमानित परिणाम	प्रक्रियाएं/ समयबद्धता	प्रक्रियाएं/ समयबद्धता
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	प्रतिस्थापना संबंधी खर्चे	वेतन, भत्ते, ओई,डीटीई आदि	213.00	-	-	-	-
2.	लघु कार्य	सीरीफोर्ट सांस्कृतिक परिसर का रख-रखाव	354.00	कला संस्कृति तथा सिनेमा के क्षेत्र में प्रदर्शन के लिए सभागार सुसज्जित करना तथा किराए पर देना	किराए से उच्च आय की उम्मीद	एक वर्ष	-
3.	सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत फिल्म समारोह	विश्वभर में समृद्ध और विविध संस्कृति को फैलाना और विदेशों में भारतीय सिनेमा की उपस्थिति बढ़ाना	25.00	सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत भारत और विदेशों में 25 फिल्म समारोहों का आयोजन।	भारतीय सिनेमा को प्रोत्साहन तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत देशों के साथ संबंधों को मजबूत बनाना।	सीईबी का वर्ष भर आयोजन	
4.	राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार	सिनेमा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए राष्ट्रीय स्तर की मान्यता।	200.00	राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान करना।	भारतीय कला और संस्कृति के क्षेत्र में सुधार लाना तथा बेहतर प्रतिभाओं को मान्यता प्रदान करना ताकि भारतीय सिनेमा को बेहतर बनाया जा सके।	एक वर्ष	
		कुल	225.00				

फिल्म समारोह निदेशालय

योजना

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	योजना का नाम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2010-11	मात्रात्मक लाभ/ वास्तविक प्रतिफल	अनुमानित परिणाम	प्रक्रियाएं/ समयबद्धता
1	2	3	4	5	6	7
1.	भारत और विदेशों में फिल्म समारोहों के जरिए निर्यात प्रोत्साहन (योजना राजस्व **क.** भारत का अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह **ख.** विदेशी फिल्म समारोहों में भाग लेना **ग.** भारतीय पैनोरमा फिल्मों का चयन।	इस योजना को 10वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान लागू किया गया ताकि फिल्म समारोहों में भाग लेकर और निर्यात को प्रोत्साहन देकर भारतीय सिनेमा को बढ़ावा दिया जा सके।	450.00	क. भारत के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह का आयोजन। **ख.** विभिन्न देशों में आयोजित 35 विदेशी फिल्म समारोहों में भारतीय फिल्मों की भागीदारी। **ग.** 26 फीचर और 21 गैर-फीचर फिल्मों का चयन।	फिल्म समारोहों में निर्यात को प्रोत्साहन देकर बेहतर भारतीय सिनेमा को बढ़ावा देना। इससे पूरे विश्व में भारत की समृद्ध और विविध संस्कृति को सिनेमा के माध्यम से फैलाने में मदद मिलेगी।	वित्तीय वर्ष 2010-11 में कार्यान्वित होगा।
5.	**स्टॉफ के लिए आवास अन्य कार्य**	स्टाफ के लिए आवास सुविधा का प्रावधान विभिन्न स्टेशनों पर बुनियादी ढांचे में वृद्धि और सुरक्षा व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण	**5.00**	7 स्थानों पर स्टाफ क्वार्टर 22 स्थानों पर गेस्टहाउस 10 स्थानों पर कम्यूनिटी सेंटर गुवाहाटी पर जोनल ऑफिस की इमारत 17 स्थानों पर डीएमसी भवन 10 स्थानों पर एलपीटी भवन डीडी भवन, काम्प्लैक्स में टावर सी भवन मौजूदा दूरदर्शन कार्यालयों में बुनियादी ढांचे व सुरक्षा में सुविधा	स्टाफ क्वार्टर, गेस्टहाउस, कम्यूनिटी सेंटर, डीएमसी भवन, एलपीटी भवन, जोनल ऑफिस के भवन, टावर सी भवन का निर्माण	सभी कार्यों को सौंपा गया। 4 एलपीटी भवन और 4 डीएमसी भवन का काम पूरा। चौथी तिमाही टावर सी का काम सौंपा गया (इन्सटी तिमाही)	

क्र. सं.	योजना/कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/ परिणाम	परिव्यय 2010-11	मात्रात्मक लाभ/ वास्तविक परिणाम	अनुमानित परिणाम	प्रक्रियाएं/ समयबद्धता	टिप्पणी/ जोखिम घटक
1	2	3	4	5	6		7
	सॉफटवेयर अधिग्रहण	डीडी उर्दू, डीडी भारती, डीडी इंडिया, आर एलएसएस, अभिलेखागार, सीसीयू व क्लासिक्स आदि चैनलों के लिए कार्यक्रमों का निर्माण। अधिग्रहण/ कमीशनिंग	**5.00**	5614 एपीसोड के	डीडी उर्दू, डीडी भारती, डथ्डी इंडिया, आरएलएसएस, अभिलेखागार सीसीयू और क्लासिक्स आदि के लिए नए व गुणवत्तावान साफ्टवेयर	वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान	अगले दो वर्षों के लिए 485 करोड रुपये के व्यय के लिए योजना आयोजना संबंधित मंत्रालयों को ईसफसी सौंप दी गई है।
		कुल	**157.00**				
		पूंजी	**100.00**				
		राजस्व	**57.00**				
	राष्ट्रमंडल खेल कुल	**प्रसार भारती** **आईटीओपी**	**232.00** **64.67** **296.77**				

अध्याय-3

(सुधार, उपाय तथा नीतिगत पहल)

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड

जहां तक पारदर्शिता का संबंध है, सांगठनिक ढांचा, फिल्म प्रमाणन दिशा-निर्देश, प्रवर्तन विवरण, प्रमाणन प्रक्रिया संबंधी सभी सूचनाएं वेबसाइट पर डाली गई हैं। आरटीआई एक्ट-2005 के अंतर्गत पीआईओ*/एपीआईओ* और सभी कर्मचारियों की सूचना वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई हैं। नागरिक घोषणा पत्र, पूछताछ, शिकायतें तथा जन विचारों को वेबसाइट पर डाला गया है ताकि सीबीएफसी की फिल्म प्रमाणन प्रक्रिया संबंधी अथवा किसी भी व्यक्तिगत शिकायतों पर आम जनता प्रश्न पूछ सके।

*** जनसूचना अधिकारी**

*** सहायक जन सूचना अधिकारी**

बाल फिल्म समिति, भारत

सीएफएसआई के पूर्व अध्यक्ष ने फिल्म सिटी में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से भूमि आवंटित करने के लिए अनुरोध किया। महाराष्ट्र फिल्म, स्टेज तथा सांस्कृतिक विकास निगम लिमिटेड ने फिल्म सिटी, गोरेगांव में 1600 व.मी. जगह का प्रस्ताव दिया है। सीएफएसआई अब वित्तीय जरुरतों के साथ महाराष्ट्र सरकार के अनुमोदन का इंतजार कर रही है।

सीएफएसआई का उद्देश्य यहां एक राष्ट्रीय महत्व के आधुनिक बाल फिल्म परिसर का निर्माण करना है, जिसमें फिल्म निर्माण के सभी पहलुओं सहित एक एनीमेशन तथा पपेट स्टूडियो का निर्माण शामिल है। इसका उद्देश्य अच्छी फिल्मों का निर्माण करना है। इस परिसर में बाल फिल्म अभिलेखागार स्थापित करने की भी योजना है।

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय

निदेशालय अपने कार्मिकों की संख्या को उचित स्तर पर लाकर स्वयं को नया स्वरूप दे रहा है ताकि इसकी कार्यक्षमता में सुधार हो। निदेशालय का मुख्य जोर जनजातीय, सीमावर्ती क्षेत्र, दूरदराज तथा पिछड़े क्षेत्रों में गतिविधियां बढ़ाने पर है जो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की पहुंच से बाहर है। इस प्रक्रिया में, निदेशालय ने राज्यों की राजधानियों और बड़े शहरों की अपनी 61 क्षेत्रीय प्रचार इकाइयां या तो बंद कर दी हैं या उन्हें दूसरी इकाइयों में मिला दिया है तथा कर्मचारियों को ऐसी इकाइयों में भेजा गया है जहां कर्मचारियों की आवश्यकता है।

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय

विज्ञापन और दृश्य एवं प्रचार निदेशालय भारत सरकार की केन्द्रीकृत विज्ञापन एजेंसी है जो सामाजिक-आर्थिक उत्थान से जुड़े कार्यक्रमों/योजनाओं और राष्ट्रीय एकता, आतंकवाद विरोधी, सांप्रदायिक सदभाव से जुड़े मुद्दों की जानकारी प्रदर्शनियां, समाचार पत्रों, विभिन्न केबल एवं सैटेलाइट चैनलों, रेडियो, डिजीटल सिनेमा, बाह्य प्रचार माध्यमों (आउटडोर पब्लिसिटी) और मुद्रित प्रचार सामग्री इत्यादि द्वारा देश भर में प्रचार किया जाता है। सरकार ने मुद्रित माध्यम के लिए नई विज्ञापन नीति लागू की है तथा इलेक्ट्रानिक माध्यम के जरिए विज्ञापन/प्रचार के संबंध में आडियो-विजुअल नीति भी लागू की है जिससे प्रचार तथा विज्ञापन के विविध पहलूओं को एकरूप किया जा सके। इन नीतियों के लागू होने से पारदर्शिता को भी बढ़ावा मिला है। डीएवीपी एक ऐसी नोडल मल्टीमीडिया एजेंसी है जो आम लोगों को सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की नीतियों, कार्यक्रमों और उपलब्धियों के विषय में जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें सार्वजनिक निजी भागीदारी से विभिन्न प्रचार माध्यमों के जरिए विकासात्मक गतिविधियों में भागीदारी करने के लिए प्रोत्साहित करत ेहै। इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए, डीएवीपी ने नई आधुनिक प्रौद्योगिकी, विज्ञापन तकनीक, जन प्रचार, प्रशासन और प्रबंध में कम्प्यूटर साक्षरता और सूचना-प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग कर रहा है। यह उपाय बेहद कारगर है तथा देश को प्रभावी ढंग से प्रचार करने के साथ ही संदेश को प्रभावी ढंग से आत्मसात करने मं सहायक सिद्ध होता है जिससे श्रोता (संदेश प्राप्तकर्ता) को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित भी करता है। इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए 11वीं पंचवर्षीय योजना के तहत डीएवीपी के आधुनिकीकरण जैसी नी योजनाओं पर भी डीएवीपी मे काम कर रहा है। डीएवीपी के आधुनिकरण योजना के तहत 2007-08 की वार्षिक योजना के बाद से ही निदेशालय द्वारा कर्मचारियों की कौशल और क्षमता के उन्नयन के लिए आवश्यक ढांचागत क्षमता और प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे योजनाों के बेहतर क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी साथ ही लक्षिति लाभार्थी तक संदेश पहुंचाने में बेहतर सहायक साबित होगा।

फिल्म समारोह निदेशालय

भारत का अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, 2010 का आयोजन तथा 2009 के लिए 57वें राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करना।

डीएफएफ वर्ष भर भारत में भारतीय पेनोरमा फिल्मों के प्रदर्शन तथा विश्व भर में फिल्म महोत्सवों में भागीदारी जैसी अपनी नियमित गतिविधियां चलाता रहेगा।

फिल्म प्रभाग

परिणाम सुधार और योजना उपलब्धि

गैर सरकारी संगठनों एवं बाहर के निर्माताओं के द्वारा वृत्तचित्र का निर्माण सामाजिक समस्या और उसके हल से समाज में सुधार और बदलाव का प्रयास सरकार कर रही है।

मुविंग ईमेज संग्रहालय की फिल्म प्रभाग मुंबई में स्थापना से फिल्मों के इतिहास की जानकारी दृश्य-श्रव्य माध्यम से और महत्वपूर्ण ऐतिहासिक फिल्म निर्माण, निर्देशक, निर्माता इत्यादि सामग्री दर्शायी गई। यह संग्रहालय फिल्म निर्माताओं, छात्रों, जागरुक और समीक्षकों के साथ फिल्म निर्माण से अन्जान व्यक्ति वो भी इससे रोचक और ज्ञानवर्धक जानकारी मिलेगी। फिल्मों की समृद्धता से सिर्फ भारत ही नहीं विश्व के लोग परिचित होंगें।

भारत और विदेशों में फिल्म बाजारों में भागीदारी

फिल्म क्षेत्र हालांकि ज्यादातर निजी क्षेत्र के अंतर्गत आता है परंतु यह भारत में एक सशक्त सांस्कृतिक उद्योग है। भारत का संख्या की दृष्टि से विश्व में सबसे अधिक फिल्में बनाने वाले देशों में पहला स्थान है। किंतु, राजस्व हासिल करने की दृष्टि से विश्व बाजार में भारतीय फिल्मों की भागीदारी नगण्य है। प्रौद्योगिकी में प्रगति की फिल्म उद्योग के विकास के सभी क्षेत्रों—यानी फिल्म निर्माण, वितरण, प्रदर्शन और विपणन में महत्वपूर्ण भूमिका है।

विदेशी फिल्म समारोहों/बाजारों में भागीदारी : विश्व बाजार में भारतीय फिल्मों की हिस्सेदारी प्रोत्साहित आयोजन करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए भारत प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह/बाजारों में हिस्सा लेता है। केन्स फिल्म समारोह/बाजार में भारतीय पेवेलियन का आयोजन निजी उद्योगों की शीर्ष संस्था एसोचैम के सहयोग से किया जा रहा है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के साथ मिलकर सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बर्लिन में यूरोपीय फिल्म बाजार, 2009 में हिस्सा लिया।

एनीमेशन, गेमिंग तथा दृश्य प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना

इस संबंध में, यह कहना है कि जब योजना आयोग से पहले सैद्धांतिक अनुमति मांगी थी, उन्होंने हमें ईडीपीआर दाखिल के निर्देश दिए। हमने मौजूदा फिल्म एवं टेलीविजन स्कूल पुणे और कोलकाता तथा आईआईएमसी को दृष्टिगत रखते हुए इस तरह के केंद्र के साथ पुनः निरीक्षण करने की प्रार्थना की। सैद्धांतिक अनुमति विस्तृत एच आर गेप अध्ययन के आधार पर योजना आयोग से मांगी गई थी। इस अध्ययन को एक परामर्शक ने किया था जिसने एनीमेशन, गेमिंग तथा विशेष प्रभाव के लिए मानव संसाधन की मांग तथा आपूर्ति के बीच निश्चित रूप से एच आर अंतर की बात मानी थी। इसलिए, परामर्शक ने केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव दिया। परामर्शक ने वर्तमान में तथा निकट भविष्य में इस उद्योग के लिए विभिन्न कौशल की आवश्यकता पर भी एक अध्ययन किया।

योजना आयोग की आवश्यकता के अनुसार तथा मंत्रालय में विस्तृत विचार विमर्श के बाद विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए विचारार्थ विषयों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इसमें शामिल है क्या परियोजना पीपीपी मोड अथवा पीपीपी के विभिन्न रूपों में स्थापित किया जाना चाहिए। इस संबंध में विशिष्ट सुझावों के लिए परामर्शक की आवश्यकता पड़ेगी। अंत में यह मानना है कि मंत्रालय आईएफडी के परामर्श से इस उद्देश्य के लिए परामर्शक तय करने की प्रक्रिया में है।

भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे

फिल्म निर्माण की कला और तकनीक में प्रशिक्षण प्रदान करने वाला प्रमुख संस्थान होने के नाते इसके स्थायित्व, प्रशिक्षण सुविधाओं तथा प्रशिक्षण वातावरण के उन्नयन के लिए भारत सरकार की नीति अनुदान-सहायता के माध्यम से वित्तीय सहयोग प्रदान करती है।

एफटीआईआई को अनुदान सहायता स्कीम के अंतर्गत उपकरण की प्राप्ति, सिविल एवं विद्युत निर्माण आदि में उपलब्धियों के जरिए भौतिक तथा वित्तीय निगरानी सांकेतिक है। इसके अलावा हार्डवेयर वस्तुओं की प्राप्ति/साफ्टवेयर सामानों का उत्पादन, संबंधित कार्य जैसे अनुसंधान, लॉयल्टी, प्रतिभा शुल्क आदि, साथ ही संबंधित कार्य जैसे कार्यक्रमों का निर्माण, फिल्मों में रुपांतर, श्रोता अनुसंधान आदि तथा छात्रवृत्ति और छात्रों के लिए विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ आदान-प्रदान कार्यक्रमों सहित एचआरडी पहलुओं के अंतर्गत आदान प्रदान/प्रशिक्षण कार्यक्रम की पहचान में उपलब्धि के अंश के माध्यम से सांकेतिक है।

जन सूचना प्रणाली : एफटीआईआई द्वारा संचालित पाठ्क्रमों और अन्य अकादमिक गतिविधियों को उच्चतम स्तर तक पारदर्शी बनाने के लिए बेबसाइट/प्रिंट मीडिया में विज्ञापन दिए जाते हैं। मशीनरी और उपकरणों की प्राप्ति भी दोनों मीडिया में खुले विज्ञापन में सार्वजनिक टेंडर के माध्यम से की जाती है।

सत्यजित रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता

दो नए अकादमिक विभागों के निर्माण के अतिरिक्त संस्थान की इमारत में एक अतिआधुनिक फिल्म स्टूडियो के निर्माण का प्रस्ताव है। बड़ी पारदर्शिकता का परिचय देने के लिए संस्थान में एक शिकायत प्रकोष्ठ है और नागरिक घोषणा पत्र का प्रकाशन भी किया जाता है जो संस्थान की वेबसाइट (www.Srfti.gov.in) उपलब्ध है।

एक शैक्षिक संस्थान होने के नाते एसआरएफटीआई की समाज में निभाने के लिए सीमित/विशिष्ट भूमिका है। अलग प्रकार के व्यक्तियों के लिए समान अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए नियमित रुप से प्रभावी अभियान चलाया जाता है। ऑडिटोरियम, छात्रावास आदि सभी तरह की सुविधाएं अलग प्रकार के व्यक्तियों (देखने और सुनने में अक्षम व्यक्तियों को छोड़कर क्योंकि संस्थान दृश्य मीडिया है) के लिए समान रूप से उपलब्ध हैं। इंटरनेट कक्ष और लाइब्रेरी भूतल पर स्थित हैं ताकि सभी की पहुंच आसान हो। जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए छात्रों और शिक्षकों द्वारा नियमित कार्यशालाएं तथा परिचर्चाएं आयोजित की जाती हैं। अलग तरह के योग्य व्यक्तियों के लिए संस्थान में समान अवसर हैं।

भारतीय जनसंचार संस्थान

जो व्यक्ति या महिला मीडिया संस्थानों से जुड़कर काम करना चाहते हैं यह संस्थान उनको इस क्षेत्र के लिए आवश्यक कौशल/तकनीक और अन्तर्दृष्टि प्रदान करता है। यह संस्तान अपने छात्रों को समाज के लिए उपयोगी सदस्यों के रुप में विकसित करने के लिए प्रयास करता है। यही प्रयास इस संस्थान और इसके छात्रों को एक अलग परिचय और चरित्र प्रदान करता है।

भारत का राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय

फिल्मों तथा अनुषंगी सामग्री का डिजिटाइजेशन

सभी तरह की फिल्में रसायनों का मिश्रण होती हैं जिन्हें यदि आदर्श स्थितियों में न रखा जाए तो नष्ट हो सकती हैं। निम्न स्तरीय भंडारण से और नुकसान होता है जिसके चलते गंदगी और कवक के कारण क्षरण का शिकार हो जाती हैं और गंदी, धब्बेदार तथा फट जाती हैं। फिल्म क्षरण से निपटने का व्यावहारिक तरीका फिल्म और मेग्नेटिक मीडिया को डिजिटल फॉर्मेट में बदलना है जोकि टिकाऊ है, भंडारण में आसान है, बारंबार इस्तेमाल के चलते कटने-फटने का डर नहीं और दीर्घकालीन प्रौद्योगिकीय मियाद है। पोस्टर, फिल्मों और अनुषंगी सामग्री को खोजने और उसे प्राप्त करने के अपने प्राथमिक उद्देश्य को हासिल करते हुए, एनएफएआई का अपना लगभग 5000 फिल्मों तथा गीत पुस्तिकाओं, वाल पोस्टरों, तस्वीरों, पत्र कतरनों, लगभग 40,000 पटकथाओं, दुर्लभ पुस्तकों और पत्रिकाओं जो 30 के दशक तक पुराने हैं, का संग्रह है। बदलती प्रौद्योगिकी के साथ, एनएफएआई ने फिल्मों और अनुषंगी सामग्री को डिजिटाइजेशन और जीर्णोद्वार का कार्य हाथ में लिया है। रिपोर्ट अवधि के दौरान लगभग 100 महत्वपूर्ण फिल्मों का डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है। जहां तक अनुषंगी सामग्री का संबंध है, सभी वाल पोस्टरों, गीत पुस्तिकाओं, स्टिल्स तथा पत्र कतरनों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है।

राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड

सुधार के उपाय और नीतिगत पहलें

1. ग्यारहवीं योजना अवधि के दौरान क्षेत्रीय भाषाओं में फिल्म निर्माण के लिये एनएफडीसी को सरकारी मदद देने का निर्णय लिया गया है।

2. यह प्रस्ताव है कि एनएफडीसी सहनिर्माण के क्षेत्र में भी काम करेगा और संभावनाशील अंतर्राष्ट्रीय एवं स्वदेशी सहनिर्माताओं को बुनियादी पूंजी मुहैया करायेगा। इसके लिये जरूरी पूंजी की पूर्ति कंपनी के आईईबीआर से की जायेगी।

3. एनएफडीसी ने निम्नलिखित उद्देश्यों से विदेशी फिल्म और टेलीविजन बाजार में भागीदारी करने की निर्यात रणनीति बनायी है :

i. प्रदर्शन के विभिन्न माध्यमों के जरिये विदेश वितरण के लिए भारतीय फिल्मों का निर्यात

ii. अंतर्राष्ट्रीय सहनिर्माण के लिये साझेदारों की पहचान

iii. लाइन प्रोड्यूसर के रूप में एनएफडीसी की सेवाओं का विकास

iv. भारत को फिल्मों की शूटिंग के स्थल के रूप में प्रचारित करना

v. भारतीय बाजारों के लिये विदेशी फिल्मों का आयात

vi. फिल्म निर्माण एवं एनिमेशन में विदेशी ग्राहकों के लिये अधिकृत निर्माण के काम को हाथ में लेना।

4. भारतीय फिल्म परियोजनाओं की गुणवत्ता, उसके दायरे तथा उसकी आकांक्षाओं में विस्तार करने के उद्देश्य से एनएफडीसी फिल्म उद्योग को विभिन्न तरह की पटकथा की उपलब्धता को व्यापक बनाने के अपने प्रयास के तहत उसने पटकथा विकसित करने के लिये हर साल खास संख्या में भारतीय लेखकों को सहायता देने का लक्ष्य बनाया है ताकि घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजार को उच्च गुणवत्ता वाली तथा बाजार में बिक सकने वाली सामग्रियां विकसित हो सके।

5. चूंकि एनएफडीसी पिछले कुछ वर्षों से घाटे में है, इसलिये इससे पुनर्जीवन के लिये इसके मामले को बोर्ड फॉर रिकंस्ट्रक्शन ऑफ पब्लिक सेक्टर इंटरप्राइजेज (बीआरपीएसई) के पास सौंपने का फैसला किया गया था। तदानुसार एसबीआई केपिटल मार्केट्स लिमिटेड की सहायता से एनएफडीसी द्वारा तैयार एक पुनर्जीवन प्रस्ताव बीआरपीएसई को भेजा गया है।

6. सरकार ने एनएफडीसी को छोटा किंतु दक्ष निकाय बनाने के लिये इसके मानव संसाधनों को सुसंगत बनाने के लिये 2008-09 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना को लागू करने के एनएफडीसी के प्रस्ताव को मंजूर कर लिया है। इस कड़ी में, 2008-09 की अवधि में वीआरएस के अंतर्गत 69 कर्मचारी मुक्त किं जा चुके है और 2009-10 में निगम की मानव शक्ति को 209 से 140 तक लाना है। 5.91 रुपये के योजना परिव्यय के साथ संगठन को हल्का और प्रभावी बनाने के लिए 40 अधिशेष मानव शक्ति छंटनी के लिए निगम वीआरएस का एक और चक्र शुरु करने का प्रस्ताव ला रहा है।

पत्र सूचना कार्यालय

लोगो को सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और गतिविधियों के संबंध में जानकारी देने के लिए पत्र सूचना कार्यालय भारत सरकार की नोडल एजेंसी है। यह कार्यालय मीडिया प्रतिनिधियों के पेशागत सुविधाएं उपलब्ध कराता है। आम आदमी तक पहुंचने के सरकार के प्रयासों के तहत, पीआईबी राष्ट्रव्यापी जनसूचना अभियान आयोजित कर

रहा है। इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य सरकार के अग्रणी कार्यक्रमों की जानकारी देना और जागरुकता बढ़ाना है, जैसे राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (नरेगा), राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, सर्वशिक्षा अभियान, जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी पुनरुत्थान मिशन, सूचना का अधिकार, अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री का नया 15-सूत्रीय कार्यक्रम, समग्र बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) स्कीम, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वनवासियों का कल्याण आदि।

यह कार्यालय नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय प्रेस केंद्र स्थापित कर रहा है, जिसके लिए इसे भूमि का आबंटन किया जा चुका है। यहां राष्ट्रीय औरअंतर्राष्ट्रीय मीडिया को सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। ईएफसी ने परियोजना को मंजूरी दे दी है और एनबीसीसी को कार्यान्वयन एजेंसी नियुक्त किया जा चुका है। एनडीएमसी/डीयूएसी आदि की मंजूरी नवं/दिसं 2008 ईएफसी से ताजा मंजूरी 15 सितम्बर को प्राप्त हुई।

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह के अतिरिक्त, प्रवासी भारतीय दिवस भी 11वीं योजना से योजना स्कीम में शामिल कर लिया गया। देश की मिली-जुली संस्कृति को दर्शाने और जानकारी प्रदान करने के लिए भारत सरकार के पास प्रतिष्ठित अवसर हैं। सिलिए पीआईबी इन दोनों गतिविधियों के लिए मीडिया सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है।

पीआईबी अन्य देशों के साथ बेहतर समझ को प्रोत्साहित करने के और मीडियाकर्मियों के बीच अधिकाधिक आदान-प्रदान के जरिए क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिमका निभा रहा है। इसके लिए सूचना और जनसंचार के क्षेत्र में सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम और संयुक्त कार्य आयोग/संधि का मार्ग अपनाया जाता है।

भारतीय प्रेस परिषद

प्रेस परिषद ने अर्द्ध न्यायिक संस्था होने और प्रेस के आचरण संबंधी मानदंडों के नियमन का उत्तरदायित्व संभालते हुए निम्नलिखित सुधार के उपाय और नीतिगत पहलें की हैं :

1. नीतिगत उपाय :

(क) समाचारों के लिए भुगतान करना

(ख) मीडिया ट्रायल पर मार्ग निर्देश

(ग) स्टिंग पत्रकारिता पर मार्ग निर्देश

(घ) फोटो पत्रकारिता पर मार्ग निर्देश

(ङ) परिषद द्वारा आदर्श, प्रत्यायन विज्ञापन नियमावली न अपनाये जाने के कारण लघु और मध्यम समाचार पत्रों के सम्मुख चुनौतियां/समस्याएं।

पारदर्शिता

1. सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 लागू करना

2 भारतीय प्रेस परिषद का नागरिक चार्टर्ड इसकी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

3. प्रेस परिषद की पूरी जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

4. फैसलों और परिषद की अन्य संदर्भित रिपोर्टों को वेबसाइट पर डालना।

5. शुल्क वसूली बकाया को वेबसाइट पर डालना।

6 पत्रकारों के लिए आचरण संहिता वेबसाइट पर।

7. परिषद की वार्षिक रिपोर्ट वेबसाइट पर है।

8. पीआरएबी के आदेशों की सूची वेबसाइट पर उपलब्ध है।

फोटो प्रभाग

फोटो प्रभाग का प्रमुख कार्य विभिन्न सरकारी संगठनों के लिए प्रगति और विकास के लिए फोटोग्राफ्स और दृश्य प्रलेखन तैयार करना तथा राजनीतिक और आर्थिक सामाजिक परिवर्तनों से संबंधित दृश्यों को उपलब्ध कराना है। संदर्भों की जांच-पड़ताल करने के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने, तस्वीरों को एक स्लाइड में रखने ताकि चित्रों तक पहुंचने की सुविधा मिल सके। पूर्वोत्तर क्षेत्र में विकास संबंधित कार्यकलापों तथा जम्मू कश्मीर जैसे स्थानों, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप जैसे योजना कार्यक्रमों से संबंधित स्थानों के दृश्य प्रलेखों को प्राप्त किया जा सके। डिजीटल लाइब्रेरी सिस्टम (अंकीय पुस्तकालय प्रणाली) को और प्रभावी बनाने की जरूरत है ताकि ज्यादा से ज्यादा समय तक अंकीय तस्वीरों को सुरक्षित रखकर प्रभावी प्रणाली बनाए रख सके और ऐतिहासिक महत्व की गुणवत्ता सम्पन्न तस्वीरों को प्राप्त किया जा सके और ऐसे क्षेत्रों जिन्होंने विकास किए हैं, लेकिन उनके दृश्य अभिलेख उपलब्ध नहीं है, उनके भी फोटो अभिलेख व्यापक रूप से प्राप्त किए जा सकें।

प्रकाशन विभाग

सुधार के उपाय व नीतिगत पहल

इस विभाग के प्रशासनिक, संपादकीय, कारोबार, उत्पादन और योजना शाखाओं में किए गए नीतिगत पहल निम्नलिखित हैं :-

इस विभाग के लिए जरुरी वस्तुओं और सेवाओं की मंजूरी और खरीदने की प्रक्रिया को सरल और कारगर बनाया और इनको जीएफआर के नियमों के अनुरुप बनाया गया।

प्रशासनिक मुद्दों प्र प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए और अगर कोई समस्या है तो इसके समाधान के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ नियमित टेलीफोन संपर्क शुरु किया गया।

किताबों के लिए प्रयुक्त होने वाले कागज की गुणवत्ता के संबंध में विनिर्देशों में कड़ाई करने के बाद इसमें काफी सुधार हुआ।

किताबों के चयन में पारदर्शिता लाने के लिए एक पुस्तक समिति गठित की गई जिसने किताबों के प्रस्तावों की जांच की और सहमति के आधार पर उनको मंजूरी दी।

कलाकारों को इंटरनेट से विचार लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया और किताबों के आवरणों के डिजायन को बिल्कुल नया रुप दिया गया।

विशिष्ट पुस्तकों के प्रकाशन, विज्ञापन, पुस्तक समीक्षाओं महत्वपूर्ण प्रदर्शनियों और पुस्तक मेलों में भागीदारी द्वारा विभाग इसकी पुस्तकों और पत्रिकाओं के स्वरुप में सुधार लाने के लिए जोर-शोर से प्रयास किए गए।

एम्प्लाइमेंट न्यूज/रोजगार समाचार

गैर-योजना

i) **कुल राजस्व एवं शुद्ध अधिशेष**

रोजगार समाचार ने 2007-08 में 5143.73 लाख रुपये की तुलना में 2008-09 में 5765.86 लाख रुपये का कुल राजस्व कमाया। खर्च निकालने के बाद शुद्ध अधिशेष 2007-08 के दौरान 2790.24 लाख रुपये की तुलना में 2008-09 में बढ़कर 3342.61 लाख रुपये हो गया। दिसंबर 2009 तक राजस्व 5568.60 लाख रुपये तथा शुद्ध अधिशेष 4265.86 लाख रुपये है।

ii) राजस्व

रोज़गार समाचार ने नौकरी बाजार में अपनी सर्वोच्च स्थिति को बरकरार रखा हुआ है तथा वर्ष के दौरान अधिक विज्ञापन लेने में सफल रहा है। स्टाफ की कमी के बावजूद विज्ञापन राजस्व 2008-09 में बढ़कर 1619.14 लाख रुपये हो गया है। इस साप्ताहिक पत्र ने चालू वित्त वर्ष (दिसंबर 2009 तक) में 4265.86 लाख रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ कमाया।

iii) पेजों की औसत संख्या

रोज़गार समाचार में छापे जाने वाले पृष्ठों की औसत संख्या 2005-06 में 50.61 पृष्ठों से बढ़कर 2007-08 में 58.46 पृष्ठों तक पहुंच गई। वर्ष 2008-09 में इन पृष्ठों की औसत संख्या प्रति अंक 61.54 है।

iv) नेटवर्क में विस्तार

रोजगार समाचार अपने पाठकों तक पहुंचने के लिए ज्यादातर अपने नेटवर्क पर निर्भर करता है। दूर-दराज के क्षेत्रों में कवरेज सुनिश्चित करने के लिए पाठकों के पास सीधे ग्राहक बनने की भी सुविधा है। रोजगार समाचार ने खुले विज्ञापन के जरिए आवेदन-पत्र आमंत्रित करके वित्तीय वर्ष 2008-09 के दौरान डीलरों के अपने आधार को विस्तारित किया है। 2010-11 में विभाग की देशभर में अपने नेटवर्क विसतर की योजना है।

v) इंटरएक्टिव वेबसाइट

रोजगार समाचार की सबसे बड़ी सफलता इसकी वेबसाइट employmentnews.gov.in को शुरू करना है जिसे प्रतिदिन 3 लाख से अधिक लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। यह वेबसाइट सरकारी क्षेत्र में सबसे अधिक प्रयोग हो रही है। वेबसाइट के जरिए पेश की जा रही ऑन लाइन सेवाओं में कैरियर परामर्श, सरकारी क्षेत्र में रिक्तिओं के बारे में अग्रिम जानकारी तथा यह जानकारी सीधे पाठकों के ई-मेल पर उपलब्ध कराना शामिल है।

भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक

पिछले कुछ वर्षों में प्रिंट मीडिया का जिस तरह से विस्तार हुआ है उससे वह प्रेस और पुस्तक पंजीयन अधिनियम 1867 के दायरे के भी बाहर निकल गया है। पी.आर.बी. अधिनियम 1867 के अनुसार और इस अधिनियम के प्रावधानों की समीक्षा की गई है ताकि उन्हें प्रिंट मीडिया के वर्तमान परिदृश्य के अनुसार प्रासंगिक बनाया जा

सके। समाचार पत्रों के त्वरित, कुशल और पारदर्शी सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पी आर बी अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना और समाचार पत्रों की प्रसार संख्या की कड़ी जांच करने जैसे कार्य किए जा रहे हैं और 2007-12 तक की 11वीं योजना के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र में गुवाहाटी और मध्य क्षेत्र भोपाल में दो नये क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना की जा रही है। आर एन आई में व्यक्तिगत स्तर पर की गई प्रार्थना और विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय द्वारा निर्दिष्ट समाचार पत्रों के लिए 1.6.2006 से प्रभावी नई विज्ञापन नीति के लागू हाने के बाद 75000 या इससे अधिक की प्रसार संख्या वाले बड़े समाचार पत्रों की प्रसार संख्या की कड़ी जांच करना। आर एन आई में पैनलबद्ध किए गए चार्टड एकाउंटेंटों द्वारा समाचार पत्रों की प्रसार संख्या की जांच की जाती है।

गवेषणा, संदर्भ एवं प्रशिक्षण प्रभाग

गवेषणा, संदर्भ एवं प्रशिक्षण प्रभाग ने दो नये नीतिगत कदम उठाने का प्रस्ताव किया है। इस प्रभाग ने अपनी पकड़ को मजबूत करने के लिए नयी नीति को 11वीं योजना में शामिल किया है। इन कदमों का उद्देश्य मीडिया की शक्ति का उपयोग कर जन कल्याण और पत्रकारिता के उच्च आदर्शों को बढ़ावा देना है।

मीडिया पुरस्कार जैसी स्कीमें जन सामान्य जन के कल्याण के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी का एक उदाहरण है।

राष्ट्रीय मीडिया लाइब्रेरी को वर्चुअल लाइब्रेरी में परिवर्तित करना एक स्मरणीय संस्थान के निर्माण की दिशा में एक सार्थक कदम है जो शोधकर्ताओं और नीति-निर्धारकों के लिए सामग्री और सूचना के स्रोत के संग्रह का कार्य कर सके।

मास मीडिया में अनुसंधान विशिष्ट मीडिया-संबंधी मुद्दों पर अनुसंधान करने, फीडबैक लेने और आमराय मानने की स्कीम है, जो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और इसकी मीडिया इकाइयों को नीति निर्धारण एवं उन्हें राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तरों पर लागू करने में मददगार होगी।

गीत एवं नाटक प्रभाग

प्रभाग की स्थापना 1954 में संचार माध्यम के रूप में पारंपरिक कलाओं और विलुप्त हो चुकी लोक कलाओं को फिर से पुर्नजीवित करने के उद्देश्य से एक छोटी प्रयोगात्मक इकाई के रूप में की गई थी। प्रभाग ने कलाओं के माध्यम से समकालिक विचारों, मुद्दों और तरीकों को अपनाकर लोगों के साथ तात्कालिक तारत्म्य स्थापित किया जिससे प्रभाग ने जनता के बीच में एक जीवन्त माध्यम के रूप में लोकप्रियता हासिल की है। गीत और नाट्य प्रभाग दुर्गम पहाड़ी इलाकों, रेगिस्तान और सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीन स्तर पर लोगों के सात प्रभावी ढंग से संपर्क स्थापित करके अपनी पहुंच और प्रभाव के दायरे में बहुत विस्तार किया है।

अपने उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए प्रभाग ने लोक और पारंपरिक कलाओं के विभिन्न रूपों जैसे नाटक, गीत नाटक, ओपेरा, नृत्य नाटिका लोक गीतों, कठपुतली, जादुगरी के विस्तृत भंडार को लोकप्रिय बनाया है। इसके अलावा प्रभाग ने सांप्रदायिक सदभाव, राष्ट्रीय एकता, धर्मनिरपेक्षता, सांस्कृतिक धरोहर को प्रोत्साहन, स्वास्थ्य, पर्यावरण, शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर आधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करके ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रम और सैकड़ों कलाकारों के सात भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये हैं।

पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से प्रभाग का आधुनिकीकरण योजना के अन्तर्गत कम्प्यूटरीकरण किए जाने का प्रस्ताव है। इससे कार्यक्रमों के अनुसंधान और विकास और उनके प्रभाव और पहुंच की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकेगा।

एफ. एम. रेडियो (निजी)

निजी एफ.एम. रेडियो का कार्य एफएम चरण I नीति के माध्यम से 1999 में भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया। प्रथम चरण में बड़े पैमाने पर हुई खामियों को ध्यान में रखते हुए और ट्राइ की सिफारिशों और अन्य सार्थक कारकों को ध्यान में रखते हुए निजी एजेंसियों (चरण II) के माध्यम से एफएम रेडियो प्रसारण सेवा का विस्तार करने की नई नीति को 30 जून 2005 में स्वीकृति दी गई और 13 जुलाई 2005 को इसकी अधिसूचना जारी की गई। एफएम रेडियो प्रसारण के चरण II के कार्यान्वयन का कार्य पूरे जोरों पर चल रहा है। कुल 337 चैनलों को प्राइवेट एफएम रेडियो के दूसरे चरण में लगाने का कार्यक्रम शुरू किया गया और उनमें से 280 चैनलों के लिए बोलियां सफल रहीं। जांच पड़ताल के बाद 245 एफएम चैनलों के संचालन के लिए विभिन्न कंपनियों को आशय-पत्र भेजे गए। इस समय 250 चैनल चालू हैं जिनमें 21 चैनल चरण I के अंतर्गत संचालन कर रहे है।

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मानिटरिंग केंद्र

एस एफ सी (आर सी ई) की योजना स्कीम के तहत 2007-08 के दौरान 19.65 करोड़ रुपये की कुल लागत से ईएमएमसी की स्थापना की गई थी। 11वीं योजना के तहत कुल जरूरत 16.75 करोड़ रुपये की है जिसमें से 11.65 करोड़ रुपये परियोजना लागत है तथा 2.00 करोड़ रुपये वार्षिक रख-रखाव और उन्नयन इत्यादि के लिए हैं। 2009-10 की वार्षिक योजना के दौरान कुल परिव्यय 2 करोड़ रुपये में से 1.20 करोड़ रुपये परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी, मंत्रालय के अधीन पीएसयू ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कन्सलटेन्ट लिमिटेड (बीईसीआईएल) को जारी किए गए। परियोजना 9 जून, 2008 से शुरू हुई। इसके तहत 2008-09 के दौरान 150 टी वी चैनलों (24×7) की मानीटरिंग की जा रही है। इसकी मॉनीटरिंग क्षमता मार्च 2010 तक 300 चैनलों तक बढ़ाई जाएगी। इएमएमसी अभी अपने प्रारंभिक चरणों में है लेकिन पिछले कुछ समय से यह टीवी चैनलों के विषयवस्तु के अनुश्रवण में काफी महत्वपूर्ण साबित हुई है, जैसा कि इसकी स्थापना में निहित उद्देश्य में शामिल है। विषय वस्तु की निगरानी के अलावा केबल टीवी नियामक, अधिनियम 1995 में स्थापित कार्यक्रम तथा विज्ञापन संहिता के उल्लंघन की निगरानी के साथ केबिनेट सचिवालय सहित विभिन्न एजेंसियों द्वारा मांगी जाने वाली विशेष की रिपोट भी तैयार कर रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय चैनल

मोटे तौर पर किए गए अनुमानों के अनुसार व्यय 100 करोड़ रुपये होगा। प्रसार भारती को इसके लिए एक योजना बनाने का निर्देश दिया है।

सामुदायिक रेडियो के लिए आई ई सी गतिविधियां

दिसंबर, 2002 में, भारत सरकार ने आईआईटी/आईआईएम जैसे स्थापित शैक्षिक संस्थानों को सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएम) स्थापित करने के लिये लाइसेंस प्रदान करने की नीति को स्वीकृति प्रदान की। इसके अंतर्गत 104 संस्थानों से आवेदन प्राप्त किए गए। इसमें से 63 योग्य संस्थानों को जवाबी पत्र भेजे गये और 45 संस्थानों ने लाइसेंस समझौतों पर हस्ताक्षर किये। वर्तमान में 41 सामुदायिक रेडियो केंद्र देश के विभिन्न हिस्सों में चलाये जा रहे हैं।

मई 2004 में आयोजित कार्यशाला की सिफारिशों के साथ-साथ सांसदों की परामर्श समिति आदि भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) की सिफारिशें प्राप्त होने के बाद सरकार द्वारा इस मुद्दे पर पुन: विचार-विमर्श किया गया और दिसंबर, 2006 में विकास और सामाजिक परिवर्तन से जुड़े मुद्दों पर आम नागरिकों तथा अलाभकारी स्वयंसेवी संस्थानों जैसे संगठनों को इस नीति के अंतर्गत लाने का निर्णय लिया गया।

सूचना भवन का निर्माण

वर्ष 2006 के दौरान, सूचना भवन के चरण-V के निर्माण का एक प्रस्ताव मंत्रालय के नीति योजना एकांश को इस आशय के साथ भेजा गया कि इसे ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007-12) में शामिल किया जाए। योजना आयोग से स्वीकृति प्राप्त करने के बाद सूचना भवन के पांचवें चरण के निर्माण के लिए 12 मार्च, 2008 को व्यय वित्त समिति की बैठक आयोजित की गयी थी। व्यय वित्त समिति (ईएफसी) ने 74.60 करोड़ रुपये लागत की सीमा निर्धारित करते हुए इस परियोजना को इस शर्त पर मंजूरी दे दी कि लागत सीमा को पार नहीं किया जाएगा।

योजना आयोग ने वार्षिक योजना वर्ष 2007-08, 2008-09 एवं 2009-10 के दौरान बजट का आबंटन निम्नलिखित विवरण के अनुरूप किया :

क्रम संख्या	परियोजना का नाम	आबंटित बजट	वार्षिक योजना
1	सूचना भवन के (नई दिल्ली, लोधी रोड सीजीओ काम्पलेक्स) पांचवें चरण का निर्माण	1.00 करोड़ रुपये	2007-08
2	- वही -	3.53 करोड़ रुपये	2008-09
3	- वही -	10.00 करोड़ रुपये	2009-10
4	- वही -	10.00 करोड़ रुपये	2010-11

प्रस्ताव के अनुसार, सूचना भवन के पांचवें चरण का निर्माण 11वीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा।

विकास संबंधी पहलों का आर्थिक विश्लेषण (नई योजना)

इस स्कीम में मीडिया क्षेत्र में नीति संबंधी अध्ययनों का प्रावधान किया गया है। यह अध्ययन उपयुक्त नीतिगत सुधारों को शुरू करने में इस क्षेत्र के विकास के विभिन्न पहलुओं को समझने में बहुत मददगार होंगे।

मानव संसाधन विकास के लिये प्रशिक्षण

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा अधिकारियों को शामिल करने के उद्देश्य से विदेशों में स्थित संस्थानों से प्रशिक्षकों को बुलाने का भी प्रस्ताव है ताकि मंत्रालय के अधीन विभिन्न मीडिया इकाइयों की प्रासंगिकता के अनुसार इनमें कार्यरत अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा सके। इन इकाइयों में कार्यरत प्रशिक्षण प्राप्त अधिकारियों के अनुभवों से मीडिया इकाइयों के कामकाज को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।

प्रसार भारती

प्रसार भारती के पास प्रसारण और टेलीकास्टिंग के क्षेत्र में ढांचागत, श्रमशक्ति और तकनीकी विशेषज्ञता के संदर्भ में संसाधनों का व्यापक भंडार है। ढांचागत भंडार में, विशेष रूप से भूमि, इमारत, टावर, ट्रांसमीटर, स्टूडियो, सेटेलाइट अर्थ स्टेशनत, अभिलेखकरण की सुविधा, कर्मचारियों का प्रशिक्षण (तकनीकी)संस्थान, अनुसंधान और विकास आदि शामिल है। 500 डब्ल्यू मीडियम वेव ट्रांसमीटर से शुरुआत करते हुए आकाशवाणी आज प्रमुख प्रसारक संगठन बन गया है। 375 रेडियो ट्रांसमीटर के सात यह 91.82 प्रतिशत क्षेत्र और 99.16 प्रतिशत आबादी के दायरे में फैला हुआ है। इसके अतिरिक्त डीडी डायरेक्ट प्लस के फ्री टू एयर डीटीएच प्लेटफॉर्म पर 21 रेडियो लगभग पूरे देश में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। दूरदर्शन 31 चैनलों से बढ़कर 39 सेटेलाइट अर्थ स्टेशनों तक फैल गया है और विभिन्न क्षमताओं वाले इसके 1416 ट्रांसमीटर देश की 92 प्रतिशत आबादी को अपने दायरे में लिए हुए हैं।

अपनी क्षमता के सदुपयोग के लिए आकाशवाणी ने मई 2001 में अपने संसाधनों को स्वतंत्र केंद्र के रूप में स्थापित किया जिससे व्यापक ढांचे से राजस्व अर्जित किया जा सके। निम्नलिखित योजनाओं के अंतर्गत, अगले 10 से 15 वर्षों में आकाशवाणी के संसाधनों द्वारा सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से राजस्व उत्सर्जित किए जा सकते हैं :

- निजी प्रसारकों, मोबाइल सर्विस प्रदाताओं/इग्नू के साथ लाइसेंस फीस आधार पर प्रसार भारती (पीबी)के ढांचागत संसाधन, जैसे टावर (एसटीएल टावर, स्व सहायक एस डब्ल्यू टावर, एकीकृत टीवी/एफएम टावर)निर्माण और भूमि को बांटना। अभी पीबी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की निजी एफएम चरण 1 और चरण 2 योजना के तहत निजी एफएम प्रसारकों के साथ अपने ढांचागत संसाधनों को बांट रहा है। इस योजना के तहत वे अपने एंटीना को माउंट कर सकते हैं और अपने ट्रांसमीटर और दूसरे सहायक उपकरणों के इंस्टॉलेशन के लिए स्पेस खोल और बंद कर सकते हैं। भविष्य में, अगर पीपीपी के माध्यम से अपेक्षित हो, तो हम अपने ढांचागत संसाधन की व्यापक हिस्सेदारी कर सकते हैं।

- इसके अतिरिक्त प्रसार भारती परिसर में लगे अपने उपकरण इंस्टॉल करने वाले निजी एफएम प्रसारकों को संचालन और रखरखाव सेवाएं भी प्रदान की जा सकती हैं। इस उद्देश्य के लिए एआईआर/डीडी स्टेशनों को श्रमशक्ति आउटसोर्स करने की अनुमति देने की जरूरत होगी क्योंकि श्रमशक्ति की पहले ही कमी है। पीबी निजी प्रसारकों के स्टूडियो और ट्रांसमीटरों को इंस्टॉल और कमीशन करने का काम भी कर सकता है।
- प्रसार भारती पहले से अपने ज्ञानवाणी के लिए इग्नू के एफएम ट्रांसमीटर के इन्सटॉलेशन और कमिशनिंग का काम कर रहा है।
- आकाशवाणी/डीडी सेटअप के साथ कोसाइट करने वाले चैनल/इग्नू ट्रांसमीटरों के संचालन और रखरखाव का काम भी आकाशवाणी/डीडी स्टेशन कर रहे हैं। प्रसार भारती की योजना है कि भविष्य में इग्नू के ट्रांसमीटरों के लिए भी यह कार्य किया जाएगा।
- मौजूदा समय में आकाशवाणी स्टूडियो और ट्रांसमीटरों का खाली समय इग्नू को किराए पर दिया गया है। जब भी कभी ऐसी आवश्यकता होगी और अगर भविष्य में ऐसा समय देना संभव होगा तो प्रसार भारती दूसरे शैक्षणिक संस्थानों/विश्वविद्यालयों और आउटस्टेशन एजेंसियों को प्रतिस्पर्धात्मक दर पर, मौजूदा ट्रांसमिशन घंटों के लिए किराए पर ये सुविधाएं प्रदान करेगा।
- प्रसार भारती श्रोताओं को आईवीआरएस और एसएमएस आधारित सेवा जैसी मूल्य संवर्धित सेवाएं प्रदान करने के लिए टेलीकॉम सेवाओं के साथ एक समझौता कर रहा है। इस प्रकार की लोकप्रिय सेवाएं प्रदान करके, टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं को मिलने वाले राजस्व में से आकाशवाणी को भी राजस्व प्राप्त हो सकता है। दूरदर्शन पहले से दिल्ली से मूल्य संवर्धित सेवाएं प्रदान कर रहा है और जल्द इसे दूसरे शहरों में भी विस्तार देना चाहता है।
- आकाशवाणी के नेटवर्क में एमडब्ल्यू/एफएम/एसडब्ल्यू प्रसारक ट्रांसमीटर का एयर टाइम शैक्षणिक/कृषि संस्थानों को किराए पर दिया जा सकता है।
- विश्वविद्यालयों/कॉलेजों/आवासीय स्कूलों में 50/100 वॉट के एफएम सामुदायिक रेडियो स्टेशन को स्थापित करने में भी प्रसार भारती मदद प्रदान कर सकता है।
- प्रसार भारती विभिन्न आकाशवाण/दूरदर्शन केंद्रों पर ब्रॉडकास्टिंग के विभिन्न क्षेत्रों में ऑन साइट और संस्थात्मक प्रशिक्षण भी प्रदान कर सकता है। कुछ केंद्रों में यह प्रशिक्षण पहले से दिया जा रहा है जिसका आगे चलकर विस्तार किया जा सकता है।
- डेटा ऑडियो चैनल (डीएआरसी) सेवा के माध्यम से प्रसार भारती राजस्व अर्जित कर सकता है।

लैंगिक बजट

वर्तमान वित्तीय वर्ष में, क्षेत्रीय केंद्रों/चैनलों पर लैंगिक बजट को प्रस्तावित किया गया है और अगले वित्तीय वर्ष में सभी केंद्रों/चैनलों में लैंगिक मुद्दों पर कार्यक्रम बनाने के लिए 20 प्रतिशत बजट आवंटित करना तय किया गया है। अगले वित्तीय वर्ष में दूरदर्शन केंद्रों पर कार्य करने वाली महिलाओं को अधिक सुविधाएं देने के प्रावधान किए जाएंगे, जैसे मनोरंजक क्लब, क्रेश, अलग शौचालय, रेस्ट रूम आदि।

डिजिटलीकरण

आकाशवाणी नेटवर्क के डिजिटलीकरण और सीमांत क्षेत्रों में आकाशवाणी/डीडी के दायरे को बढ़ाना मौजूदा वित्तीय वर्ष की प्रमुख गतिविधियों में से एक था। इस वर्ष आकाशवाणी और दूरदर्शन में सॉफ्टवेयर प्रॉडक्शन/अधिग्रहण की एक नई योजना भी चलाई गई जिसका उद्देश्य गुणात्मक कन्टेंट प्रदान करना था।

एनालॉग ट्रांसमिशन से स्विच ऑफ डेट से लेकर डिजिटल ट्रांसमिशन और विभिन्न योजनाओं, जिसमें डीटीएच योजना शामिल है, के लिए पीपीपी (सार्वजनिक निजी भागीदारी) मॉडल को तलाशना व्यापक नीतिगत संरचना का अंग है।

इस समय लोगों के पास ऐसे टीवी सेट हैं जिनके लिए एनालॉग ट्रांसमिशन देकने के लिए सिर्फ एक यागी एंटीना की जरूरत पड़ती है। पर डिजिटल ट्रांसमिशन देखने के लिए लोगों को डिजिटल सेट टॉप बॉक्स (डीएसटीबी)और एक यागी एंटीना की जरूरत पड़ेगी। दर्शक को डीएसटीबी की कीमत प्रति टीवी चार से पांच हजार रुपए चुकानी होगी।

एचडीटीवी

इसे एशियाई खेलों के बाद ब्रॉडकास्टिंग के इतिहास का मील का पत्थर कहा जा सकता है। एचडीटीवी के प्रारंभ के साथ, राष्ट्रमंडल खेलों का प्रॉडक्शन और ट्रांसमिशन करके, दूरदर्शन बहुत जल्द दूसरे बड़े परिवर्तन का अग्रदूत बनेगा। यह भी योजना है कि डीडी इंडिया को एचडीटीवी चैनल में परिवर्तित कर दिया जाएगा और डीडी इंडिया के कन्टेंट को वॉयस ऑफ इंडिया में बदल दिया जाएगा। डीडी-डीटीएच प्लेटफॉर्म पर, एचडीटीवी मोड में एक मूल्य संवर्धित चैनल की भी योजना है।

दूरदर्शन की डीटीएच सेवा 'डीडी डायरेक्ट प्लस'

दूरदर्शन ने दिसंबर 2004 में 33 टीवी चैनलों (दूरदर्शन और निजी चैनल)के साथ निशुल्क डीटीएच सेवा डीडी डायरेक्ट प्लस की शुरुआत की थी जिसका उद्देश्य स्थानीय प्रसारण से छूट गए क्षेत्रों को कवरेज उपलब्ध कराना था। डीटीएच प्लेटफॉर्म की क्षमता को बढ़ाकर 58 टीवी चैनल कर दिया गया है। टोडापुर, नई दिल्ली स्थित डीटीएच सेंटर से डीटीएच सिग्नल इनसेट 4 बी उपग्रह को अपलिंक किए जाते हैं। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को छोड़कर डीटीएच सिग्नल (कू बैंड) द्वारा हर स्थान पर एक छोटे डिश द्वारा प्राप्त किए जा सकते हैं। इस समय दूरदर्शन के डीटीएच प्लेटफॉर्म पर 58 टीवी चैनल हैं। पहले चरण में इस प्लेटफॉर्म की क्षमता बढ़ाकर 100 चैनल और दूसरे चरण में 200 चैनल कर दी जाएगी। 10 डीडी चैनल के साथ सी बैंड की डीटीएच सेवा, विशेष रूप से एंडमान और निकोबार द्वीप समूह के लिए, सितंबर 2009 में शुरू की गई है।

अध्याय IV
पिछले कार्य प्रदर्शन की समीक्षा
केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड
वार्षिक योजना 2009-10

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	कार्यक्रम का नाम	11वीं पंचवर्षीय योजना में स्वीकृत परिव्यय	वार्षिक योजना 2009-10				
			स्वीकृत परिव्यय	दिसंबर 2009 तक वास्तविक खर्च	लक्ष्य	वास्तविक उपलब्धि	कमी का कारण
1.	2.	3	4	5.	6.	7.	8.
1.	कम्प्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली की स्थापना और सीबीएफसी में बुनियादी सुविधाओं का उन्नयन	350.00	50.00	11.80	सीबीएफसी में नेटवर्किंग, विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में इंटरनेट सुविधाएं। पंजीकरण और प्रमाणीकरण मॉड्यूल पर फीडबैक, सर्च मैनेजमेंट की डाटा एंट्री, तकनीकी उपकरणों की खरीद तथा सीबीएफसी में ढांचागत विकास।	चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, तिरुअनंतपुरम, बंगलूरू और हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालयों में आवश्यक उपकरणों के साथ नेटवर्किंग स्थापित कर दी गई है। अध्यक्ष के मॉड्यूल पर यूएटी पूर्ण। विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए सर्च मैनेजमेंट मॉड्यूल पर डाटा एंट्री का कार्य प्रगति पर है। पे-रोल पैकेज में डाटा एंट्री का कार्य प्रगति पर है। लेपटॉप, टी.वी., वीसीडी की खरीद।	कम्प्यूटरीकरण का कार्य प्रगति पर है।
2.	नई दिल्ली, कटक और गुवाहाटी में बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना।	312.00	85.00	10.57	क्षेत्रीय अधिकारियों के तीन तथा एक एल डीसी के तीन नए सृजित पदों को भरना	तीन क्षेत्रीय कार्यालय सीबीएफसी अधिकारियों तथा स्टाफ द्वारा संभाले जाते हैं	—

3.	प्रमाणन प्रक्रिया की निगरानी और आधुनिकी-करण	500.00	50.00	29.52	बोर्ड सदस्यों और पैनल सदस्यों के लिए नियमित अंतराल पर अध्ययन, सेमिनार। कार्यशालाओं का आयोजन करना। प्रत्येक केंद्र पर एक कार्यशाला तथा सभी क्षेत्रीय केंद्रों में एकरूपता के लिए अखिल भारतीय पैनल कार्यशाला		कार्यशालाओं/सेमिनार का आयोजन
	कुल	**1162.00**	**185.00**	**51.89**			

- नई दिल्ली में 6.4.09 को अध्यक्ष के साथ क्षे.अ. की बैठक
- 10 तथा 11.5.09 को मणिपुर में कार्यशाला
- नई दिल्ली में 6.7.09 को क्षे.अ. की बैठक-सह-कार्यशाला
- नई दिल्ली में 24.7.09 को क्षे.अ. की बैठक
- केरल में 20 और 21.8.09 को फिल्म उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ सीबीएफसी की बैठक
- नई दिल्ली में 12.9.09 को 119वीं बोर्ड बैठक
- नई दिल्ली में 18.9.09 को बोर्ड सदस्यों की कार्यशाला
- नई दिल्ली में 29.9.09 को अध्यक्ष के साथ बीएम तथा क्षे.अ. की बैठक
- नई दिल्ली में 2.10.09 को कार्यशाला-सह-क्षे.अ. की बैठक
- नई दिल्ली में 20.10.09 को कार्यशाला-सह-क्षे.अ. की बैठक
- कोलकाता में 11.11.09 को क्षे.अ. की बैठक/कार्यशाला
- जोधपुर में 20.12.09 को 120वीं बोर्ड बैठक सह-कार्यशाला
- नई दिल्ली में 12.1.10 को नए सलाहकार सदस्यों के साथ कार्यशाला

केन्द्रीय फिल्म प्रमाण बोर्ड

(लाख रुपये में)

क्रं.सं.	स्कीम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2010-11 तक	मात्रात्मक प्रतिफल	दिसंबर, 2009 तक खर्च
1.	कंप्यूटरीकृत प्रबंधन तथा सीबीएफसी में बुनियादी सुविधाओं का उन्नयन	सीबीएफसी में प्रमाणन प्रक्रिया का कंप्यूटरीकरण तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए उपकरण खरीद तथा ढांचा उन्नयन	90.00	कंप्यूटर से नौ क्षेत्रीय कार्यालयों को जोड़ा जाना है तथा टीवी, वीसीडी, डीवीडी और अन्य तकनीकी उपकरणों की खरीद और ढांचा उन्नयन	दिसंबर 2009 तक 11.80 लाख रुपये खर्च
2.	नई दिल्ली, कटक, तथा गुवाहाटी में क्षेत्रीय कार्यालय खोलना	इस क्षेत्र में निर्मित फिल्मों के प्रमाणन के लिए	80.00	उत्तर पूर्व, उत्तर भारत तथा उड़ीसा के निर्माताओं द्वारा निर्मित फिल्मों (सेल्युलॉइड तथा वीडियो फॉर्मेट दोनों) तथा विज्ञापनों को प्रमाणित करना सिनेमेटोग्राफ एक्ट, 1952 के तहत प्रावधानों के उल्लंघन को रोकना	10.57 लाख रुपये खर्च
3.	प्रमाणन प्रक्रिया की निगरानी तथा आधुनिकीकरण	बोर्ड सदस्यों/पैनल सदस्यों के लिए कार्यशालाएं/सेमिनार तथा अध्ययन आयोजित करना	50.00	बोर्ड सदस्यों तथा सलाहकार पैनल सदस्यों के लिए नियमित अंतराल पर कार्यशालाएं/सेमिनार आयोजित करना। प्रमाणन प्रक्रिया संबंधी अध्ययन/ सूचना संग्रह करना	50 लाख रुपये एसबीजी के मुकाबले दिसंबर 2009 तक 29.52 लाख रुपये खर्च
	कुल		220.00		

बाल फिल्म समिति, भारत

पिछले प्रदर्शन की समीक्षा
(वास्तविक उपलब्धियां)

	उपलब्धियां 2008-09	लक्ष्य 2009-10	2009-10 की संभावित उपलब्धियां	
			अप्रैल 2009 से दिसंबर 2009 तक	जनवरी2010 से मार्च 2010 तक
योजना : निर्माण				
निर्माण	4 फीचर + 1 लघु फिल्में	5 फीचर फिल्म, 2 लघु फिल्म	3 फीचर	3 फीचर तथा 2 लघु फिल्में
डबिंग	6 फिल्में	14 फिल्में	7 फिल्में	
उपशीर्षक	-	10 फिल्में	11 फिल्में	
खरीद	-	3 फिल्में	2 अंग्रेजी फिल्में	
प्रिंट की लागत	नई बनी फिल्मों के 35 मिमी के 17 तैयार कर लिए गए हैं।	-	मांग के अनुसार	
योजना : डिजिटल रूपांतरण और वेबकास्टिंग				
डिजिटल रूपांतरण	-	लगभग 230 फिल्में	31.03.10 तक लगभग 160 फिल्मों का डिजिटलीकरण की आशा	
वेबकास्टिंग	वेबसाइट अद्यतन है	सीएफएसआई वेबसाइट का रखरखाव	-	
योजना : नगर निगम के स्कूलों में फिल्मों का प्रदर्शन				
नगर निगम के स्कूलों में फिल्मों का प्रदर्शन	35 लाख से ज्यादा बच्चों के के लिए 12957 प्रदर्शन किए गए	25 लाख से ज्यादा बच्चों के लिए 5000 प्रदर्शनों का आयोजन	18 लाख बच्चों के लिए 3903 प्रदर्शनों का आयोजन	3,20,000 बच्चों के लिए 750 प्रदर्शन
योजना : फिल्म महोत्सव				
आईसीएफएफ (16वां) का आयोजन	-	-	1 (16वां आईसीएफएफ)	-
अंतर्रा. फिल्म महोत्सवों में भागीदारी	5	मांग के अनुसार	8	फैसला नहीं हुआ

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय

पिछले कार्य निष्पादन की समीक्षा

वास्तविक कार्यक्रम गतिविधियां

	2008-09		2008-09		
कार्यक्रम	**लक्ष्य**	**उपलब्धियां**	**2009-10**		**2010-11**
			लक्ष्य	**उपलब्धियां (दिसम्बर, 09 तक)**	**लक्ष्य**
दौरे वाले दिन	23568	22006	23568	20709	23568
फिल्म शो	46500	36403	46500	27546	46500
विशेष कार्यक्रम	4968	10430	4968	8469	4968

वार्षिक योजना 2008-09 में केवल दो योजनाओं को मंजूरी मिली है-(i) दौरों का आयोजन/दक्षता उन्नयन तथा (ii) क्षेत्रीय कार्यालयों एवं क्षेत्रीय प्रचार इकाइयों में हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का आधुनिकीकरण तथा उन्नयन। इन योजनाओं की लागत 2.00 करोड़ रुपए है।

दौरों का आयोजन/दक्षता उन्नयन योजना के तहत 12 दौरे किए गए। दूसरी योजना के तहत क्षेत्रीय कार्यालयों तथा मुख्यालय के लिए 120 कम्प्यूटर 38 मल्टी मीडिया प्रोजेक्टर, 10 वायरलैस पी ए प्रणालियां, 38 डीवीडी, 5 डिजिटल वीडियो कैमरे।

वित्तीय कार्य निष्पादन

(लाख रुपये में)

योजना/गैर-योजना	**2008-09**		**2009-10**		
	लक्ष्य	**उपलब्धियां**	**लक्ष्य**	**उपलब्धियां (दिसंबर, 09 तक)**	**2010-11 लक्ष्य**
योजना	200.00	180.65	149.00	24.14	555.00
गैर-योजना	2625.00	3238.04	4127.00	3346.00	3572.00
कुल	**2825.00**	**3418.69**	**4276.00**	**3370.14**	**4127.00**

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय

वर्ष 2008-09 के लक्ष्य और उपलब्धियां

वित्तीय

(लाख रुपये में)

(बजट अनुमान 2008-2009)			(संशोधित अनुमान 2008-2009)			वास्तविक व्यय 2008-09		
योजना	**गैर-योजना**	**कुल**	**योजना**	**गैर-योजना**	**कुल**	**योजना**	**गैर-योजना**	**कुल**
2176.00	5260.00	7436.00	4818.00	5331.00	10149.00	4817.34	7074.87	11892.21

वास्तविक प्रदर्शन

वार्षिक योजना 2008-2009

वास्तविक एवं वित्तीय उपलब्धियां

वर्ष 2008-09 की वार्षिक योजना को एक जारी कार्यक्रम **विकासात्मक प्रचार कार्यक्रम : अवधारणा एवं प्रसार** के लिए बनाया गया है। इसके अंतर्गत 2176.00 लाख रुपये के परिव्यय की मंजूरी दी गई है। हालांकि संशोधित अनुमान/अंतिम अनुदान के चरण में 4818.00 लाख रुपये का अतिरिक्त कोष दिया गया है। मार्च 2009 तक 4817.34 लाख रुपये की धन राशि व्यय हुई है तथा वित्तीय लक्ष्य के संदर्भ में 99.99 प्रतिशत उपलब्धि हासिल हुई है। यह योजना बाह्य प्रचार माध्यम, मुद्रित प्रचार माध्यम, प्रदर्शनी, डिसप्ले और वर्गीकृत विज्ञापन तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा सूचना के प्रसार द्वारा लागू किया गया है।

वास्तविक उपलब्धियां

प्रदर्शनी : वर्ष 2008-09 की वार्षिक योजना के तहत देश भर में निम्न महत्वपूर्ण प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया जैसेकि आजादी एक्सप्रेस, 1857 क्रांति यात्रा, एड्स जागरूकता एवं स्वस्थ मां स्वस्थ बच्चा इत्यादि।

डिसप्ले विज्ञापन : 'भारत निर्माण' पर जारी किए गए विज्ञापन।

दृश्य-श्रव्य : 'भारत निर्माण' पर स्पॉट का निर्माण तथा उसका प्रसारण/प्रेषण

मुद्रित प्रचार माध्यम : विभिन्न भाषाओं में 486 मदों का मुद्रण।

बाह्य प्रचार माध्यम : होडिंग्स, बस पैनेल,कियोस्क, सार्वजनिक सुविधाओं इत्यादि के जरिए अभियान चलाया गया है।

डीएवीपी का आधुनिकीकरण : आधुनिकीकरण की योजना के तहत कान्फ्रेंस हाल के अद्यतन किया गया है तथा प्रदर्शनी खंड में डिजीटल लाइब्रेरी के लिए सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर प्रदान किया गया है और निदेशालय के 140 कर्मचारियों कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया गया है।

योजना/गैर योजना/अन्य मंत्रालय/विभाग

वर्ष 2008-2009 के दौरान लक्ष्य और उपलब्धियां निम्न प्रकार से हैं :

क्र.सं.	ब्योरा	लक्ष्य	उपलब्धियां
1	प्रदर्शनी	650	563
2	डिसप्ले/वर्गीकृत विज्ञापन	18000	13029
3	रेडियो/टेलीविजन पर विज्ञापन@	3000	3253
4	मुद्रित प्रचार	137	166
5	बाह्य प्रचार	250	482

@ इसके अंतर्गत सभी भाषाओं में तैयार किए गए रेडियो स्पॉट/प्रायोजित रेडियो कार्यक्रम और विडियो स्पॉट शामिल हैं। यह प्रसार 104506 प्रसारणों तथा 123287 टेलीकास्ट द्वारा किया गया।

II) वर्ष 2009-2010 के लिए लक्ष्य और उपलब्धियां

वर्ष 2009-10 के लिए बजट आबंटन

(लाख रुपये में)

योजना	गैर-योजना	कुल
2688.00	6487.00	9175.00

वर्ष 2009-10 के लिए संशोधित बजट

(लाख रुपये में)

योजना	गैर-योजना	कुल
3688.00	6700.00	10388.00

वास्तविक प्रदर्शन

वर्ष 2009-10 की वार्षिक योजना : वर्ष 2009-10 में दो योजनाओं को बनाई गई है : **(1) विकासात्मक प्रचार कार्यक्रम : अवधारणा एवं प्रसार** (चालू योजना) के लिए मंजूर 2508.00 लाख रुपये की राशि को बढ़ाकर संशोधित परिव्यय में बढ़ाकर 3508.00 लाख रुपये कर दिया गया है।

(2) डीएवीपी का आधुनिकीकरण : 'योजना' जो कि नई योजना है, को 11वीं योजना में वर्ष 2009-10 के लिए 180.00 लाख रुपये अनुमोदित किए गए हैं। योजना और गैर योजना मदों के अन्तर्गत 31 दिसम्बर 2009 तक 7336.00 लाख रुपये व्यय हो चुके हैं।

उपलब्धियां

योजना : विकासात्मक प्रचार कार्यक्रम : अवधारणा तथा प्रसार

प्रदर्शनियां : वार्षिक योजना 2009-10 के दौरान निम्न महत्वपूर्ण प्रदशनियों का देश भर में आयोजन हुआ जैसे कि 'स्वस्थ भारत', फ्लेश शिप कार्यक्रम, 'भारत निर्माण', एच1 एन1-प्रदर्शनी, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम)।

बाह्य प्रचार : बाह्य प्रचार के अंतर्गत होर्डिंग्स, बस पैनल, कियोस्क, सार्वजनिक सुविधाओं के जरिए 'इंडिया प्रोग्रेसिंग' अभियान किया गया।

मुद्रित प्रचार : विभिन्न भाषाओं में 150 कार्य और 302 मदों की महत्वपूर्ण बुकलेट की छपाई करवाई गई।

योजना : डीएवीपी का आधुनिकीकरण

कार्यालय खर्च : आधुनिकीकरण की योजना तहत वित्तीय वर्ष के दौरान ऑन लाइन विलिंग के लिए कम्प्यूटर तथा जरूरी हार्डवेयर एवं साफ्टवेयर खरीदे गए। साथ ही डीएवीपी मुख्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए आफिस-फर्नीचर खरीदा गया।

योजना/गैर-योजना/अन्य मंत्रालय/विभाग (2009-10)

क्र.स.	विवरण	लक्ष्य	31.12.2009 तक उपलब्धियां	31.3.2010 तक अनुमानित उपलब्धियां
1	प्रदर्शनी	650	305	345
2	डिसप्ले/वगीकृत विज्ञापन	15560	9905	5655
3	रेडियो/टीवी के लिए विज्ञापन@	2182	3507	1600
4	मुद्रित प्रचार	175	131	44
5	बाह्य प्रचार	250	125	125

@ इन लक्ष्यों में विभिन्न भाषाओं में तैयार रेडियो स्पॉट/प्रायोजित रेडियो कार्यक्रम और विडियो स्पॉट शामिल हैं। इन्हें 106900 प्रसारण तथा 125000 टेलीकॉस्ट के जरिए प्रसारित किया गया।

(III) वर्ष 2010-2011 के लक्ष्य

वित्तीय

योजना	गैर योजना	कुल
4450.00	6228.00	10678.00

वित्तीय लक्ष्य

योजना/गैर योजना/अन्य मंत्रालय/विभाग (2010-2011)

क्र.सं.	विवरण	लक्ष्य
1.	प्रदर्शनी	500
2.	डिस्प्ले/वर्गीकृत विज्ञापन	15600
3.	रेडियो/टीवी विज्ञापन	5300
4.	मुद्रित प्रचार	160
5.	बाह्यय प्रचार	250

2010-2011 की वार्षिक योजना

वर्ष 2010-2011 के वार्षिक योजना में : (1) ''विकासात्मक प्रचार कार्यक्रम : अवधारणा एवं प्रसार'' के लिए 4350.00 लाख रुपये की योजना तथा (2) ''डीएवीपी का आधुनिकीकरण'' के लिए 100.00 लाख रुपए की योजना को मंजूरी वाली दो योजनाओं को शामिल किया गया है।

चल रही योजना ''विकासात्मक प्रचार कार्यक्रम : अवधारणा एवं प्रसार'' के तहत राष्ट्र के महत्वपूर्ण फ्लैगशिप अभियान तथा मल्टीमीडिया प्रचार जैसे कि प्रदर्शनी, बाह्प्रचार, इलेक्ट्रानिक मीडिया सूचना प्रदान करना, डिसप्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन की सहायता से सरकार की नीतियों के प्रसार का कार्य है।

लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए ऊपर्युक्त योजनाओं में अर्थात ''विकासात्मक प्रचार कार्यक्रम : अवधारणा एवं प्रसार, ''डीएवीपी का आधुनिकीकरण'' को योजना आयोग ने कम्प्यूटरीकरण और डिजीटलीकरण, आफिस का बुनियादी ढांचा और मानव संसाधन के विकास को शामिल किया है।

फिल्म समारोह निदेशालय

योजना शीर्ष के तहत 2008-09 तथा 2009-10 के वास्तविक प्रदर्शन की समीक्षा

क्र. सं.	स्कीम का नाम	2008-09 के लिए लक्ष्य	उपलब्धियां 2008-09	कमी के कारण	2009-10 के लिए लक्ष्य	उपलब्धियां 2009-10 (31.12.09 तक)	वास्तविक प्रदर्शन की समीक्षा	2010-11 के लिए लक्ष्य
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1.	विदेशी यात्रा खर्च	-	-	-	-	-	प्रशासनिक खर्च	
2.	(i) भारत के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह सहित भारत तथा विदेश में फिल्म समारोहों के जरिए निर्यात संवर्धन	01	01	शून्य	01	01	शून्य	(01)
3.	(i) विदेशी फिल्म समारोहों में भागीदारी	45	51	शून्य	45	24	-	45
	(ii) भारतीय पैनोरमा	01	01	शून्य	01	01	शून्य	01
4.	फिल्म समारोह परिसर— फेरबदल और संयोजन	आने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2010 को देखते हुए सुविधाओं में सुधार	कार्य प्रगति पर	शून्य	राष्ट्रमंडल खेल 2010 को ध्यान में रखकर सिरीफोर्ट ऑडियोरियम में सुविधांए	कार्य प्रगति पर	टेंडर के लिए प्रशासनिक अनुमति जारी	राष्ट्रमंडल खेल 2010 से पहले सभी कार्य पूर्ण करना
5.	प्रिंट यूनिट का उन्नयन	फिल्मों का डिजिटलीकरण	शून्य	योजना आयोग से सैद्धांतिक मंजूरी मिलने की प्रतीक्षा	डीवीडी प्लेयर, रिकार्डर इत्यादि उपकरणों की खरीद	उपकरण खरीदने के लिए अनमिति प्रदान।	2009-10 के लक्ष्य पूरे किए जाएंगे।	2007 भारतीय पैनोरमा फिल्मों का डिजिटलीकरण तथा यू मेटिक प्लेयर डीजीपी बीटा प्लेयर, एसपी प्लेयर आदि की खरीद

गैर योजना

2008-09 तथा 2009-10 (31.12.2009 तक)

क्र. सं.	स्कीम का नाम	2008-09 के लिए लक्ष्य	उपलब्धियां 2008-09	कमी के कारण	2009-10 के लिए लक्ष्य	उपलब्धियां 2009-10 (31.12.09 तक)	वास्तविक प्रदर्शन की समीक्षा	2010-11 कं लिए लक्ष्य
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1.	सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत फिल्म समारोह	12	15	-	12	10	-	12
2.	राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार	1	1	-	1	1	-	1

फिल्म प्रभाग

पूर्व प्रदर्शन की समीक्षा

1. न्यूज़ मैगज़ीनों सहित वृत्त चित्रों के निर्माण के संबंध में फिल्म प्रभाग का प्रदर्शन इस प्रकार है :

2007-08	उपलब्धियां 2008-09	लक्ष्य 2009-10	उपलब्धियां 2009-10 अप्रैल, 2009 से दिसंबर 2009 तक
I. **फिल्म प्रभाग में ही निर्माण कार्य** अ. गैर-योजना (i) न्यूज मैगजीन	15		10
(ii) वृत्तचित्र सिनेमा रिलीज	17	26	20
(iii) वृत्तचित्र गैर-सिनेमा रिलीज	18	10	09
(iv) प्रशिक्षण-शिक्षण एवं शिक्षा संबंधी फिल्में	—	—	—
II. बाहरी निर्माताओं से कराए गए निर्माण	3	—	5
कुल	**53**	**36**	**44**
अन्य मंत्रालयों द्वारा वित्त पोषित फिल्में	—	—	—
बाहरी निर्माताओं के जरिए सीधे भुगतान आधार पर फिल्म निर्माण	8	—	3
जोड़	**61**	**36**	**47**

2. फिल्म प्रभाग वृत्तचित्र और न्यूज मैगजीनों का थियेट्रिकल और गैर-थियेट्रिकल वितरण करता है। थियेट्रिकल वितरण सिनेमा हॉलों के माध्यम से किया जाता है, जिन्हें जरूरी प्रदर्शन योजना के अधीन पारित फिल्में (609 मीटर अर्थात् 2001 फीट अधिकतम सीमा तक) प्रदर्शित करनी पड़ती हैं। विवरण नीचे दिए गए हैं :

प्रिंट एवं कैसेट की संख्या	**उपलब्धियां 2008-09**	**लक्ष्य 2009-10**	**उपलब्धियां 31-12-2009 तक**
थियेट्रिकल रिलीज	7917	14000	8214
गैर थियेट्रिकल रिलीज	121	—	66
बीटा (कलर)	3	5	3
डीवीडी (कलर	279	—	1575
वीसीडी (कलर)	5879	5500	2500

3. सिनेमा हाउस की संख्या जिन्हें प्रति सप्ताह पारित फिल्में सप्लाई की जाती हैं निम्न हैं:

2007-08	8038
2008-09	8007
2009-10	8219

